रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 28 जुलाई 2022 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 337 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज़

### कुलगाम मुठभेड़ में एक जवान शहीद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में बुधवार तड़के हुई मुठभेड़ में घायल हुए सेना के जवान की मृत्यु हो गई, जबकि आतंकवादी सुरक्षाबलों को चकमा देकर भागने में कामयाब रहे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि यारिपोरा के ब्राइहार्ड कठपोरा गांव में एक घर में दो आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों की एक संयुक्त टीम ने घेराबंदी एवं तलाश अभियान शुरू किया। उन्होंने कहा कि जब संयुक्त बल आतंकवादियों के छिपे होने वाले घर की चारों ओर से घेराबंदी कर रहे थे, तभी वहां छिपे हुए आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलियां चलानी शुरू कर दी।

### संघ, विहिप कार्यालय बम से उड़ाने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** विश्व हिन्दू परिषद और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यालयों को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले एक व्यक्ति को आज गिरफ्तार किया गया है। विहिप के झण्डेवाला देवी मंदिर स्थिति दिल्ली प्रांत कार्यालय में एक व्यक्ति लगभग दोपहर 12 बजकर 18 मिनट पर आकर प्रांत मंत्री सुरेन्द्र कुमार गुप्ता से कहने लगा -'पूरी बिल्डिंग बम से उड़ा दी जायेगी हमारे आका ने तय कर रखा है।'

# हरेली से मुख्यमंत्री महतारी न्याय रथ यात्रा की होगी शुरूआत

## महिलाओं को उनके अधिकारों और कानूनों के प्रति जागरूक करने राज्य महिला आयोग की नई पहल



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की पहल पर हरेली पर्व से प्रदेश की महिलाओं को उनके संवैधानिक अधिकारों और कानूनों की जानकारी देकर जागरूक करने और उनमें आत्मविश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री महतारी न्याय रथ यात्रा की शुरूआत की जाएगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हरेली के दिन मुख्यमंत्री महतारी न्याय रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह रथ सभी जिलों में भ्रमण कर लोगों को शॉर्ट फिल्मों, संदेशों और ब्रोशर के माध्यम से महिलाओं के कानूनी प्रावधानों और उनके संवैधानिक अधिकारों के बारे में अवगत कराएगा। मुख्यमंत्री महतारी न्याय रथ यात्रा राज्य महिला आयोग के माध्यम से संचालित की जाएगी। प्रत्येक महतारी न्याय रथ में 2 अधिवक्ता भी होंगे, जो महिलाओं की समस्याओं को सुनकर उन्हें जानकारी और सलाह देंगे। न्याय रथ के माध्यम से महिलाएं आवेदन भी दे सकेंगी, जिससे महिला आयोग द्वारा उनकी समस्याओं का निराकरण किया जा सके। एक बड़ी एलईडी स्क्रीन होगी, जिसमें छत्तीसगढ़ी और हिंदी भाषा में विभिन्न कानूनों संबंधित राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत लघु फिल्में दिखाई जाएंगी। महतारी न्याय रथ के संचालक के लिए प्रदेश सरकार ने डीएमएफ पॉलिसी में विशेष रूप से बदलाव किए हैं। न्याय रथ के संचालन के लिए जिले को मिलने वाली डीएमएफ राशि का उपयोग किया जाएगा। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने बताया कि शिक्षित, अशिक्षित, गृहणी, नौकरी कर रही सभी महिलाओं को महिला आयोग के कार्यों और महिलाओं के लिए बनाए गए कानूनों, नियमों और उनके अधिकारों को जानना बहुत जरूरी है। इसके लिए हरेली तिहार से मुख्यमंत्री महतारी न्याय रथ की शुरूआत की जा रही है। इन महतारी न्याय रथों के माध्यम से लोगों को बताया जाएगा कि महिलाएं अपनी समस्याओं के समाधान के लिए और निःशुल्क तथा त्वरित न्याय पाने के लिए किस तरह सरलता और सुगमता से महिला आयोग में आवेदन कर सकती हैं। यह रथ शुरूआत में खनिज न्यास निधि प्राप्त करने वाले नौ जिलों में पहले जाएगा, उसके बाद रथ प्रदेश के बाकी बचे जिलों के भ्रमण पर जाएगा। नायक ने कहा है कि छत्तीसगढ़ की माताओं और बहनों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने के लिए बीते साढ़े तीन वर्षों में राज्य सरकार ने विभिन्न स्तरों पर अनेक योजनाएं संचालित की हैं। हमारी इन योजनाओं की सफलता पूरे देश में उदाहरण बनी है। अब एक कदम और बढ़ते हुए एक और नयी योजना की शुरुआत की जा रही हैं। यह योजना भी देश में अपनी तरह की एकमात्र योजना होगी। इससे महिलाएं जागरूक होंगी और उनमें आत्मविश्वास बढ़ेगा। महिलाओं को कानूनी अधिकारों की जानकारी से राज्य में महिलाओं के साथ होने वाली अपराधों में कमी आएगी।

# अनियमित, संविदा, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के नियमितिकरण मामले में विपक्ष का हंगामा

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



वैशाली नगर से भाजपा विद्यारतन भसीन अनुपस्थिति में नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने अनियमित, संविदा, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के नियमितिकरण का मामला विधानसभा के छठवें दिन उठाया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जवाब से असंतुष्ट विपक्षी विधायकों ने जमकर हंगामा किया, इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत ने विस की कार्यवाही को पांच मिनट के लिए स्थगित कर दिया। नेता प्रतिपक्ष ने विधायक भसीन की जगह मुख्यमंत्री से पूछा कि प्रदेश में कार्यरत अनियमित, संविदा, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी को नियमित करने केलिए क्या कोई समिति का गठन किया गया है? यदि हॉं तो सदस्य कौन-कौन है, कब-कब बैठकें हुई है तथा समिति के द्वारा क्या अनुशंसाएं की गई है और उन पर क्या कार्यवाही की गई है? यदि अनुशंसा नहीं की गई है तो कब तक की जावेगी? मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बताया कि सामान्य शासन विभाग के आदेश क्रमांक एफ 12-1/2019/1-3, दिनांक 11.12.2019 द्वारा प्रमुख सचिव, वाणिज्य उद्योग तथा सार्वजनिक उपक्रम विभाग की अध्यक्षता में समिति गठित की गई है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि समिति की बैठक 09 जनवरी 2020 को संपन्न हुई है। समिति द्वारा बैठक में की गई अनुशंसा के अनुसार विभागों में पदस्थ अनियमित, दैनिक वेतनभोगी एवं संविदा पर कार्यरत कर्मचारियों की संख्या की पूर्व उपलब्ध औपचारिक जानकारी प्राप्त की जाये। विधि एवं विधायी कार्य विभाग का परामर्श/अभिमत प्राप्त किया जाए। पूर्व में गठित समिति द्वारा अब तक की गई कार्यवाही की जानकारी प्रस्तुत की जाए। समिति द्वारा की गई अनुशंसा अनुसार विभागों तथा उनके अधीनस्थ विभागाध्यक्ष कार्यालय/ निगम/मंडल/ आयोग/ संस्था आदि में पूर्व से कार्यरत अनियमित, दैनिक वेतनभोगी एवं संविदा पर कार्येरत कर्मचारियों की जानकारी चाही गई है।

### लोकसभा में बैकफुट पर आया विपक्ष

**नई दिल्ली।** लोकसभा में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा), द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) और तृणमूल कांग्रेस ने कांग्रेस के चार सदस्यों के निलंबन को वापस लेने की अपील करते कहा कि अब वे आसन के सम्मुख नहीं आयेंगे। एक बार के स्थगन के बाद दो बजे कार्यवाही शुरू होने के बाद पीठासीन अधिकारी रमा देवी ने नियम 377 के तहत मामले उठाने के लिए सदस्यों के नाम पुकारना शुरू कर दिया। राकांपा की सुप्रिया सुले ने अपील की कि कांग्रेस के चार सदस्यों को सत्रावधि के लिए निलंबित किया है। उनका निलंबन समाप्त करके सदन में वापस बुलाना चाहिए। सरकार महंगाई पर चर्चा के लिए तैयार है तो हम भी चर्चा में भाग लेना चाहते हैं। तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंद्योपाध्याय ने और द्रमुक के ए राजा ने भी कहा कि उन्हें खेद है कि कांग्रेस के सदस्यों ने आसन के सम्मुख आ कर अमर्यादित आचरण किया लेकिन उनका निलंबन समाप्त करके सदन में वापस लिया जाना चाहिए।

### पीवी सिंधु होंगी राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय दल की ध्वजवाहक



**बर्मिंघम।** ओलम्पिक पदक विजेता बैडमिंटन स्टार पी वी सिंधु बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय दल की ध्वजवाहक होंगी। स्टार एथलीट नीरज चोपड़ा के चोट के कारण इन खेलों से हट जाने के बाद सिंधु को यह जिम्मेदारी दी गयी है। ओलम्पिक स्वर्ण विजेता और विश्व चैंपियनशिप के रजत विजेता भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने चोट चिंताओं के कारण बर्मिंघम राष्टमंडल खेलों से हटने का फैसला किया था। नीरज को अमेरिका के यूजीन में विश्व चैंपियनशिप के दौरान हल्की चोट लगी थी और सोमवार को एम्आरआई स्कैन कराने के बाद उन्होंने राष्टमंडल खेलों से हटने का फैसला किया। नीरज ने भारतीय ओलम्पिक संघ (आईओए) से आग्रह किया था कि वह बर्मिंघम खेलों में भारतीय दल के ध्वजवाहक नहीं बन पाएंगे।

## महिला विश्व कप 2025 की मेज़बानी करेगा भारत

एजेंसी ➤ मुंबई
www.dailypioneer.com



भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 की मेज़बानी के अधिकार हासिल कर लिये हैं। भारत पांचवीं बार महिला विश्व कप की और 2013 के बाद पहली बार एकदिवसीय महिला विश्व कप की मेज़बानी करेगा। इससे पहले भारत ने 2016 में महिला टी20 विश्व कप की मेज़बानी की थी। बीसीसीआई ने यहां जारी बयान में कहा कि आईसीसी ने बर्मिंघम में हुई बैठक के बाद इसकी घोषणा की। विश्व कप 2025 का आयोजन भी 2022 के संस्करण की तरह ही होगा, जहां आठ टीमें विश्व कप की दावेदारी पेश करने के लिये कुल 31 मैच खेलेंगी। बीसीसीआई के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा कि हम आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 की मेजबानी करने के इच्छुक थे और हमें खुशी है कि हमने महिला कैलेंडर पर इस शीर्ष आयोजन के लिए मेजबानी के अधिकार जीते हैं। भारत ने 2013 में 50 ओवर के महिला विश्व कप की मेजबानी की और तब से इस खेल में जबरदस्त बदलाव आया है। महिला क्रिकेट की लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है और यह सही दिशा में उठाया गया कदम है। बीसीसीआई आईसीसी के साथ मिलकर काम करेगा और सभी जरूरतों को पूरा करेगा। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा कि हमें 2025 आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप की मेजबानी करते हुए खुशी हो रही है।

## कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले में भाजपा कार्यकर्ता की हत्या, तनाव

एजेंसी ➤ मेंगलरु
www.dailypioneer.com




कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले में भारतीय जनता युवा मोर्चा के एक नेता प्रवीण नेट्टारू की कल देर रात धारदार हथियारों से प्रहार कर हत्या कर दी गयी। इस घटना के बाद इलाके में तनाव व्याप्त हो गया और प्रशासन ने कडबा, पूट्टूर और सुल्लिया में धारा 144 के अन्तर्गत निषेधाग्या लागू कर दी है। इस मामले में आठ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने इलाके में दुकानें, व्यापारिक प्रतिष्ठान, होटल आदि बंद करा दिये हैं। वारदात के बारे में जानकारी के अनुसार प्रवीण बेल्लारे में मंगलवार की रात चिकन की दुकान बंद कर रहे थे कि इसी बीच वहां मोटर साइकिल पर कुछ अज्ञात व्यक्ति आये और उन पर हमला कर दिया। घटना की खबर मिलते ही पूरे इलाके में तनाव व्याप्त हो गया और बड़ी संख्या में लोग बेल्लारे थाने के सामने जमा हो गये। कई हिन्दूवादी संगठनों ने उस अस्पताल के सामने प्रदर्शन किया जहां प्रवीण का शव रखा गया था। पुट्टूर तालुका में कुछ लोगों ने घटना के विरोध कर्नाटक राज्य परिवहन निगम की एक बस पर पथराव किया। पुलिस ने शांति बनाये रखने के लिए विभिन्न इलाकों में दुकानें और व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद करवा दिये। विश्व हिन्दू परिषद ने सुलिया, कडबा और पुट्टूर में बुधवार को बंद का आह्वान किया।घटना के विरोध में वहां आज छिटपुट प्रदर्शन हुए। कुछ लोगों का कहना था कि प्रवीण नेट्टारु ने राजस्थान के उदयपुर में धार्मिक उन्मादियों के हमले में मारे गये दर्जी कन्हैया लाल को लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखा था। वे इस प्रवीण की हत्या को उसी घटना से जोड़कर कर देख रहे हैं।

## पाकिस्तानी ड्रोन ने अमृतसर के स्कूल में गिराई पांच किग्रा हेरोइन

एजेंसी ➤ अमृतसर
www.dailypioneer.com



पाकिस्तानी ड्रोन ने भारतीय क्षेत्र में तीन किलोमीटर अंदर घुसकर नेष्टा गांव के डीएवी पब्लिक स्कूल के मैदान में मंगलवार की देर रात हेरोइन की खेप गिराई। सूचना मिलते ही पुलिस ने छापामारी कर स्कूल के मैदान से पांच किलोग्राम हेरोइन बरामद कर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि इस मामले में कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि खुफिया शाखा को जानाकरी मिली थी कि कुछ भारतीय तस्कर पाकिस्तानी तस्करों के संपर्क में हैं। वह ड्रोन द्वारा मंगलवार की रात नेष्टा गांव में हेरोइन की खेप गिराने वाले हैं।




## कांग्रेसी नेताओं ने कहा हम शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन कर रहे थे लेकिन पुलिस उन्हें ले गई

# प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस के सांसदों को हिरासत में लिया

वार्ता ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय-ईडी के समक्ष पेशी के विरोध में कांग्रेसी सांसदों तथा नेताओं ने बुधवार को भी यहां प्रदर्शन किया जिन्हें पुलिस ने हिरासत में ले लिया। कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि पार्टी के सांसद और नेता शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन कर रहे थे लेकिन पुलिस उन्हें बसों में बिठाकर कहां ले गई है इसकी जानकारी किसी को नहीं है।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने इस कार्रवाई का विरोध करते हुए सवाल किया, सिलेंडर 1053 रुपए का क्यों। दही-अनाज पर जीएसटी क्यों? सरसों का तेल 200 रुपए क्यों। महंगाई और बेरोज़गारी पर सवाल पूछने के अपराध में 'राजा' ने 57 संसदों को गिरफ़्तार और 23 संसदों को निलंबित किया। राजा को लोकतंत्र के मंदिर में सवाल से डर लगता है, पर तानाशाहों से लड़ना हमें बखूबी आता है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) सरकार प्रतिशोध की राजनीति का खुलेआम प्रदर्शन कर रही है और अधिकारों की बात करने तथा सरकार की नीति पर सवाल उठाने वालों की आवाज दबाने का काम कर रही है। रमेश ने प्रदर्शकारी सांसदों को हिरासत में लेने की जानकारी देते हुए कहा कि तीसरे दिन, विजय चौक पर कानून का पालन करते हुए और शांतिपूर्ण ढंग से विरोध प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस सांसदों को भगवान जाने (और प्रधानमंत्री, गृह मंत्री जाने) कहां ले जाया जा रहा है। ऐसा करके भारत में लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है।

### सोनिया से पूछताछ के विरोध में युवा कांग्रेस का धरना

**जालंधर।** नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से पूछताछ के विरोध में युवा कांग्रेस ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) दफ्तर के समक्ष धरना दिया। कूल रोड स्थित ईडी दफ्तर के बाहर पंजाब युवा कांग्रेस के प्रधान बरिंदर सिंह ढिल्लों, जिला प्रधान शहरी अंगद दत्ता और देहाती इकाई के प्रधान हनी जोशी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा नीत सरकार ईडी को निजी हितों के लिए इस्तेमाल कर रही है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि राजनीतिक रंजिश के तहत विपक्षी दलों को परेशान किया जा रहा है। युवा कांग्रेस के नेताओं के साथ जिला कांग्रेस के प्रधान बलराज ठाकुर और देहाती इकाई के प्रधान दर्शन सिंह टाहली भी मौजूद रहे।

# कांग्रेस कर रही है, 'असत्य के लिए दुराग्रह' : जेपी नड्डा

वार्ता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कांग्रेस के नेताओं के कथित भ्रष्टाचार की जांच के खिलाफ धरना प्रदर्शन को सत्याग्रह की जगह 'असत्य के लिए दुराग्रह' करार दिया और कहा कि आरोपों का कानूनी ढंग से मुकाबला करने की बजाय जांच के विरोध में सड़क पर उतरना दर्शाता है कि वह कानूनी रूप से कमज़ोर है। नड्डा ने संसद भवन परिसर में मीडिया से बातचीत में कहा कि कांग्रेस पार्टी आज अपने शीर्ष नेतृत्व के भ्रष्टाचार की हो रही जांच के खिलाफ जो धरना-प्रदर्शन कर रही है, वह सत्याग्रह नहीं है बल्कि असत्य के लिए दुराग्रह है। वास्तविकता यह है कि कांग्रेस पार्टी सत्य पर ग्रहण लगाने की नापाक कोशिश कर रही है। यदि कोई व्यक्ति किसी भी जांच एजेंसी की कार्रवाई से संतुष्ट नहीं है, तो इसके लिए न्यायालय का दरवाजे हमेशा खुले हैं। जांच एजेंसियों के खिलाफ सड़कों पर उतरना और भ्रष्टाचार के खिलाफ जांच का विरोध करना - कहीं ना कहीं यह दर्शाता है कि भ्रष्टाचार के मामले के आरोपी कानूनी लड़ाई में स्पष्ट रूप से कमजोर हैं।



भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की शक्तियों को लेकर दायर याचिका पर अभी-अभी उच्चतम न्यायालय का फैसला आया है। सर्वोच्च अदालत ने प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट और ईडी के न्यायिक अधिकार क्षेत्र को सही ठहराया है और उसे बरकरार रखा है। हम न्यायालय का सम्मान करते हैं। हम देश के संविधान एवं कानून का सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि हजारों करोड़ रुपये के नेशनल हेराल्ड भ्रष्टाचार मामले में ईडी द्वारा श्रीमतीसोनिया गाँधी से पूछताछ की जा रही है तो कांग्रेस इसके विरोध में तथाकथित सत्याग्रह कर रही है। यह एक परिवार को बचाने का कुत्सित प्रयास है। यह सब धरना-प्रदर्शन केवल एक परिवार को बचाने का राजनीतिक अभियान चल रहा है। कांग्रेस पार्टी जाँच एजेंसियों पर जो सवाल उठा रही है और जिस तरह से सड़क पर भ्रष्टाचार के समर्थन में धरना-प्रदर्शन कर रही है, वह कहीं से भी उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि यह सर्वविदित है कि नेशनल हेराल्ड मामले में करोड़ों रुपए का घोटाला हुआ है। इससे जुड़े लोगों को जांच एजेंसी के सामने जबाव देना चाहिए। यह उनकी जिम्मेदारी है। लेकिन यह गाँधी परिवार अपने आप को देश और कानून से ऊपर समझता है। यदि कोई इस बारे में उनसे सवाल पूछे तो उन्हें नागवार गुजरता है। उनसे सवाल करने की कोई हिमाकत करे, तो यह गाँधी परिवार स्वीकार नहीं करता है। नड्डा ने कहा कि देश संविधान से चलता है। कानून अपना काम कर रहा है। कानून के सामने अपनी बात रखना, किसी भी व्यक्ति का अधिकार है लेकिन कांग्रेस पार्टी द्वारा नेशनल हेराल्ड भ्रष्टाचार की जांच के खिलाफ धरना-प्रदर्शन, कांग्रेस और एक परिवार (गाँधी परिवार) द्वारा खुद को कानून से उपर समझने का कुत्सित प्रयास है। यह इस देश में चलने वाला नहीं है। कानून एवं नियम सबके लिए बराबर होते हैं। नियम एवं कानून का पालन करना और जांच एजेंसियों के साथ सहयोग करना, उनके सवालों के जबाव देना सबकी जिम्मेवारी भी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और गाँधी परिवार को भी नियम और कानून के अनुसार चलना चाहिए और जाँच एजेंसियों के सवाल का जबाव देना ही चाहिए। देश में कोई व्यक्ति या संस्थान जांच एजेंसी का दुरुपयोग कैसे कर सकता है? ईडी एक स्वतंत्र एजेंसी है और अपने ढंग से काम करती है। कोई भी जांच एजेंसी कानून के दायरे में काम करती है।

## एसएससी घोटाला : ईडी के समक्ष पेश हुए बंगाल प्राथमिक शिक्षा बोर्ड के पूर्व प्रमुख

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के विधायक एवं राज्य माध्यमिक शिक्षा नियामक संस्था के पूर्व अध्यक्ष माणिक भट्टाचार्य स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) भर्ती घोटाले की जांच कर रही केंद्रीय एजेंसी के समन के बाद बुधवार को यहां प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए। भट्टाचार्य को हाल ही में एक अदालत के आदेश के बाद पश्चिम बंगाल प्राथमिक शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष पद से हटा दिया गया था। ईडी ने पिछले शुक्रवार को प्राथमिक और माध्यमिक सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों के शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की भर्ती से संबंधित कथित घोटाले के मद्देनजर राज्य में 14 स्थानों पर तलाश अभियान चलाया था।

पूर्व शिक्षा मंत्री और वर्तमान में उद्योग मंत्री पार्थ चटर्जी को कथित घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है, जिसमें उनके एक 'करीबी सहयोगी' अर्पिता मुखर्जी के आवास से अन्य कीमती सामानों के अलावा 21.90 करोड़ रुपये से अधिक नकदी मिली है। तलाशी के स्थानों में भट्टाचार्य का आवास भी शामिल है।

# बाबा बर्फानी के दर्शनार्थ श्रद्धालुओं का नया जत्था रवाना

एजेंसी ‹ श्रीनगर
www.dailypioneer.com

जम्मू कश्मीर के पहलगाम और बालटाल दोनों मार्गों से अमरनाथ तीर्थयात्रियों के पांच हजार लोगों का नया जत्था पवित्र गुफा में बाबा बर्फानी के दर्शन करने के लिए बुधवार को रवाना हुआ। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि आज सुबह 11 बजे तक 3225 यात्रियों ने बाबा बर्फानी के दर्शन किये। उन्होंने कहा कि 30 जून से तीर्थयात्रा शुरू होने के बाद से अब तक गुफा मंदिर में पूजा करने वालों की कुल तीर्थयात्रियों की संख्या 2,79,047 तक पहुंच गयी है। आज शुष्क मौसम और आंशिक रूप से बादल छाए रहने के बीच श्रद्धालुओं के नए जत्थों को दक्षिण कश्मीर में पारंपरिक नुनवान पहलगाम आधार शिविर और गंदेरबल जिले के दुमैल के सबसे छोटे मार्ग बालटाल से पवित्र गुफा की ओर आगे बढ़ने की अनुमति दी गई। इससे पहले दिन में 578 महिलाओं, तीन साधुओं और 29 बच्चों सहित 1455 तीर्थयात्री बालटाल से दुमैल होते हुए पवित्र गुफा में स्वनिर्मित हिम शिवलिंग के दर्शन करने के लिए रवाना हुए। इसके अलावा आज सुबह 11 बजे तक 551 तीर्थयात्रियों को भी बालटाल से पवित्र गुफा में पूजा-अर्चना करने के लिए हेलीकॉप्टर से पहुंचाया गया।



करीब 3,500 से अधिक तीर्थयात्रियों को पहलगाम में पारंपरिक नुनवान आधार शिविर से और दक्षिण कश्मीर में चंदनवाड़ी तथा पंजतरणी के पड़ाव पर जाने की अनुमति दी गई। कश्मीर मौसम के बारे में पूर्वानुमान में बताया गया है कि पवित्र गुफा की ओर जाने वाले पहलगाम और सोनमर्ग दोनों मार्गों पर बारिश हो सकती है। दोपहर से शाम के बीच भी तेज बारिश होने का अनुमान जताया गया है। मंगलवार को गुफा मंदिर के पास भारी बारिश होने के कारण अमरनाथ यात्रा दोपहर में कुछ समय के लिए अस्थायी रूप से रोक दी गई थी। भारी बारिश होने के कारण अचानक बाढ़ आ गई थी। जिसके कारण अधिकारियों को स्थिति संभालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। अधिकारियों ने अलर्ट जारी किया और लगभग 4,000 तीर्थयात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया। मौसम में सुधार होने के तुरंत बाद यात्रा को फिर से बहाल कर दिया गया।

# लालू के करीबी पूर्व विधायक भोला यादव के चार ठिकानों पर सीबीआई की छापेमारी

एजेंसी ‹ पटना
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के हनुमान कहे जाने वाले पूर्व विधायक भोला प्रसाद यादव के चार ठिकानों पर आज केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की टीम एक साथ छापेमारी कर रही है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को छापेमारी की पुष्टि की है। यादव के दरभंगा जिले के पैतृक घर कपछाही और बहादुरपुर थाना क्षेत्र के भैरोपट्टी मोहल्ला स्थित आवास पर एक साथ छापेमारी चल रही है। आयकर विभाग



की सात सदस्यीय टीम की ओर से यह कार्रवाई की जा रही है। यादव राजद के उन नेताओं में शामिल हैं, जिन्हें राजद अध्यक्ष का बेहद करीबी माना जाता है। इसलिए, उन्हें राजद अध्यक्ष का हनुमान भी कहा जाता है।

## पश्चिमी राजस्थान में मानसून अति सक्रिय

**पुणे।** दक्षिण-पश्चिम मॉनसून पश्चिमी राजस्थान में अति सक्रिय रहा जबकि जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, तटीय आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु पर सक्रिय रहा। केरल में मानसून कमजोर रहा। उत्तराखंड, पूर्वी मध्य प्रदेश, विदर्भ, पश्चिम राजस्थान, पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल के पर्वतीय क्षेत्र, सिक्किम, असम, मेघालय, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, रायलसीमा, तमिलनाडु, तटीय आंध्र प्रदेश और यनम में अलग-अलग स्थानों पर मंगलवार को 0830 बजे से बुधवार को 0830 बजे के बीच आंधी-तूफान के साथ बारिश हुयी।

# मिथुन चक्रवर्ती का दावा- टीएमसी के 38 विधायक भाजपा के संपर्क में, 21 से मेरी हो रही बात

एजेंसी ‹ कोलकाता
www.dailypioneer.com

बीते साल विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा के जरिए बंगाल की राजनीति में एंट्री करने वाले मिथुन चक्रवर्ती ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने दावा किया है कि टीएमसी के 38 विधायक भाजपा के संपर्क में हैं। यही नहीं उन्होंने कहा कि 21 विधायक तो सीधे मेरे संपर्क में हैं। उनके दावे के बाद बंगाल की राजनीति में कयासों का दौर तेज हो गया है। मिथुन चक्रवर्ती ने कहा कि यदि टीएमसी के लोग कहते हैं कि हम जनता के प्यार से जीते हैं तो फिर डर किस बात का है।

**महाराष्ट्र में सत्ता बदल सकती है तो फिर बंगाल में क्यों नहीं?**– मीडिया से बात करते हुए



मिथुन चक्रवर्ती ने कहा, मैं आपको एक ब्रेकिंग न्यूज दे रहा हूं। तृणमूल के 38 विधायक बीजेपी के संपर्क में हैं। उनमें से 21 मेरे सीधे संपर्क में हैं। उन्होंने कहा कि जब मैं बंबई में था। एक सुबह मैं उठा और सुना कि भाजपा शिवसेना की सरकार बनेगी। अगर यह महाराष्ट्र में किया जा सकता है तो यहां क्यों नहीं किया जा सकता है? हालांकि मिथुन के दावे को सही भी मान लें तो 38 टीएमसी विधायकों के भाजपा में आने से भी सरकार नहीं बनेगी। भाजपा के फिलहाल राज्य में 69 विधायक हैं और 38 और विधायक मिलने के बाद यह आंकड़ा 107 का हो जाएगा।

**मिथुन बोले- भाजपा के खिलाफ दुष्प्रचार, कहीं नहीं होने दिया दंगा-** इसके बाद भी भाजपा सरकार नहीं बना सकेगी। राज्य में सत्ता में आने के लिए जादुई आंकड़ा 144 का है। ऐसे में इन विधायकों के टूटने के बाद भी उसे 37 और विधायकों की जरूरत होगी। मिथुन चक्रवर्ती ने कहा कि टीएमसी नेताओं का मतलब चोर है। जनता उन्हें वोट देकर लाई थी।

# खंडवा में तीन सगी बहनों के शव पेड़ पर फंदे से लटके मिले

वार्ता ‹ खण्डवा
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के खण्डवा जिले के आदिवासी बहुल ग्राम में एक आदिवासी परिवार की तीन सगी बहनों ने पेड़ से एक ही रस्सी से लटककर आत्महत्या कर ली।



एडिशनल एसपी सीमा अलावा ने बताया कि खण्डवा के समीपस्थ थाना जावर के अंतर्गत ग्राम कोठाघाट में आदिवासी हरलीबाई जामसिंह मुजाल्दे अपने परिवार के साथ रहती है जिसमें 5 बेटियां और 3 बेटे है। कल रात घर में हरलीबाई उसका बेटा भुरू और उसकी पत्नी, छोटा बेटा रवि (12) और तीन बेटियां सनू (23), सावित्री (20) और ललिता (19) घर में खाना खाने के बाद सो गई थी। इसके बाद रात में हरलीबाई की नींद खुली तो उसने दूसरे कमरे में जाकर देखा तो तीनो बेटियां गायब थी। कमरे की बाहर से कुण्डी लगी हुई थी और आसपास कहीं कोई नज़र नहीं आ रहा था। वह रात में टोर्च लेकर निकली तो करीब ही एक नीम के पेड़ से तीनो बहने एक ही रस्सी से गले में फन्दा डालकर लटकी हुई थी। इस बीच शोर मचाया तो गांव के और भी लोग आये। पुलिस को सूचना देने के बाद तीनो शवों को पेड़ से उतारा गया। पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने बताया कि अभी जो शॉर्ट रिपोर्ट आयी है उसमें आत्महत्या बनाया गया है। एंटी मार्टम हैगिंग यानी मारने के बाद लटकाए जाने की कोई आशंका नहीं है। उन्होंने बताया कि शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं है और न ही उनके साथ किसी दुष्कृत्य का कोई साक्ष्य मिला है। उन्होंने बताया कि यह जानकारी अस्पताल के चिकित्सकों ने बताया है, विस्तार से पोस्टमार्टम की रिपोर्ट कल तक मिलने की संभावना है। उन्होंने बताया कि पुलिस अब आत्महत्या के कारण का पता लगाने में जुटी है। बताया गया कि तीनो बहनो मोटरसाईकल से वह कल बाजार गयी थी और शाम को घर आ गई थी। परिजनों ने साथ में खाना खाया। जब उसकी माँ ने दस बजे उठी तो बाहर से कुण्डी लगी थी उसने भुरू को जगाया और पीछे के दरवाजे से निकलकर बाहर देखा तो टॉर्च के उजाले में वे तीनो नीम के पेड़ पर लटकी दिखी। उन्होंने बताया कि रस्सी नई थी, पूरे मामले की जाँच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि क्या कारण रहा।

# आत्मनिर्भरता के साथ सीमा पर बढ़ेगी ताकत 29 हजार करोड़ रुपये की रक्षा खरीद को मंजूरी

एजेंसी ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की तरफ महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए भारत ने सशस्त्र ड्रोन स्वार, कार्बाइन और बुलेट-प्रूफ जैकेट सहित 28,732 करोड़ रुपये की रक्षा खरीद को मंजूरी दे दी है। इसे देश में डिजाइन और विकसित किया जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को मामले की जानकारी दी। क्लोज-क्वार्टर कार्बाइन स्ट सहित भारत की सीमाओं पर तैनात अग्रिम पंक्ति के सैनिकों के लिए होगी। रक्षा मंत्रालय ने उत्तरी और पश्चिमी सीमाओं पर सैन्य बलों की युद्धक क्षमता को मजबूत करने के लिए मंगलवार को 28,000 करोड़ रुपये के स्वार्म ड्रोन, क्लोज क्वार्टर कार्बाइन समेत अन्य सैन्य उपकरणों और हथियारों की खरीद को मंजूरी दे दी।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली रक्षा खरीद परिषद (डीएसी) ने इन प्रस्तावों को मंजूरी दी। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सशस्त्र बलों के 28,732 करोड़ रुपये के पूंजीगत खरीद प्रस्तावों के लिए स्वीकृति की आवश्यकता (एओएन) को डीएसी ने मंजूरी दे दी है।



पूर्वी लद्दाख में भारत की चीन के साथ लगी सीमा पर दो साल से अधिक समय से जारी गतिरोध के बीच नए खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। मंत्रालय ने कहा कि पारंपरिक और हाइब्रिड युद्ध के मौजूदा जटिल प्रतिमान का मुकाबला करने के लिए चार लाख क्लोज क्वार्टर बैटल कार्बाइन खरीदने की स्वीकृति दी गई है।

**आत्मनिर्भरता की तरफ और बढ़े कदम** – बयान में कहा गया, यह कदम भारत में छोटे हथियार निर्माण उद्योग को एक बड़ा प्रोत्साहन प्रदान करने और छोटे हथियारों के निर्माण में आत्मनिर्भरता को बढ़ाएगा। मंत्रालय ने कहा कि नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर तैनात हमारे सैनिकों के समक्ष दुश्मन के खतरे के चलते सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, और आतंकवाद विरोधी परिदृश्य में कॉम्बैट अभियानों के मद्देनजर डीएसी ने भारतीय मानक बीआईएस-छह स्तर की सुरक्षा के साथ बुलेटप्रूफ जैकेट के लिए एओएन को मंजूरी दी। सशस्त्र स्वार्म ड्रोन के बारे में मंत्रालय ने कहा कि इनकी खरीद इसलिए की जा रही है क्योंकि ड्रोन तकनीक सैन्य अभियानों में सुरक्षा बलों की ताकत बढ़ाने वाली साबित हुई है। मंत्रालय ने कहा कि दुनिया भर में हाल के संघर्षों में ड्रोन तकनीक सैन्य अभियानों में सुरक्षा बलों की ताकत बनी है। इसलिए, आज के समय के युद्ध में भारतीय सेना की क्षमता को बढ़ाने के लिए डीएसी द्वारा (भारतीय-आईडीडीएम) श्रेणी के तहत निगरानी और सशस्त्र ड्रोन स्वार्म की खरीद के लिए एओएन की स्वीकृति दी गई है। डीएसी ने भारतीय उद्योग के माध्यम से कोलकाता श्रेणी के जहाजों पर बिजली उत्पादन के लिए 1,250-किलोवाट क्षमता वाले उन्नत समुद्री गैस टर्बाइन जनरेटर की खरीद को लेकर नौसेना के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। मंत्रालय ने कहा, इससे गैस टर्बाइन जनरेटर के स्वदेशी निर्माण को बढ़ावा मिलेगा।

## प्राथमिकता से सुनिश्चित करेंगे किसान कल्याण : शिवराज

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि राज्य सरकार ने किसानों के आर्थिक उन्नयन के लिए अनेक कदम उठाए हैं। भविष्य में भी प्राथमिकता के साथ किसान-कल्याण सुनिश्चित किया जाएगा।



आधिकारिक जानकारी के अनुसार चौहान से आज निवास पर भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधि मंडल ने भेंट की। प्रतिनिधि मंडल ने राज्य शासन के मूंग खरीदी सहित अन्य किसान हितैषी निर्णयों के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए उनका अभिनंदन किया। प्रतिनिधि मंडल ने किसानों के कल्याण के संबंध में सुझाव-पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री ने भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि प्रदेश के किसानों के हित में संचालित योजनाओं की सतत समीक्षा का क्रम भी जारी रहेगा। श्री चौहान से भेंट करने वालों में भारतीय किसान संघ के अध्यक्ष कमल सिंह आंजना, क्षेत्र संगठन मंत्री महेश चौधरी, प्रदेश इकाई के महामंत्री चंद्रकांत गौर, प्रांत संगठन मंत्री मनीष शर्मा और अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मोदी सरकार की जॉब रिपोर्ट : 8 साल, 22 करोड़ आवेदन, 7.22 लाख को मिली नौकरी

एजेंसी ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

केंद्र की मोदी सरकार ने बुधवार को संसद को बताया कि पिछले 8 सालों में केवल 7.22 लाख लोगों को सरकारी नौकरी मिली है। हालांकि इस दौरान नौकरी के लिए 22 करोड़ से भी ज्यादा आवेदन मिले। लोकसभा में तेलंगाना कांग्रेस सांसद ए रेवंत रेड्डी के प्रश्न के लिखित उत्तर में कार्मिक राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने यह जानकारी दी। रेड्डी ने वर्ष 2014 से अब तक केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में स्थायी नौकरी पाने वाले लोगों का ब्यौरा मांगा था।

उन्होंने लोकसभा को बताया कि वर्ष 2014 से 2022 के दौरान केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में नियुक्ति के लिये 22.05 करोड़ आवेदन प्राप्त हुए और भर्ती एजेंसियों द्वारा 7.22 लाख अभ्यर्थियों की भर्ती की अनुशंसा की गई है। मंत्री ने बताया कि वर्ष 2014 से अब तक केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में नियुक्ति के लिये भर्ती एजेंसियों द्वारा अनुशंसित अभ्यर्थियों की



संख्या 7,22,311 है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 के बाद से अब तक 22,05,99,238 आवेदन प्राप्त हुए थे।

सिंह द्वारा निचले सदन में पेश किये गए आंकड़ों के मुताबिक, 2021-22 में 1,86,71,121 आवेदन, 2020-21 में 1,80,01,469 आवेदन, 2019-20 में 1,78,39,752 आवेदन, 2018-19 में 5,09,36,479 आवेदन, 2017-18 में 3,94,76,878 आवेदन, 2016-17 में 2,28,99,612 अवदेन, 2015-16 में 2,95,51,844 आवेदन और 2014-15 में 2,32,22,083 आवेदन प्राप्त हुए।

जितेन्द्र सिंह ने कहा कि रोजगार सृजित करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने देश में रोजगार सृजन करने के लिये कई कदम उठाये हैं। वर्ष 2021-22 के बजट में 1.97 लाख करोड़ रूपये के परिव्यय के साथ 5 वर्षों की अवधि के लिये उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाएं शुरू की गई हैं। उन्होंने बताया कि भर्ती एजेंसियों द्वारा 2021-22 में 38,850 अभ्यर्थियों, 2020-21 में 78,555 अभ्यर्थियों, 2019-20 में 1,47,096 अभ्यर्थियों की, 2018-19 में 38,100 अभ्यर्थियों, 2017-18 में 76,147 अभ्यर्थियों, 2016-17 में 1,01,333 अभ्यर्थियों, 2015-16 में 1,11,807 अभ्यर्थियों और 2014-15 में 1,30,423 अभ्यर्थियों की भर्ती की अनुशंसा की गई।

## भारत, जीसीसी के बीच वित्त वर्ष 2021-22 में हुआ 154.66 अरब डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार

**नई दिल्ली।** भारत और खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के बीच वित्त वर्ष 2021-22 में 77.06 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 154.66 अरब डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार हुआ। वित्त वर्ष 2020-21 में 87.35 अरब डॉलर का व्यापार हुआ था। केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने मंगलवार को लोकसभा में लिखित जवाब में यह जानकारी दी। वित्त वर्ष 2017-18 से चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर के आधार पर भारत और जीसीसी के बीच द्विपक्षीय व्यापार में 10.57 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। डायरेक्टरेट जनरल ऑफ कामर्शियल इंटेलिजेंस एंड स्टैटिस्टिक्स (डीजीसीआईएस) के आंकड़ों के अनुसार भारत ने वित्त वर्ष 2021-22 में बहरीन को 0.90 अरब डॉलर, कुवैत को 1.24 अरब डॉलर, ओमान को 3.15 अरब डॉलर, कतर को 1.84 अरब डॉलर, सऊदी अरब को 8.76 अरब डॉलर और संयुक्त अरब अमीरात को 28.04 अरब डॉलर का निर्यात किया है।

JANA SMALL FINANCE BANK
(A scheduled commercial bank)

पंजीकृत कार्यालय : दि फेयरवे, भू तल एवं प्रथम तल, सर्वे नंबर 10/1, 11/2 एवं 12/2बी, ऑफ डोमलूर, कोरमंगला इनर रिंग रोड, ईजीएल बिजनेस पार्क से सटा, चाल्लाघट्टा, बेंगलुरू–560071. शाखा कार्यालय : कृष्णा कॉम्प्लेक्स, अरबिन्दो नेत्रालय के सामने, मेन रोड, सदर बाजार, रायपुर–492001

सरफासी ऐक्ट, 2002 की धारा 13(2) के तहत मांग सूचना

जबकि आप निम्नवर्णित कर्जदारों, सह–कर्जदारों, गारंटरों तथा बंधकदाताओं ने जन स्माल फाइनैंस बैंक लिमिटेड से अपनी अचल सम्पत्तियों के बंधक के ऐवज में ऋण प्राप्त किए थे। आप सभी के द्वारा चूक के परिणामस्वरूप, आपका ऋण खाता अनार्जक आस्ति के रूप में सूचीबद्ध किया जा चुका है। जबकि जन स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड ने प्रतिभूत लेनदार के रूप में अधिनियम के तहत और उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 2 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मांग सूचना जारी की थी, जिसमें कालम नंबर 2 में वर्णित कर्जदारों/सह–कर्जदारों/गारंटरों/बंधकदाताओं से सूचनाओं में वर्णित राशि सूचना की तिथि से 60 दिन के भीतर चुकाने की मांग की गई थी, परंतु ये सूचनाएं, विभिन्न कारणों से, उन्हें सुपुर्द नहीं की जा सकी थीं।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर/बंधकदाता का नाम | ऋण खाता सं. एवं ऋण राशि | प्रवर्तित की जाने वाली प्रतिभूति का विवरण | एनपीए की तिथि और मांग सूचना की तिथि | ....तक बकाया राशि रू. में दिनांक 14–07–2022 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1) श्री कन्हैया पटेल, पुत्र दशरथ पटेल, 2) श्रीमती लक्ष्मी प्रसाद पटेल पुत्र दशरथ पटेल 3) श्री दशरथ पटेल पुत्र घनाराम पटेल | ऋण खाता सं. 31929420000110ऋण राशि रू. 8,09,353/- | अचल सम्पत्ति : सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति भूमि खसरा नंबर 1088/2, कुल परिमाप क्षेत्रफल 2180 वर्ग फीट (202.602 वर्ग मीटर), स्थित ग्राम लोफांडी, पीएच नंबर 15/2, आरएनएम बिलासपुर, ब्लॉक बिल्हा, तहसील एवं जिला बिलासपुर (छत्तीसगढ़) चौहद्दी : पूरब : जनकू की भूमि, पश्चिम : गली, उत्तर : श्रवण की भूमि तथा दक्षिण : विक्रेता की बाकी भूमि | 02–07–2022 एवं 16–07–2022 | तक रू. 8,32,213.64/– (रूपए आठ लाख बत्तीस हजार दो सौ तेरह तथा पैसे चौंसठ मात्र) |

अतएव कालम नंबर 2 में वर्णित कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर एवं बंधकदाता से सभी संबंधित कर्जदार/सह–कर्जदार के नाम के सामने कालम नंबर 6 में दर्शाई गई कुल योग राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन के 60 दिन के भीतर करने की मांग की जाती है, जबकि उक्त राशि संबंधित ऋण खाते में कालम नंबर 6 में वर्णित तिथि तक बकाया पाई गई है। यह स्पष्ट किया जाता है कि यदि कुल योग राशि उस पर भुगतान की तिथि तक भावी ब्याज और अन्य देय होने वाली राशियों सहित चुकता नहीं की जाती है, तो जन स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड कालम नंबर 4 में वर्णित सम्पत्तियों पर प्रतिभूति हित के प्रवर्तन हेतु उपयुक्त कार्यवाही करने हेतु बाध्य होगा। कृपया नोट करें कि यह प्रकाशन उक्त राशियों के कर्जदारों/सह–कर्जदारों/गारंटरों/बंधकदाताओं के विरूद्ध जन स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड के पास विधि के अधीन उपलब्ध अधिकारों तथा उपायों को प्रतिकूल प्रभावित किए बिना जारी की जा रही है। इसके अतिरिक्त, आपसेयह नोट करने का अनुरोध है कि उक्त अधिनियम की धारा 13 (13) के अनुसार, आप प्रतिभूत लेनदार की पूर्व सहमति के बिना उपरोक्त प्रतिभूति का निपटान अथवा के संबंध में कोई संव्यवहार प्रतिभूति आस्ति की बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से नहीं कर सकते हैं।

तिथि : 27–07–2022, स्थान : बिलासपुर (सी.जी.) हस्ता./–, प्राधिकृत अधिकारी, वास्ते जन स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड

# लाखों खर्च करने के बावजूद नरवा योजना हो रही फेल

## वन विभाग के सारे चेक डेम बन रहे गुणवत्ताहीन



पायनियर संवाददाता ◄ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

शासन की महत्वपूर्ण नरवा योजना में वन विभाग के द्वारा जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। इस योजना के तहत लाखों की लागत से नदी नालों में चेक डेम बनाने का कार्य वन विभाग कर रही है, लेकिन इनके कार्यो में गुणवत्ता नही होने के चलते ये लाखों रुपये के चेक डेम पानी मे बह रहे है। वहीं इस कार्य मे लगे मजदूरों को अब तक मजदूरी का भुगतान नही किया गया है। मजदूरों ने जल्द भुगतान न होने पर आंदोलन की बात कही है। यह मामला कोरर वन परिक्षेत्र का हैं। कार्य की मॉनिटरिंग कर रहे अधिकारियों का कहना है कि मजदूरी के लिए 3 लाख रुपये जारी हुए हैं। व्हाउचर कार्यालय में जमा हो गया है चेक कटते ही सबका भुगतान हो जाएगा। ज्ञात हो कि कांकेर वनमण्डल के कोरर वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम रानडोंगरी के गावड़े पारा में वन विभाग के द्वारा 14 लाख की लागत से चेक डैम बनाया है। इसकी गुणवत्ता इतनी खराब है कि पहली ही बारिश में ही चेक डेम बहने लगा है। डेम के साइड वाल में ठीक से पिचिंग नहीं की गयी है और बेस भी ठीक से नहीं किया गया है जिसके चलते मिट्टी का कटाव हुआ और पानी रिसने लगा। जिस उद्देश्य की पूर्ति हेतु शासन द्वारा लाखों की राशि नरवा योजना में खर्च की जा रही है वह पूरा करने में वन विभाग नाकाम दिख रहा है। चेक डेम निर्माण कार्य मे लगे मजदूर सुरुज लाला, सदा राम आंचला, देवराज दुग्गा, अघन मांडवी, साधु राम आंचला, अनिल कुमार आंचला, सखा राम दुग्गा आदि ने बताया कि वन विभाग ने ठेकेदार को चेक डेम का निर्माण कराने कार्य दिया था। शासकीय मजदूरी दर 315 रुपये है पर ठेकेदार ने सरकारी दर से भी कम दर पर मजदूरी कार्य कराया और आज तक उसका मजदूरी भी नही दिया है। अधिकरियों से कहने पर सन्तोषजनक जवाब नही मिल रहा है। जल्द ही मजदूरी नही मिलती तो हमारे द्वारा आंदोलन किया जाएगा।

# श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर से 13 हजार 609 हुए लाभान्वित




पायनियर संवाददाता ◄ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

स्वास्थ्य सेवाओं के ढांचे में निरन्तर सुदृढ़ीकरण करते हुए सभी लोगों के जीवन को बेहतर एवं सुविधाजनक बनाने हेतु राज्य शासन आज मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति कर हर क्षेत्र में पहुंच विस्तार कर आम लोगों के जीवन में बदलाव ला रही है। साथ ही अपनी जीवनशैली में परिवर्तन ला रहे हैं। ऐसे ही जिले में श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर से लोगों को सस्ती दवाई उपलब्धता ने महंगी दवाइयों पर निर्भरता कम किया है। श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना राज्य शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है इस योजना के तहत आम जनता को कम से कम 50 प्रतिशत की छूट पर दवाई एवं सर्जिकल आइटम्स सस्ती दरों पर उपलब्ध कराई जा रही है। दवाइयों की नियमित आपूर्ति हेतु जिले में किरंदुल, बचेली, दंतेवाड़ा, गीदम और बारसूर कुल 5 दुकानों का संचालन किया जा रहा है। जिसमें अब तक कुल-37.74 लाख रुपये का विक्रय किया गया है और इस योजना तहत लगभग 13 हज़ार 609 हितग्राहियों को लाभांवित किया गया है। श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर में 30 कंपनियों की लगभग 251 प्रकार की दवाइयां एवं 27 सर्जिकल आईटम उपलब्ध है। इसके अलावा जनरल आइटम जैसे रिंग गार्ड बाम आयोडेक्स, विक्स वेपोराइजर इनहेलर, डेटॉल, इच गार्ड, वेपोराइजर मशीन सेनेटरी पैड, गर्भनिरोधक के अलावा अन्य ऐसे ही आईटम एम.आर.पी. दर उपलब्ध है। शहरी स्वास्थ्य अधोसंरचना के साथ-साथ विभिन्न जांच दवाइयों आदि की सुलभ एवं सस्ती वैकल्पिक व्यवस्था हेतु शहर के नागरिकों को गुणवत्ता युक्त जेनेरिक दवाईया एवं सर्जिकल आईटम सस्ती दरों पर सुलभता से उपलब्ध कराये जाने हेतु मुख्यमंत्री सस्ती दवा दुकान योजना प्रारंभ किया गया है। इस योजना के क्रियान्वयन से नागरिकों को उनके निवास स्थान के पास ही रियायती दरों पर जेनेरिक दवाइयों को क्रय करने का अवसर मिल रहा है।

# सावन के महीने में हरियाली का चादर ओढ़े धरती की सुंदरता निखरकर आती है

पायनियर संवाददाता ◄ भानुप्रतपपुर
www.dailypioneer.com



बस्तर में हरेली तिहार किसानों का सबसे बडा महत्वपूर्ण त्योहार है। हरेली शब्द हिंदी शब्द 'हरियाली' से उत्पन्न हुआ है हरेली जिसे हरियाली के नाम से भी जाना जाता है इसे छत्तीसगढ़ में प्रथम त्योहार के रुप में माना जाता है। सावन की अमावस को मनाया जाने वाला पर्व हरेली खेतिहर बस्तर में बडे ही धुम-धाम से मनाया जाता है। यह छत्तीसगढ़ के बस्तर का मुख्य रूप से महत्वपूर्ण त्यौहार है यह त्यौहार सावन श्रावणी अमावस्या महीने के अमावस्या के दिन मनाया जाता है। हरेली तिहार जो जुलाई और अगस्त के बीच वर्षा ऋृतु में होता है। सावन के महीने में हरियाली की चादर ओढ़े धरती का श्रृंगार देखते ही बनाता है। यह त्यौहार श्रावण के महीने के प्रारंभ को दर्शाता है जो कि हिंदुओं का पवित्र महीना है। करीब डेढ़ माह तक जीतोड़ मेहनत करते किसान लगभग बुआई और रोपाई का कार्य समाप्त होने के बाद अच्छी फसल की कामना लिये सावन के दूसरे पक्ष में हरेली का त्योहार मनाते हैं जो किसानो के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। किसान रैनुराम गावड़े, सामसाय कोमरा, अर्जुन कोमरा, राजेंद्र कोमरे, सुरेश पददा ने बताया गांव मे ग्राम गायता द्वारा अपने- अपने गांव को किसी भी प्रकार के अनहोनी ना हो उसके लिए हरेली तिहार के पहले पुरा गांव का परिक्रमा किया जाता है। ईस दिन खेती मे उपयोग होने वाले सभी औजारों की पूजा करते हैं। गाय बैलों की भी पूजा की जाती है। और गेंड़ी सहित कई तरह के पारंपरिक खेल भी हरेली तिहार के आकर्षण होते हैं। सुबह से ही किसान अपने जीवन सहचर पशुधन और किसान की गति के प्रतीक कृषियंत्र नांगर हल, जुड़ा, चतवार, हंसिया, टंगिया, बसूला, बिंधना, रापा, कुदारी, आरी, भँवारी के प्रति कृतज्ञता अर्पित करते हैं। और किसानिन घर में पूरे मन से गेंहू आटे में गुड़ मिलाकर चिला रोटी बडा बनाती है। चिला रोटी बडा कृषियंत्रों को समर्पित किया जाता है। इस दिन कुलदेवता की भी पूजा करने की परंपरा है। हरेली तिहार के दिन ज्यादातर लोग अपने कुल देवी देवता और ग्राम के देवी देवता की पूजा करते हैं। साथ ही पशुओं के गौशाला को भी साफ और स्वच्छ कर उसमें नई मिट्टी या मूरूम डालकर सुव्यवस्थित करते हैं। कृषि पर आधारित इस त्यौहार को हरेली तिहार के माध्यम से छत्तीसगढ़ी संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से भी राज्य में मनाने का निर्णय लिया गया है। बस्तर क्षेत्र में आज भी ग्रामीणजनों के द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ हरेली का पर्व मनाया जाता है खेतों से संबंधित उपकरण और गायों की इस शुभ दिन पर किसान पूजा करते हैं ताकि पूरे वर्ष अच्छी फसल सुनिश्चित हो सके। हरेली पर्व के माध्यम से बस्तर के किसान भगवान से अच्छी फसल की भी कामना करते है। घरों के प्रवेश द्वार पर भेलवा पत्ता, नीम के पेड़ की शाखाओं से सजाए जाते हैं। किसान लोक पर्व हरेली पर आज खेती किसानी में काम आने वाले उपकरण और बैलों की पूजा करेंगे। इस दौरान सभी घरों में अच्छे-अच्छे पकवान भी बनाए जाते है। इस त्योहार किसानो के बच्चों द्वारा गेड़ी नामक एक खेल खेला जाता है इस खेल में बच्चे बड़े बांस की छड़ियों में चढ़ कर खेतों के आसपास घूमते है। बच्चों को 'गैदी' खेल और दौड़ में भाग भी लेते हैं जो कई जगहों पर होता है।

# दान से धन की वृद्धि व शुद्धि होती है: आचार्य अनिल

पायनियर संवाददाता ◄ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com




स्थानीय साई मंदिर में कल मंगलवार को शिव महापुराण कथा का विश्राम दिवस रहा। विधिविधान, मंत्रोपचार के साथ ही विराजित देवी, देवताओं का पूजन, पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक, हवनपुजन, पांच कुंडली यज्ञ हवन पुजन के बाद दोपहर से शाम तक प्रसदरूपी भंडारा का आयोजन किया गया जिसमे सैकड़ों भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किये। नव दिनों तक चलने वाली इस धार्मिक आयोजन में सैकड़ों भक्त शामिल होकर भक्ति के गंगा में डुबकी लगाते हुए अपने जीवन को सार्थक बनाये।

श्री साई बाबा सेवा समिति के सदस्यों एवं जन समूह के सहयोग से 18 जुलाई से प्रारंभ हुए शिव पुराण कथा का कल मंगलवार 26 जुलाई को विश्राम हो गया। नव दिनों तक साई मंदिर कैलाशधाम बना रहा, कथा के मध्यम से जप,तप, पूजन, कीर्तन, व धार्मिक कथा का सुंदर आयोजन आचार्य अनिल जी महाराज किया गया। व प्रसाद रूपी भंडारा का आयोजन किया गया। शिवपुराण कथा मे प्रतिदिन अलग-अलग कथाएं सुनाई गई सोमवार आठवें दिन आचार्य अनिल महारज ने दान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक प्राणी को अपने जीवन मे दान करना चाहिए। गौ दान, भूमि दान, कन्या दान,विद्या दान खुला दान को अति महान जन कल्याणकारी बताया गया है, इनके अलावा 11 प्रकार के दान होते है। दान देने से धन कभी भी कम नही होता है, बल्कि धन के वृद्धि , शुद्धि व समृद्धि होतो है एवं पूण्य की प्राप्ति जीवन सार्थक होती है। क्योंकि शिवपुराण कहता है कि जो तुम कर्म कर रहे है वही तुम्हारा साथ रहेगा। इसलिए प्राणी को हमेशा ज्यादा से ज्यादा समय भगवान की जप ,तप ,दान करते हुए अपने जीवन ब्यतीत चाहिए। वही दान किसे देना चाहिए इस पर आचार्य जी ने कहा कि दान हमेशा योग्य एवं जरूरतमंदो किया जाना चाहिए तभी फलित होता है। जल का दान को सर्वोपरि बताया है, देवी देवताओं में पूजन में सिंगार, व छप्पन प्रकार के भोग लगाएं जाते है। जबकि भगवान भोलेनाथ में श्राद्ध भक्ति से एक लोटा जल चढ़ाने मात्र से वे प्रसन्न हो जाते है, यदि आप शिव की पूजा करते है तो अन्य किसी भी देवी देवताओं का पूजन करने की आवश्यकता नही है। वही प्राणी को कभी अभिमान नही करना चाहिए, हमेशा मंदिर जाते वक्त अभिमान को मंदिर के बाहर छोड़कर भगवान के दर्शन करना चाहिए। शिव मंदिर में सामने के पूजाअर्चना करना चाहिए क्योंकि भगवान के सामने धर्म व पीछे अधर्म है।

# विश्व आदिवासी दिवस हर्षोल्लास पूर्वक मानने बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com



सर्व आदिवासी समाज के विभिन्न घटक समाज के प्रमुखों की बैठक में विश्व आदिवासी दिवस को गरिमामय ढंग से मानने मंगलवार को स्थानीय गोंडवाना भवन में संपन्न हुई। बैठक में 9 अगस्त को होने वाले विश्व आदिवासी दिवस की तैयारियों का रोड मैप तैयार किया गया। सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष अशोक तलांडी ने बताया की जिला मुख्यालय का मुख्य कार्यक्रम सांस्कृतिक मैदान में आयोजित किया जाएगा। जहां विभिन्न समाज के द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में अपने अपने नृतक दलों के साथ कार्यक्रम में शामिल होंगे। अशोक तलांडी ने बताया की आज की बैठक में गोंड, हल्बा, परधान, दोरला, कंवर, उरांव, भतरा व कुढुख उरांव समाज के प्रतिनिधि शामिल हुए थे।बैठक में अमित कोरसा, सहानंद मांझी, कामेश्वर दूब्बा, अंगनपल्ली बसमैया, बीएल पुजारी, राकेश गिरी, प्रकाश नेताम, कमलेश पैंकरा, सुभाष कुडियम दशरथ मांझी, जगबंधु माझी समेत युवा प्रभाग के पदाधिकारी गण मौजूद रहे। अशोक तलांडी ने बताया की विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर समाज में उत्कृष्ट सेवा देने और शिक्षा के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आगामी 31 जुलाई की बैठक में आयोजन समिति के गठन किए जाने का निर्णय समाज प्रमुखों ने लिया है।

# कांग्रेस के आदिवासी विधायक, सांसद और मंत्री, दस जनपथ के गुलाम, डर के मारे आदिवासी राष्ट्रपति को शुभकामनाएं तक नहीं दे रहे : रामू नेताम

पायनियर संवाददाता ◄ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com



अब जबकि देश को 15 वें राष्ट्रपति के रूप में आदिवासी समाज से आने वाली श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी मिल गई हैं, जिसके बाद देश के प्रधानमंत्री और अन्य बड़े राजनेताओं ने बधाइयां दी। द्रौपदी मुर्मू को शुभकामनाएं प्रेषित की, परंतु प्रदेश के एक भी कांग्रेस आदिवासी विधायक, सांसद या मंत्री का आदिवासी समाज की महिला के देश के सर्वोच्च पद पर पहुंचने पर बधाई न देना उनकी दस जनपथ की मानसिक गुलामी और छोटी सोच का प्रतीक है। जब प्रदेश और देश के सभी समाज वर्ग के लोग श्रीमती मुर्मू के निर्वाचन पर हर्षित और उत्साहित हैं ऐसे समय कांग्रेस के विधायक, सांसद और मंत्री दस जनपथ के इशारे पर शोक में डूबे हुए हैं। कांग्रेस के आदिवासी विधायक जिन्हे अपने समाज के प्रतिनिधि के रूप में राष्ट्रपति जैसा सर्वोच्च पद मिला है, पर वो केवल इसलिए इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर खुश नहीं हैं और श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को शुभकामनाएं नहीं दे रहे हैं क्योंकि गांधी परिवार नहीं चाहता। और जो कांग्रेस आजादी के बाद से ही जनजातीय समुदाय को छलती आ रही है उसकी बानगी एक बार फिर देश के लोगों और आदिवासियों को देखने मिली द्बह्ष्ठ सरकार ने जब आदिवासी समुदाय की महिला को सर्वोच्च पद के लिए नामंकित किया तो दस जनपथ समर्थन नहीं किया सिर्फ इसलिए कि श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जनजातीय समुदाय से आतीं हैं भले ही कांग्रेस पार्टी और गांधी परिवार इसे राजनीतिक प्रतिद्वंदिता कहे पर सच्चाई ये है कि दस जनपथ कभी नहीं चाहता कि देश के वंचित वर्ग का कोई व्यक्ति देश के सर्वोच्च पद पर बैठे । अगर विरोध राजनीतिक था तो क्या कारण है की जो यशवंत सिन्हा लम्बे समय तक बीजेपी के नेता रहे कांग्रेस ने उसका समर्थन कर दिया। यशवंत सिन्हा तो कभी भी कांग्रेस के कार्यकर्ता नहीं रहे थे। इतने वर्षो तक कांग्रेस बहुमत में रही और बहुमत होने के बाद भी उसने कभी आदिवासी समुदाय को उचित प्रतिनिधित्व नहीं दिया और जब बीजेपी ने एक आदिवासी को देश के सर्वोच्च पद में बिठाने की पहल की तो कांग्रेस ने पहले उसका भरसक विरोध किया और जब सफल नहीं हो पाए तो उन्हें कम से कम इतना राजनीतिक शिष्टाचार और उदारता तो दिखानी चाहिए थी कि वो द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति पद पर सुशोभित होने की बधाई दे सकें।

# मारपीट के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



जिले के कुकड़ाझोर थाना अंतर्गत पुलिस ने मारपीट की घटना को अंजाम देकर फरार हुए आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बता दें कि थाना कुकड़ाझोर के अपराध क्रमांक 05/2022 धारा-294, 323, 506(बी), 324, 452 भादवि के फरार आरोपी सोनारू गोटा पिता स्व. कोलू गोटा उम्र-42 निवासी ग्राम ताडोनार थाना कुकड़ाझोर जो घटना दिनांक 21/07/2022 की रात्रि को प्रार्थी सुककू राम के घर घुसकर प्रार्थी के साथ गाली-गलौज करते हुए टंगिया एवं हाथ मुक्का से मारपीट कर घटना को अंजाम देकर फरार चल रहा था जिसे दिनांक 26/07/2022 को मुखबिर सूचना पर ग्राम ताडोनार से कुकड़ाझोर थाना स्टॉफ के द्वारा गिरफ्तार किया जाकर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

> प्रार्थी द्वारा थाने में आकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि सोनारू गोटा द्वारा मेरे घर मे घुस कर मारपीट किया गया जिस पर थाने में अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की तलाश की जा रही थी मुखबिर सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।
>
> **गणेश यादव, थाना प्रभारी कुकड़ाझोर नारायणपुर**

# केंद्र व राज्य सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ ज्ञापन सौंपा

पायनियर संवाददाता ◄ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



शिवसेना द्वारा केंद्र की भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों, हिंदू विरोधी नीतियां एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश के सरकार की जन विरोधी नीतियों के विरोध में देश की राजधानी दिल्ली के संसद भवन के सामने जंतर मंतर में धरना प्रदर्शन कर केंद्र सरकार से विभिन्न मांगों को लेकर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए शिवसेना के सांसद अरविंद सावंत ने कहा कि आज देश विकट राजनीतिक परिस्थितियों से गुजर रहा है। केंद्र में बैठी भाजपा सरकार द्वारा देश में विपक्ष एवं विपक्षी दलों को एंन कन प्रकरण खत्म कर मनमानी करना चाह रही है। इसके लिए केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा सीबीआई ,आयकर विभाग एवं अन्य केंद्रीय जांच एजेंसियों का मनमाने तरीके से उपयोग किया जा रहा है। और केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से विरोधी पक्ष के नेताओं को भयभीत कर दलबदल कराया जा रहा है ।एवं प्रलोभन देकर दलबदल कराया जा रहा है। और जो दल या विपक्षी दल के नेता दल बदल नहीं कर रहे हैं। उस दल को इनके भाजपा द्वारा षड्यंत्र पूर्वक तोड़ा जा रहा है। और उसके नेताओं को फर्जी मामले में जेल भेजा जा रहा है ।इस तरह से भाजपा द्वारा पूरे देश भर में खुलेआम लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। जिससे पूरे देश की जनता देख रही है। और पूरे देश की जनता इस सत्य को जान रही है ।और समय आने पर जनता ही भाजपा को उसके कुकृत्य का जवाब देगी ।क्यों कि सत्य परेशान हो सकता है। पर सत्य कभी पराजित नहीं होता है। भाजपा देश में कोरव कि सेना है। क्यों कि जब महाभारत का युद्ध हुआ था तो जितने भी असत्य को मानने वाले गलत करने वाले लोग थे सभी कोरव के साथ होकर सत्य पर असत्य को जिताने का प्रयास कर रहे थे। किंतु युद्ध में जीत अंततः सत्य रूपी पांडव की ही हुई थी ।इसलिए आगे चलकर असत्य रूपी भाजपा का पराभाव होगा ।

# शिक्षक हड़ताल पर तो चपरासी ने उठाया पढ़ाने का बीड़ा

पायनियर संवाददाता ◄ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



जिले के कर्मचारी एवं शिक्षक संघ अपनी मांगों को लेकर पिछले 3 दिनों से हड़ताल पर चले गए हैं। ऐसे में अगर सबसे ज्यादा नुकसान हो रहा है तो वो है बच्चे जो शिक्षा ग्रहण करने रोज स्कूल आ रहे हैं। बिना शिक्षक के शिक्षा देगा कौन ऐसे में उस स्कूल में पदस्थ चपरासी द्वारा पढ़ाने का बीड़ा उठाया गया और रोजाना बच्चो को चपरासी द्वारा पढ़ाया जा रहा है। ये वाक्या जिले के घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र गोटाबेनूर के माध्यमिक स्कूल का है। जहाँ पायनियर की टीम पहुँची थी। माध्यमिक स्कूल गोटाबेनुर में पदस्थ सभी शिक्षक अपनी माँगो को लेकर हड़ताल पर चले गए जिसके कारण स्कूल में एक भी शिक्षक नही आ रहे हैं ऐसे में स्कूल में पढ़ रहे बच्चों को पढ़ाई करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। बच्चो की परेशानियों को देख वहाँ पदस्थ चपरासी कु.अर्चना दुग्गा ने बच्चो को पढ़ाने का जिम्मा उठाया है। इस स्कूल में पहली से आठवीं तक की कक्षा संचालित होती हैं जहाँ 50 से 60 बच्चें पढ़ते हैं। वही स्कूल में पदस्थ चपरासी अर्चना दुग्गा ने बताया कि मेरी नियुक्ति कुछ माह पूर्व स्कूल में हुई है। बीते 3 दिनों से यहाँ पदस्थ सभी शिक्षक हड़ताल में चले गए हैं जिसके कारण यहाँ बच्चो की पढ़ाई प्रभावित हो रही थी बच्चो की परेशानियों को देखते हुए मैंने स्वयं बच्चो को पढ़ाना प्रारंभ किया ताकि बच्चो को पढ़ाई को लेकर किसी प्रकार की परेशानी नहीं आये। वही दुग्गा ने बताया कि बच्चो को पढ़ाने का अनुभव अच्छा रहा।

# कांग्रेस ने छीना पीएम आवास गरीब खुली छत पर रहने को मजबूर: नंदलाल मुड़ामी

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

इन दिनों क्षेत्र में हो रही बरसात से जन जीवन अस्त-व्यस्त है नदी नाले उफान पर है,इन स्थितियों के चलते भाजपा अजजा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री नंदलाल मुड़ामी ने बरसात में दंतेवाड़ा जिला के कुआकोंडा क्षेत्र का भ्रमण कर वहां के पीड़ित परिवारो से मिलकर उनका हाल-चाल जानने की कोशिश की। इस दौरान उन्हें ऐसे कई परिवार मिले जिनका प्रधानमंत्री आवास तो लगभग 4 साल पहले स्वीकृत हुआ है लेकिन वो सारे अधूरे ही बन पाए हैं। ऐसा ही एक गरीब परिवार फुलपाड ग्राम पंचायत के सुक्का का है जिनके नाम से प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुआ था,इसी बीच सुक्का का स्वर्गवास हो गया। स्व. सुक्का अपने पीछे विधवा पत्नी,5 छोटे-छोटे बच्चे,बूढ़ी माँ को अनाथ छोड़ गए। इस गरीब आदिवासी परिवार का आवास अपूर्ण होने की वजह से भरी बरसात में रात काटना मुश्किल हो रहा है।उन्हें कच्ची मिट्टी के खपरेल घर की टपकते छत में रातभर जाग जागकर जीवन बिताने को मजबूर होना पड़ रहा है।घर का रखा हुआ धान,और कपड़े भी भीग जाते हैं। ऐसे ही एक परिवार ग्राम पंचायत पालनार का भी है बामन पिता कुंमा को पक्का मकान स्वीकृत तो हुआ है लेकिन वो भी अधूरा होने के कारण उन्हें इसी तरह परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पक्का मकान नही बन पाने के कारण ऐसे कई परिवारों को भीगी गीली जमीन में सोने को मजबूर होना पड़ रहा है।



ग्राम पंचायत महारहुनार ग्राम पेंटा के निवासी सिमो कोररी पति सोमरु के 2 बच्चे सहित 4 लोगों के परिवार की स्थिति भी परेशानियों से भरी हुई है।उनका प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुआ तो है पर प्लिंथ लेबल तक ही बन पाया है।वहीं गढ़मिरी के मड्डा पिता वारे के परिवार का भी यही हाल है। मुड़ामी ने कहा कि सुक्का, बामन, सिमो, मड्डा जैसे प्रदेश में ऐसे अनेको परिवार तकलीफदेह जीवन जीने को मजबूर है। केंद्र की मोदी सरकार ने तो सभी गरीब परिवारों के लिए पक्के मकान का पूरा पैसा छत्तीसगढ़ को भेजा है, मगर भूपेश सरकार की राजनीतिक दुर्भावना के कारण छत्तीसगढ़ की गरीब जनता को उनका हक,उनकी पक्की छत नही मिल पा रही है। आज गरीब आदिवासी भरी बरसात में सिसक सिसक कर रात बिताने को मजबूर है, भोली भाली बस्तर की जनता ने छत्तीसगढ़ विधानसभा में कांग्रेस के 12 में से 12 विधायक चुनकर भेजा है। लेकिन गरीब आदिवासियों का हालचाल जानने के लिए,उनके मकान की क्या स्थिति है,कोई सुनने वाला नजर नहीं आता है। मैं स्थानीय विधायक एवं सांसद से मांग करता हूं कि एक बार अपने क्षेत्र के दौरे पर निकले और देखें की इस तरह की बरसात में टपकते हुए कच्चे मकान में रात दिन बिताना, संघर्ष कर के बच्चों को खाना खिलाना दैनिक उपयोग की वस्तुओं को बचाना कितना कठिन है। यदि गरीबों के प्रति जरा भी संवेदना हैं तो मुख्यमंत्री भुपेश बघेल के पास जाइए,और जो मोदी के द्वारा केंद्र सरकार से आया हुआ प्रधानमंत्री आवास कांग्रेस के सरकार में जो लटक गया है,उसको वहां से लाकर धरातल पर उतारें और गरीबों को पक्की छत दिलाने में मदद करें। छत्तीसगढ़ कैबिनेट के प्रमुख मंत्री टीएस सिंह देव ने स्पष्ट कहा है कि हमने लगभग 4 सालों के शासन में एक भी आवास पूर्ण नहीं किया है।आज की स्थिति में 16 लाख मकान अधूरे पड़े हैं या चालू ही नहीं हुए हैं।भूपेश सरकार ने छत्तीसगढ़ की जनता से,उनके सर से, सोलह लाख पक्की छतों को छीनने का जो काम किया है, वह घोर निंदनीय है। इस भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायत पालनार के सरपंच सुकालू मुड़ामी, महराहुरनार सरपंच सोनी कश्यप, फूलपाड के सरपंच भुमिका मंडावी, गडमीरी सरपंच सोनी कोर्राम, कोरीरास सरपंच सुनील मंडावी, मालती मुड़ामी जिला पंचायत सदस्य, पायके मरकाम जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य भीमा कवासी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# बलौदाबाजार में नर्सिंग कॉलेज प्रारंभ होने से लोगों में अपार हर्ष

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिला बलौदा बाजार में नर्सिंग कॉलेज प्रारंभ हो जाने से लोगों में अपार हर्ष व्याप्त है वही उच्च शिक्षा के लिए अब लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ने से लोगों में उत्साह का वातावरण देखा जा रहा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार आसपास के सुदूर गांवो के छात्र छात्राओं को नर्सिंग कोर्स की पढ़ाई करने के लिए लगभग 100 से 200 किलोमीटर की दूरी तय कर जाना पड़ता था लेकिन अब बलौदाबाजार में कॉलेज खुल जाने से दूर जाना नहीं पड़ेगा नजदीक में ही पढ़ाई की सुविधा मिलने से छात्र छात्राओं व पालकों में अपार हर्ष व्याप्त है कई पालकों का कहना है कि बच्चों को बहुत दूर जाकर पढ़ाई करना पड़ता था किंतु अब पचास किलोमीटर दायरे में बलौदा बाजार में नर्सिंग कोर्स की पढ़ाई की सुविधा मिल जाने से लोगों को हर दृष्टिकोण से सुविधाजनक एवं फायदेमंद साबित होगा, क्योंकि बलोदा बाजार जाने हेतु मात्र 50 से 60 किलोमीटर तक की दूरी आसानी से तय किया जा सकता है जिसमें किसी को भी कोई परेशानी उठानी ही नहीं पड़ेगी। ज्ञात हो कि लाइफ केयर अस्पताल




बलोदा बाजार में बीएससी नर्सिंग कोर्स की पढ़ाई इस सत्र से प्रारंभ हो रही है जिसे लेकर लोगों में उत्सुकता एवं हर्ष का माहौल व्याप्त है ग्राम कोकड़ी रिसदा रोड बलोदा बाजार में छत्तीसगढ़ शासन एवं छत्तीसगढ़ नर्सिंग काउंसलिंग से मान्यता प्राप्त नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ को लेकर लोगों में अपार हर्ष व्याप्त है।वही कार्यालयिन सूत्रों के मुताबिक 60 सीमित सीटों में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ हो गया है ।

## नर्सिंग कॉलेज खुलने से लोगों में उत्साह एवं हर्ष का वातावरण



बलौदा बाजार में नर्सिंग कॉलेज खुलने की जानकारी प्राप्त हुई है । ये समाचार हर्षित करने वाला है । नर्सिंग कॉलेज के अभाव में हमारे नगर सहित अंचल की कई होनहार एवं इस फील्ड में अपना कैरियर बनाने की सोच रखने वाली छात्राओं को बाहर जाकर प्रवेश लेना पड़ता था । उच्च मध्यम वर्गीय परिवार के बच्चे तो इस पर होने वाले खर्च को वहन कर अपनी इच्छित पाठ्यक्रम पूरा कर जाब हासिल कर लेते हैं , लेकिन मध्यम और निम्न मध्यम वर्गीय परिवार के बच्चों के लिए ये दिशा स्वप्न रहा है । लेकिन अब यहां नर्सिंग कॉलेज प्रारंभ होने से वे भी अपनी इच्छित पढ़ाई पूर्ण कर अपना कैरियर बना सकती हैं। उल्लेखनीय है कि बलौदा बाजार नगर में निजी चिकित्सालयों की स्थापना भी बड़ी तेजी से हो रही है । स्थापित हो रहे निजी चिकित्सालयों में महानगर स्तरीय सुविधाएं और इलाज की समुचित व्यवस्था और आधुनिक उपकरण भी रखें जा रहे हैं। नर्सिंग कॉलेज से प्रशिक्षित होकर निकलने वाली छात्राओं के लिए ऐसे निजी चिकित्सालयों में सेवा करने का अवसर भी उपलब्ध होगा । कुल मिलाकर नर्सिंग कॉलेज खुलने से हर वर्ग की छात्राओं के लिए रोजगार के अनेक विकल्प एवं अवसर प्राप्त होंगे , साथ ही हमारे जिले की उपलब्धियों में एक नया आयाम जुड़ जाएगा।

### डॉक्टर के एस बाजपेई हड्डी रोग विशेषज्ञ बलोदा बाजार



हर्ष का विषय है यहां नर्सिंग कॉलेज खुलने से मध्यम एवं गरीब बच्चे जो बाहर जाकर पढ़ाई का खर्च वाहन नहीं कर पाते थे ऐसे बच्चों को यहां कॉलेज खुल जाने से बहुत फायदा होगा अब क्यों कि बलौदा बाजार जिला है कई निजी अस्पताल खुल रहे हैं अस्पतालों में इन बच्चों को रोजगार मिलेगा



आनंद हॉस्पिटल के संचालक ने बताया यहां नर्सिंग कॉलेज स्कूल जाने से अस्पतालों में नर्स की कमी रहती थी उसका वह अभाव खत्म होगा और हमें प्रशिक्षित नर्स मिलेगी।

# आईआर यादव स्कूल में एनसीसी कैडेट्स ने वृक्षारोपण किया

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com



आईआर यादव शा.बहु.उच्च माध्यमिक विद्यालय भाटापारा में एनसीसी कैडेट्स द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रशांत गांधी, संस्था प्रमुख दिनेश कुमार शर्मा, नगरपालिका परिषद भाटापारा के एल्डरमेन मुकेश साहू, राजस्व विभाग सभापति दीपक निर्मलकर, कांग्रेस कार्यकर्ता रामेश्वर बांधे ने विद्यालय प्रांगण में अशोक, मधुकामिनी तथा लेबल फ ाईकट्स के पौधों को रोपित किया। इस अवसर पर विद्यालय के व्याख्यातागण एमएल वर्मा, आर वर्मा, बी शर्मा, राज वर्मा, लिपिक संघ के संभागाध्यक्ष दीपक मिश्रा तथा एनसीसी कैडेट्स संदीप बघेल, शैलेन्द्र, सिद्धार्थ, ओंकार, अमित जांगडे, आलोक, ललित, सौरभ, देवराज बघेल, सुमित यादव, कुन्दन,राकेश, साहिल, विनोद कुमार, सौरभ, योगेश, गोविन्द, ईश्वर, दुर्गेश, देवेन्द्र, रूपेश, रोहित, लोकेश तथा सहायक शिक्षक विज्ञान आरके चौबे भी वृक्षारोपण कार्यक्रम में सहभागी बने।

# रविन्द्र चौबे की घोषणा पर मंडी अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com




मण्डी समिति की बैठक पूर्व निर्धारित समय के अनुसार संपन्न हुई, उसके पश्चात कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे के व्दारा भारसाधक समिति के शपथ ग्रहण के दौरान किये गये घोषणा नये मण्डी प्रांगण एवं वर्तमान मण्डी प्रांगण में चारो ओर कव्हर्ड शेड से करने के क्रियान्वयन हेतु मण्डी बोर्ड के अधिकारियों के साथ नवनियुक्त मण्डी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने वर्तमान प्रांगण के चारो ओर निरीक्षण करवाया गया। जिसमें उन्हारी शेड के सामने 110म15 मीटर का एक कव्हर्ड शेड, तीन नंबर एवं चार नंबर शेड के बीच कर्व्हडड शेड, सुलभ शौचालय के सामने का कव्हर्डशेड, महादेव मंदिर के अंदर के परिसर में स्लेब एवं गार्डन निर्माण, पुराना कार्यालय भवन व उसके पास लगे मूत्रालय का डिस्टमेटल कार्य, बाउन्डी एरिया में भवन निर्माण कार्य कराने का अवलोकन किया गया। जिसमे मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा, मंडी सचिव शत्रुहन लाल वर्मा, व्यापारी सदस्य नरेन्द्र भूषाणीया, मंडी सदस्य अश्वनी बारले, केके नायक, राईस मिल के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र भृगु, राईसमिलर्स एसो.के अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल, अभिकर्ता सघ के अध्यक्ष राजेश तिवारी, व्यापारी गुरूमुख, पत्रकार सत्यनारायण पटेल, सचिन्द्र शर्मा, पुनीत मानिकपुरी, मडी बोर्ड के अधिकारी कार्यपालन अभियंता पटेल, सहायक अभियंता जायसवाल, उप अभियंता चौधरी, मंडी सहायक प्रांगण प्रभारी सत्यनारायण यादव आदि उपस्थित थे।

## गौठानों में आज हरेली पर्व से गोमूत्र की खरीदी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार राज्य में 28 जुलाई हरेली पर्व से गौमूत्र खरीदी की शुरुआत करने जा रही है। मुख्यमंत्रीभूपेश बघेल दुर्ग जिले के पाटन विकासखंड के ग्राम करसा में गौठान से गोमूत्र की खरीदी कर इसका विधिवत शुभारंभ करेंगे । रायपुर जिले में गोमूत्र की खरीदी की शुरुआत अभनपुर विकासखंड के नवागांव (ल) तथा आरंग विकासखंड के ग्राम बड़गांव के गौठान से होगी। गोधन न्याय योजना की शुरुआत छत्तीसगढ़ में आज से 2 साल पहले 20 जुलाई 2020 को हरेली पर्व के दिन से हुई थी। इसके तहत गौठनों में पशुपालक ग्रामीणों से 2 रुपये किलो की दर से गोबर की खरीदी की जा रही है। देश- दुनिया में गोबर की खरीदी की अभिनव योजना की सफ लता ही इसका आधार बनी है।

# विस अध्यक्ष महंत ने प्रदेशवासियों को हरेली पर्व की दी बधाई शुभकामनाएं

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने प्रदेशवासियों को पारंपरिक पर्व हरेली पर बधाई शुभकामनाएं दी है। उन्होंने अपने बधाई संदेश देते में कहा कि, हरेली पर्व पर छत्तीसगढ़ में कुटकी दाई की आराधना की जाती है, जो फसलों की देवी है। पूजा अर्चना के दौरान पूजा का ध्यान केंद्रित करती है क्योंकि किसान उनकी मदद से ही यह सुनिश्चित होता है कि उनके पास भरपूर फसल होगी। विस अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि, हरेली की परंपरा हरेली राज्य में कई ग्रामीण कृषक समुदायों द्वारा मनाया जाने वाला



एक कृषि त्यौहार है, इस लोकप्रिय और प्रसिद्ध त्यौहार का नाम हिंदी शब्द हरियाली से आया है, जिसका अर्थ है हरियाली। राज्य के प्रमुख जातीय समूहों में से एक गोंडी लोगों के बीच हरेली उत्सव का विशेष महत्व है, छत्तीसगढ़ के किसान अपने उपकरणों की पूजा करते हैं। किसान अच्छी फसल के लिए प्रार्थना करते हैं और इस त्यौहार का मूल विषय प्रकृति केंद्रित है। डॉ. महंत ने कहा कि, हरेली उत्सव के दौरान, किसान अपने संबंधित क्षेत्रों में भेलवा वृक्ष की शाखाएं लगाते हैं, अपने घरों के प्रवेश द्वार पर नीम के पेड़ की शाखाएँ भी लगायी जाती है। नीम में औषधीय गुण होते हैं जो रोगों के साथ-साथ कीड़ों को भी रोकते हैं। छत्तीसगढ़ के हरेली उत्सव को गेडी खेल से भी चिह्नित किया जाता है, एक ऐसा खेल जहाँ छोटे बच्चे बांस के डंडे का इस्तेमाल स्टिल्ट के रूप में करते हैं और खेतों में विचरण करते हैं। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि मैं हरेली माता कुटकी दाई से प्रार्थना करता हूं कि प्रदेश में किसानों को अच्छी फसल प्राप्त हो, आर्थिक उन्नति हो और प्रदेश समृद्ध हो।

## कैंसर अस्पताल में व्हील चेयर दी गई



**रायपुर।** संस्था 'देर ना हो जाए' की तरफ से आज अंबेडकर अस्पताल के कैंसर विभाग में मरीजों के लिए स्व. शिवानी ( ज्योति पटेल ) की स्मृति में व्हीलचेयर प्रदान की गई। साथ ही वहां भर्ती बच्चों, मरीज़ों व उनके परिजनों को बिस्किट, टॉफी आदि वितरित किया गया । संस्था द्वारा आगामी दिनों में मरीजों के परिजनों के मनोरंजनार्थ टीवी प्रदान करने की घोषणा भी की गई। आज इस अवसर पर डॉ. प्रदीप चंद्राकर, सुषमा, प्रियंका नामदेव, संस्था अध्यक्ष शीलू लुनिया, संयोजक रानू लुनिया व मुकेश शाह मौजूद रहे ।

# बढ़ती मंहगाई को लेकर वृद्धजनों के पेंशन को बढ़ाने की मांग : गालिब

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

शहर के सामाजिक कार्यकर्ता गालिब हुसैन ने विज्ञप्ति जारी करते हुए छत्तीसगढ़ के सीएम भुपेश बघेल से मांग करते हुए कहा है कि वर्तमान में बढ़ती मंहगाई को देखते हुए वृद्ध जनों के पेंशन को 350 से बढ़ा कर1500रु कर दिया जाना चाहिए आज़ बढ़ती मंहगाई से पुरा देश इसकी चपेट में हैं और छत्तीसगढ़ का आम वृद्ध जन छला सा महसूस कर रहा है पिछले विधानसभा चुनाव के समय कांग्रेस के पुर्व राष्टीय अध्यक्ष राहुल गांधी जी ने छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ की वृद्ध जनो से वादा किया था कि वृद्ध पेंशन 1500रु दिया जाएगा लेकिन आज़ लगभग 4 साल पुर्ण होने को आ गए छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बने लेकिन अब तक अपने किए गए वादे को



पूरा नहीं कर पाए हैं जबकि विधानसभा में चुनें हुए जनप्रतिनिधियों के तनख्वाहों को सर्वसम्मति से पास कर बढ़ा लिए गया है सामाजिक कार्यकर्ता हुसैन ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बघेल से मांग की है छत्तीसगढ़ के सरकारी कर्मचारीयों कि मांगों को तत्त्काल सुन कर निवारण करें और वृद्ध पेंशन योजना में बढ़ोतरी करते हुए छत्तीसगढ़ के सरकारी कर्मचारीयों एवं आम वृद्धजनों को मंहगाई से राहत देने की कोशिश

# शासकीय अस्पताल में बच्चों का मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एस आर बंजारे एवं आरएमएनटी सीएच सलाहकार डॉक्टर मुकुंदराव के निर्देशन में स्वर्गीय मोहनलाल चौधरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपाली में मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सरायपाली बसना अंचल के 184 बच्चों का जांच किया गया जहां पर स्वास्थ्य टीम के द्वारा 40 कार्डियोलॉजी 82 शिशु रोग 7 ऑर्थोपेडिक 5 नेत्र रोग 16 नाक कान गला रोग 19 एमडी मेडिसिन 13 न्यूरो व 2 डेंटल केस का जांच किया गया। यह शिविर बच्चों के लिए एक वरदान की तरह



साबित हुआ है ऐसा परिजनों के द्वारा कहा जा रहा था ।इस शिविर में डॉक्टर के एस भाटिया, डॉ राहुल,डॉक्टर मानव सतपथी, डॉक्टर के गजभिए, डॉक्टर के सोनवानी डॉ वाई थावरे, डॉक्टर कुलेश्वर मरकाम, डॉ. मालविका मसीह, डॉ बी बी कोसरिया, डॉ कुणाल नायक, डॉ राजेश सिंह, डॉ जनक कुमारी जेरी व डॉ अनुपा दास के द्वारा अपनी सेवाएं प्रदान किया गया। उपरोक्त जानकारी स्वास्थ्य विभाग के मीडिया प्रभारी टी आर धृतलहरे द्वारा प्रदान किया गया।

# गांडा समाज का जिला स्तरीय एक दिवसीय आम सभा आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

विगत दिनों नई कृषि उपज मंडी सरायपाली के प्रांगण में गाड़ा समाज का जिला स्तरीय एकदिवसीय आमसभा समाज के नवनियुक्त प्रांतांध्यक्ष, जिला संरक्षक, क्षेत्र के विधायक किस्मतलाल नंद के मुख्य आतिथ्य, जिले के जिलाध्यक्ष के.आर.मुकर्जी की अध्यक्षता, कांकेर निवासी समाज के प्रांतीय संयोजक प्रदीप कुलदीप एवं दुर्ग के मोहन गंधर्व प्रांतीय कोषाध्यक्ष के विशेष.आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम समाज के ईष्टदेव देवाधिदेव महादेव की विधिवत अतिथियों द्वारा विधिवत पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथियों के स्वागत से पहले सामूहिक रूप से राजकीय गीत गाया



गया। उल्लेखनीय है कि यह आमसभा जिला सहित सभी विकास खंडों ,परिक्षेत्रों केअध्यक्षों द्वारा आय-व्यय प्रस्तुत करने एवं चुनाव हेतु विधिसम्मत नीति निर्धारित करने आहूत थी। सर्वप्रथम जिलाध्यक्ष मुकर्जी ने जिले का विस्तृत ब्यौरेवार आय-व्यय प्रस्तुत किया,तथा बड़ोदरा. बैक में सामूहिक खाते की जानकारी दी तथा पास बुक आमजन को दिखाते हुए खाते में जमा राशि की जानकारी दी। जिलाध्यक्ष ने आगे लोगों को संबोधित करते हुए जिला समिति द्वारा किए जा रहे समाज संगठन की मजबूती, विकास,समाज में जागरूकता लाने,लोंगों को जोड़ने वृहद सभा सम्मेलन सशक्त रूप से आयोजित करने की सक्षमता की जानकारी दी, जिसे आमजन जिलाध्यक्ष के सफल नेतृत्व को खूब ताली बजाकर स्वागत किया। गौरतलब है कि जिला व बागबाहरा ब्लॉक को छोड़कर बाकी विकासखंडों ने पांच वर्षों में एक भी आमसभा आयोजित करने में कोई रूचि नहीं दिखाई न ही कार्यकारिणी का विस्तार किया।मुकर्जी ने स्वार्थ, पदलोलुपता को छोड़कर समाज हित में सक्रियता से काम.करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि समाज किसी की बपौती नहीं है,समाज काम करन ेवालों को जानती है, उन्हीं को सहयोग करती है।समाज को चाहने वालों और समाज से चाहने वालों को बखूबी पहचानती.है।उन्होंने पैर खींचने की जगह हांथ खींचकर समाज को आगे बढ़ाने की नसीहत दी। कार्यक्रम के दिन सुबह दस बजे तक पानी गिरते रहने के बावजूद पदाधिकारीयों व आमजनों के भारी संख्या में उपस्थिति पर प्रसन्नता व्यक्त.करते हुए इसे समाज में आ रहे बदलाव का संकेत बताया। बसना व सरायपाली ब्लॉक अध्यक्षों ने संक्षिप्त में अपना आय ब्यय प्रस्तुत किया।समय की कमी को देखते हुए परिक्षेत्रों को ब्लॉक व जिला पदाधिकारियों की उपस्थिति में आगामी चुनाव से पहले आय..ब्यय प्रस्तुत करने कहा गया। सरायपाली विधायक किस्मतलाल नंद को प्रांतांध्यक्ष बनाने की आवश्यकता क्यों पड़ी? विशेष अतिथियों ने अपना बिन्दुवार सारगर्भित उद्बोधन दिया जिसे आमजनों ने सहर्ष स्वीकार किया। उन्होंनें प्रदेश स्तर पर एकजुटता की आवश्यकता पर विभिन्न उद्धरण पेश करते हुए इसे सफल बनाने आमजनों को आवहान किया।नयी प्रदेश समिति द्वारा लिए गए निर्णयों से अवगत कराते हुए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

## संघर्षों और कर्मठता के बलबूते मुर्मू विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की नायक बनी

# भाजपा नेत्रियों ने द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति बनने पर प्रसन्नता व्यक्त की

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

देश के 15वें राष्ट्रपति के लिए द्रौपदी मुर्मू के द्वारा शपथ ग्रहण किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए भाजपा की जिला अध्यक्ष सुलोचना यादव, भाटापारा महिला मोर्चा अध्यक्ष नीरा देवी साहू, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की जिला संयोजिका लक्ष्मी साहू एवं जिला पंचायत की सदस्य कविता देवांगन ने कहां कि द्रौपदी मुर्मू का राष्ट्रपति निर्वाचित होना भारतीय लोकतंत्र के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है।









अत्यंत गरीब पृष्ठभूमि की जनजातियों में भी सबसे पिछड़े संथाली परिवार से निकलकर संघर्षों एवं कर्मठता के बलबूते उनका सर्वोच्च पद तक पहुंचना देशवासियों के साथ-साथ जनजाति समाज के लिए भी गौरव का क्षण है, ऐसे समाज को शीर्ष पर पर प्रतिनिधित्व देने में देश को 7 दशकों की लंबी प्रतीक्षा करनी पड़ी आज हमारा लोकतंत्र इस प्रश्न चिन्ह से मुक्त हो गया है। भाजपा नेत्रीओं ने कहा कि हमारे देश के वनवासी अंचल के एक साधनहीन गांव से समाज के अंतिम वर्ग से आने वाली एक विधवा संथाल महिला होने के बावजूद प्रत्येक अभाव से जुड़े हुए प्रत्येक संकट और समस्या का सामना करते हुए अपने सामाजिक वशिष्ठ और आत्म सम्मान की रक्षा हेतु अपने धर्म और संस्कृति का संरक्षण करते हुए वह आज यहां पहुंची हैं वह अनुपम अनुकरणीय एवं वंदनीय उदाहरण है किंतु इसके उपरांत भी स्वयं अपने विवेक और आंतरिक शक्ति के बलबूते पर वे देश की प्रथम नागरिक भारतीय सेनाओं की सर्वोच्च सेनापति और विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की नायक बनी है तो यह सब हम सब के लिए भी असीम गर्व और हमें पूरे विश्व के सामने गौरवान्वित होकर खड़े होने का सौभाग्य प्रदान करता है। भाजपा नेत्रियों ने आगे कहा कि देश की कुल जनसंख्या में आदिवासी समाज की संख्या 9 प्रतिशत है स्वतंत्रता आंदोलन में भी आदिवासी समाज का योगदान बलिदान अविस्मरणीय था किंतु भारत स्वतंत्र भारत में तत्कालीन सरकारों ने लंबे समय तक उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ने एवं उनके सामाजिक आर्थिक उत्थान एवं राजनीतिक प्रतिनिधित्व के लिए पर्याप्त अवसर नहीं दिया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने उनको एनडीए का प्रत्याशी बना कर बता दिया कि देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आसीन होने का सपना गांव का भारत का गरीब भी देख सकता है और उसे पूरा भी कर सकता है जिसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को पुनः बहुत बहुत बधाई देते है।

## पुरूष नसबंदी पखवाड़ा में उत्कृष्ट कार्यों के लिए छत्तीसगढ़ को मिला 3 पुरस्कार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ को पुरूष नसबंदी पखवाड़ा में उत्कृष्ट कार्यों के लिए केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने तीन पुरस्कारों से नवाजा है। पुरुष नसबंदी पखवाड़ा के दौरान पिछले तीन वर्षों 2019 से 2021 के बीच नसबंदी में छत्तीसगढ़ देश में प्रथम स्थान पर है। केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री डॉ. भारती प्रवीण पवार ने आज नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश को इस उपलब्धि के लिए पुरस्कृत किया। परिवार नियोजन कार्यक्रम के उप संचालक डॉ. टी.के. टोंडर एवं कंसल्टेंट डॉ. रोशन गुप्ता ने छत्तीसगढ़ की ओर से यह पुरस्कार ग्रहण किया। पुरुष नसबंदी के लिए प्रदेश को दो और श्रेणियों में पुरस्कार प्राप्त हुआ है। सर्वाधिक पुरुष नसबंदी के लिए डॉ. संजय नवल को राष्टीय स्तर पर द्वितीय पुरस्कार मिला है। पुरुष नसबंदी के लिए दम्पत्ति मोटिवेशन (प्रेरक) की श्रेणी में रायपुर जिले के तिल्दा की मितानिन श्रीमती केवरा वर्मा को पुरस्कृत किया गया है।

# सट्टा खिलाने वाले 2 सटोरिया के खिलाफ की गई कार्रवाई





**बलौदाबाजार।** वन पुलिस द्वारा अलग अलग स्थानों से 2 सटोरियों पर कार्यवाही की गई ।

**आरोपी-** 1. राजू टंडन पिता देवकराम उम्र 29 साल साकिन धारा शिव चौकी लवन के कब्जे से नगदी रकम 550रुपए, 1 नग सट्टा पट्टी चार्ट एवं एक डॉट पेन, 2. राकेश कुमार बंजारे पिता सुन्दर लाल उम्र 36 वर्ष साकिन खैरा चौकी लवन के कब्जे से नगदी रकम 740 रुपए एवं एक सट्टा पट्टी तथा एक डॉट पेन बरामद कर आरोपी के विरुद्ध धारा 4 (क) जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई उक्त कार्यवाही में प्र.आर. जसवंत सिंह आरक्षक कमलेश वर्मन, राजेन्द्र साहू, केशव पटेल का विशेष योगदान रहा।

# अखिल भारतीय पूर्व सैनिकों ने कारगिल युद्ध में शहीद जवानों की याद में मनाया कारगिल विजय दिवस

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com





26 जुलाई को अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा कारगिल विजय दिवस भव्य रूप से मनाया गया। जिसमें पूर्व सैनिकों द्वारा भव्य बाईक रैली निकाल शहीद जवान अमर रहे के नारों की गूंज शहर में देखते ही बन रही थी वहीं बाईक रैली के बाद पुलिस अधीक्षक कार्यालय के मैदान में स्थित अमर शहीद स्मारक में कारगिल युद्ध में शहीद हुए जवानों को रीत पुष्प व पुलिस जवानों के द्वारा पुलिस बैण्ड लास्ट पोस्ट व राउज/रिवेली की धुन बजा शहीदों के परिजनों के प्रति श्रद्धाभाव व्यक्त किया। कारगिल विजय दिवस पर प्रकाश डालते हुए अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के संरक्षक आनंद नेताम ने बताया कि कारगिल युध्द, भारतीय सैनिकों के विरता का गवाह है, मौत सामने थी परन्तु सैनिकों ने मौत से न डर कर अपने अदम्य साहस का परिचय देते हुए डट कर मुकाबला कर विजय हासिल की थी। ठण्डी के मौसम में जब बर्फ अधिक गिरता है, तब वहां की तापमान 50°C तक चला जाता है, इसलिए ठण्डी के मौसम में भारतीय सैनिक उस पोस्ट को छोड़ कर बेस कैम्प में वापस आ जाती थी, तथा मई महिने में फिर से वापस जा कर पोस्ट सम्भालते थे।

3 मई 1999 को एक चरवाहे ने भारतीय सेना को खबर दी कि भारतीय पोस्ट में पाकिस्तानी सैनिक हथियार लेकर दिख रहे हैं, अर्थात पाकिस्तानी सैनिकों का तोलोलिंग पहाड़ी के पोस्ट पर कब्जा हो चुका है। पाकिस्तानी सैनिकों का भारतीय पोस्ट पर कब्जा करने का मकसद था कि पोस्ट से लगी सड़क श्रीनगर, लेह और लद्दाख को जोड़ता था जो इस पोस्ट को कब्जा करने से पूरा भारत का कनेक्शन को तोड़ने की इनकी मंशा थी और यही हुआ भी जब पाकिस्तान का कब्जा भारतीय पोस्ट में होने के कारण भारत का सम्पर्क लेह-लद्दाख, सियाचिन ग्लेशियर एवं अन्य क्षेत्र भारत के कण्ट्रोल से टूट चुका था।

पाकिस्तानियों और खासकर पाकिस्तान के वजिरे आलम जनरल परवेज मुसर्रफ का प्लॉन था कि जब इन क्षेत्रों में भारत का सम्पर्क टूट जायेगा तब हम भारत से अपनी बात मनवा सकते हैं और कश्मीर को आसानी से हथिया सकते हैं।

5 मई 1999 को भारतीय सैनिकों का एक पेट्रोलिंग पार्टी को जानकारी लेने पोस्ट में भेजी जाती है। जानकारी लेनी चाही तो घुसपैठियों ने उन्हें पकड़ लेती है और पांच सैनिकों की हत्या कर देते हैं। यह बात भारत के प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी तक पहुंचती है तो फिर सेना को आदेश मिला कि पाकिस्तानी सैनिकों को वहां से खदेड़ना है, तो ऑपरेशन विजय के जरिये भारतीय सेना ने जंग की शुरूआत कर दी, लेकिन भारतीय सेना को ऊँचाई पर चढ़ना था और बर्फिला इलाका होने के कारण दिन के वक्त कुछ भी मूवमेंट नहीं कर सकते थे। जो भी मूवमेंट करना था तो रात के वक्त ही करना पड़ता था, बर्फ से भरी पहाड़ी पर चढ़ना तथा खड़ी चढ़ाई होने के कारण हमारे सैनिक शहीद हो रहे थे। ऐसे विषम परिस्थितियों में भारतीय जवानों ने अदम्य सहास के साथ दुश्मनों से डट कर मुकाबला किया।

## श्रीबालाजी मेडिकल फाउंडेशन और श्रीबालाजी हॉस्पिटल का सिविल अस्पताल नारायणपुर जिले में चिरायु कैंप






पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com








श्रीबालाजी मेडिकल फाउंडेशन और श्रीबालाजी हॉस्पिटल ने नारायणपुर सिविल अस्पताल में चिरायु कैंप का आयोजन किया। जिसमें दोनों संस्थान के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं देकर धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों का स्वास्थ परीक्षण कर लाभ पहुंचाया। श्रीबालाजी मेडिकल फाउंडेशन और श्रीबालाजी हॉस्पिटल अपनी सामाजिक सरोकार की जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन कर स्वास्थ्य सेवाओं में निरंतर योगदान दे रहा है। नारायणपुर में आयोजित चिरायु कैंप में श्रीबालाजी हॉस्पिटल कार्डियोलॉजी डॉ. टी.डी. मखीजा और न्यूरोलॉजी विभाग के डॉ. हितेंद्र उइके ने मरीजों का परीक्षण कर निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया। इस कैंप में विशेषज्ञ डाक्टरों की टीम के साथ मेडिकल फाउंडेशन के स्टाफ मौजूद थे। डाक्टरों ने नक्सल प्रभावित क्षेत्र के 15 ग्रामीणों का परीक्षण किया।

## सट्टा-पट्टी लिखते रंगे हाथों 6 सटोरियों और जुआ खेलते 12 जुआरियों को पकड़ा



**कवर्धा।** पुलिस अधीक्षक डा. लाल उमेंद सिह के मार्गदर्शन मे एंव अति. पुलिस अधीक्षक मनिषा ठाकुर एंव अनुविभागीय अधिकारी संजय ध्रुव के दिशा निर्देश मे थाना क्षेत्र मे लगातार अवैध जुआ सट्टा एंव आबकारी एक्ट के एंव अपराधिक गतिविधियो के विरूध्द लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है इसी क्रम मे मुखबीर सुचना पर थाना स. लोहारा द्वारा अलग-अलग टीम तैयार आरोपी डेरहा राम पटेल पिता गयाराम पटेल उम्र 40 साल साकिन बिडोरा थाना स. लोहारा, मो.ताज खान उर्फ बाबा खान पिता मोह. फौज खान उम्र 52 साल साकिन बिडोरा थाना स. लोहारा, द्वारिका मेरावी पिता बाबुराम मेरावी उम्र 40 साल साकिन बीसाटोला थाना स. लोहारा, भागचंद रात्रे पिता बलीराम रात्रे उम्र 26 साल साकिन धरमगढ थाना स. लोहारा, सुजित कुमार पिता मनहरण उम्र 20 साल साकिन भिभौरी थाना स. लोहारा, दुर्गेश मृचे पिता गौकरण मृचे उम्र 19 साल साकिन भैसबोड थाना स0 लोहारा को रंगे हाथ सट्टा पट्टी लिखते पाये जाने से मौके पर विधिसंगत कार्यवाही करते हुए आरोपीयो के कब्जे से सट्टा पट्टी, डाट पेन एंव कुल जुमला नगदी रकम 5870 रूपये जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया आरोपी गणो का कृत्य धारा 4(क) सार्वजनिक धुत अधिनिमय का पाये जाने से अपराध क्रमांक – 195/22, 196/22, 205/22, 206/22, 209/22, 225/22 कायम कर विवेचना मे लिया गया । एंव मुखबीर सुचना पर ग्राम पैलपार मे दो अलग-अलग प्रकरण अपराध क्रमांक 220/22, 221/22 धारा 13 जुआ एक्ट के अंतर्गत 12 जुआडियानो के विरूध्द कार्यवाही कर आरोपीयो के पास एंव फड से कुल नगदी रकम 6200 रूपये एंव 52 पत्ती तास को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया आरोपीयो के विरूध्द पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जाती है।

# राजधानी समेत आठ जिलों में हुआ बिजली महोत्सव







**रायपुर**। आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत 'उज्ज्वल भारत उज्ज्वल भविष्य ऊर्जा 2047 - बिजली महोत्सव' का कार्यक्रम राजधानी रायपुर सहित आठ स्थानों पर हुआ। इसमें वक्त ।ओं ने बिजली के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि प्रदेश आज तेजी से विकास की दिशा में बढ़ रहा है तो इसमें ऊर्जा क्षेत्र में हुए बेहतर कार्यों का बड़ा योगदान है। प्रदेश आज देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में भी अपनी बड़ी भूमिका अदा कर रहा है। केन्द्रीय ऊर्जा मंत्रालय एवं राज्य शासन के समन्वय से 25 से 31 जुलाई 2022 तक आयोजित इस बिजली महोत्सव के दौरान सभी जिलों में कार्य मों का आयोजन किया जा रहा है। इसमें छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी सहित केंद्रीय विद्युत उप म आरईसी लिमिटेड, एनटीपीसी सहित अन्य उपक्रम संयुक्त रूप से शामिल हो रहे हैं। इसमें जिला प्रशासन की भी भागीदारी है। इसके तहत रायपुर के सेजबहार सहित जांजगीर-चांपा, अंबिकापुर, गरियाबंद, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, कोंडागांव, कबीरधाम व दंतेवाड़ा में बिजली महोत्सव का आयोजन हुए। इसी तारतम्य में कल 28 जुलाई को गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, कोरबा, रायगढ़ में बिजली महोत्सव का आयोजन होगा। बिजली महोत्सव में बताया गया कि देश में बिजली का उत्पादन 2 लाख 48 हजार मेगावाट से बढ़कर चार लाख मेगावाट हो चुकी है। उपभोक्त ।ओं को गुणवत्तापूर्ण बिजली मिले इसके लिए विद्युत विकास के कार्यों में तेजी आई है। अकेले रायपुर जिले में 6 लाख 56 हजार विद्युत उपभोक्त । हैं। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी 400 यूनिट तक आधे दर पर रायपुर जिले के उपभोक्त ।ओं को 703 करोड़ रुपए की छूट प्रदान की गई है। जिले में 24 हजार 867 कृषि पंपों को निःशुल्क व फ्लैट रेट पर विद्युत आपूर्ति की जा रही है। सेजबहार के शासकीय इंजीनियरिंग कालेज में आयोजित बिजली महोत्सव में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक रायपुर के अध्यक्ष पंकज शर्मा ने कहा कि आज प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण बिजली की उपलब्धता के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अधीक्षण अभियंता अशोक खण्डेलवाल ने देश एवं प्रदेश की ऊर्जा क्षेत्र की वर्तमान स्थिति की संक्षिप्त जानकारी दी। इस दौरान पॉवर कंपनी के अतिरिक्त मुख्य अभियंता अविनाश सोनेकर, कार्यपालन अभियंता मुरारी श्रीहरि, जिला पंचायत के उप संचालक लोकनाथ साहू, एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारियों समेत स्थानीय लोगों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया।

## श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स का शुभारंभ




पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरन्दुल बस स्टैंड में स्थित श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स का बुधवार को नगरपालिका अध्यक्ष मृणाल राय ने उद्घाटन किया। बता दें छत्तीसगढ़ सरकार का दावा है कि श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स से उपभोक्ताओं को सस्ते दर पर दवाइयां उपलब्ध होगी।उपभोक्ताओं को दवाइयों की एमआरपी पर न्यूनतम 50.09 प्रतिशत और अधिकतम 71 प्रतिशत छूट का लाभ मिलेगा।

योजना के तहत 169 शहरों में 190 मेडिकल स्टोर्स प्रारंभ करने की योजना है।उद्घाटन के दौरान नपा उपाध्यक्ष बालसिंह कश्यप, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ए के सिंह, महामंत्री तपन दास, पार्षद राजेन्द्र मृणाल र ाय एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

## वामांजली की प्रोविजनल नेशनल ट्रेनर डॉक्टर अनन्या मिश्रा ने किया कोलकाता के लोगों को प्रशिक्षित

**रायपुर।** जेसीआई रायपुर वामांजलि की प्रोविजनल नेशनल ट्रेनर जेसीआई सिनेटर डॉक्टर अनन्या मिश्रा द्वारा JCI कोलकाता ड्रीम्स, मैं जेसीआई एक्शन फ्रेमवर्क विषय पर ट्रेनिंग प्रदान की गई. यह ट्रेनिंग जेसीआई लोकल ऑर्गेनाइजेशन के कार्यकारिणी सदस्यों को समाज में बदलाव लाने वाले सस्टेनेबल प्रोजेक्ट को डिजाइन करने तथा प्रोजेक्ट में काम आने वाले विभिन्न पहलुओं के बारे में बताया गया. विभिन्न तरह के एक्टिविटीज के द्वारा पार्टिसिपेंट को एक सस्टेनेबल प्रोजेक्ट डिजाइन करने की बारीकियां सिखाई गई जिसमें सभी सदस्यों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और अपनी तरह का यह अनूठा ट्रेनिंग प्रोग्राम रहा। डॉक्टर अनन्या मिश्रा की ट्रेनिंग स्किल को सभी सदस्यों द्वारा सराहा गया।



## सीएम भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार ने वादाखिलाफी की तोड़ चुकी रिकॉर्डः चौहान

पायनियर संवाददाता < भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी. मण्डल के.पूर्व मण्डल अध्यक्ष व सांसद प्रतिनिधि नरोत्तम सिंह चौहान. ने. कहा की छत्तीसगढ़ राज्य में. लगभग पौने 4 साल कार्यकाल में भूपेश बघेल कांग्रेस की सरकार ने वादाखिलाफी के रिकॉर्ड तोड़ चुकी है किसानों के साथ धोखा युवा बेरोजगारों को रोजगार के नाम पर धोखा पूर्ण शराबबंदी पर धोखा राज में अन्य कई घोटाले राज्य में सभी चीजों की कमी आंगनवाड़ी संघ स्कूल सफाई कर्मचारी संघ मितानिन सघ विद्युत. कर्मचारियों. लाखो संविदा कर्मचारियों को का वादा साथ ही ऐसे और भी विभाग के कर्मचारियों के साथ वादाखिलाफी कर रही है जो दुर्भाग्यपूर्ण है 24 तारीख से छत्तीसगढ़ के संपूर्ण अधिकारी कर्मचारी संघ 5 दिन की कलम वंदन वेतन विसगति वा वृद्धि एवं डीए केंद्र सरकार की तरह देने की माग को लेकर हड़ताल किया जा रहा है।

## भैसा भन्सुली कर्चुवा सड़क को पार करने सिर्फ ट्रैक्टर ही एक मात्र सहारा

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



ग्राम पंचायत भैंसा में संत रविदास भवन के भूमिपूजन पहुँची जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी को ग्रामीणों ने भैसा कर्चुवा भन्सुली सड़क की दुर्दशा दिखाते हुए कहा कि इस रोड से बारिश के चार महीने चलना भी दूभर हो जाता है, इसी सड़क से यहाँ के बेटे बेटियां भन्सुली हाई स्कूल पढ़ने जाते हैं और शाम वापस भी,सिवाय ट्रैकटर के इस सड़क से कोई गाड़ी नहीं निकल सकती,अधिकारी सिर्फ कोरा आस्वासन देते हैं, सरपंच शिव कुमार पाठक ने भी कहा कि दीदी पिछले 3 साल से लगातार आवेदन के ऊपर आवेदन ही दे रहें हैं पर न जाने आवेदन कौन खा जाता है,जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने संसदीय सचिव गुरुदयाल सिंह बंजारे से चर्चा की, ग्रामीणों को बताया कि रोड का काम स्वीकृत हो गया है और पहलीं प्राथमिकता से विधायक ने कार्य प्रारंभ कराने को कहा है, जिला पंचायत सदस्य के आस्वासन के बाद कहीं जा कर ग्रामीणो ने संत रविदास भवन के भूमिपूजन की औपचारिकता को प्रारंभ होने दिया, जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष दिलीप सिंह ठाकुर ने कहा कि महामाया चौक वाली गली जो पूरे गांव की हृदय रेखा है वहां नाली का निर्माण की घोषणा। जिला पंचायत सदस्य करे ताकि वहां के भी कीचड़ से सबको निजात मिल जाये, प्रज्ञा निर्वाणी ने जिला पंचायत निधि से स्वीकृत करने की घोषणा की,सरपंच शिव कुमार पाठक ने उपसरपंच विमला नरेश साहू, जनपद सदस्य संतोषी साहू, ईश्वरी साहू, पूर्व सरपंच मनोज सिंह चंदेल,देव नाथ पाल, सचिव ऋषभ तिवारी, वार्ड पंच आकाश सिंह ठाकुर सहित पंचायत के सभी पंचों ने रोड निर्माण का कार्य स्वीकृत होने क्षेत्रीय विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे का आभार व्यक्त किया।

## सीटू और सीएम एस एस यूनियन ने कहा कि ठेका श्रमिकों की चिकित्सा सुविधा एवं भत्ता अगस्त के पहले सप्ताह तक लागू करें

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

सीटू एवं सीएमएसएस यूनियन द्वारा 7 जनवरी 2022 को ठेका श्रमिकों को परिवार सहित मुफ्त चिकित्सा सुविधा एवं विशेष भत्ते की मांग को लेकर एक सफल हड़ताल की गई थी। इसी हड़ताल के दौरान उच्च प्रबंधन के साथ चली लंबी बैठक में प्रबंधन और यूनियन के बीच यह तय किया गया था कि खदान में कार्यरत समस्त ठेका श्रमिकों को उनके परिवार सहित चिकित्सा सुविधा का लाभ एवं खदान भत्ता 1 अप्रैल 2022 से लागू कर दिया जाएगा । लेकिन प्रबंधन द्वारा इस मामले में की जा रही लेटलतीफी एवं लापरवाही से खदान के ठेका श्रमिक बेहद आक्रोशित हैं तथा कभी भी विस्फोटक स्थिति निर्मित हो सकती है। इसलिए सीटू एवं सीएमएसएस यूनियन ने कार्यपालक निदेशक खदान को संबोधित एक पत्र मुख्य महाप्रबंधक खदान के माध्यम से प्रेषित किया है। जिसमें उल्लेख किया गया है कि हमारी यूनियनों और प्रबंधन के बीच सहमति के अनुसार उपरोक्त सुविधाएं 1 अप्रैल 2022 से लागू हो जाना था, लेकिन प्रबंधन इस मामले में अनावश्यक लेटलतीफी कर रहा है तथा लापरवाही बरत रहा है।

यूनियन ने स्पष्ट किया कि इन 6 महीनों में प्रबंधन और हमारे बीच में कई दौर की बातचीत हुई जिसमें प्रबंधन ने चिकित्सा योजना में सुधार करने तथा भत्ते को भी सहमति के अनुरूप लागू करने पर बार-बार सहमति बनने के बावजूद इसे अब तक लागू नहीं किया गया है। जिसके कारण खदानों में औद्योगिक अशांति का खतरा लगातार बढ़ते जा रहा है।

# जेपी स्कूल में मनाया गया कारगिल विजय दिवस, शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com





जेपी इंटरनेशनल स्कूल में कारगिल विजय दिवस अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ।

एच कैप्टन रवि कुमार साहू के मार्गदर्शन में संस्था के छात्र सैनिकों द्वारा आकर्षण मार्च पास्ट करते हुए शहीदों की याद में बनाए गए स्मारक पर अतिथियों ने पुष्पचक्र एवं दीपप्रजलित कर अमर सलामी देते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अमर शहीदों की आत्मा शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण किया गया। मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल उदय कुमार ने कहा कि 26 जुलाई का दिवस समूचे भारत देश के लिए बेहद खास दिवस रहा है, जिसमें देश के वीर सैनिकों ने तिरंगे का सम्मान बढ़ाया। साथ ही उन्होंने अपने विचार में बताया कि न केवल एक सैनिक वरन हम सभी भारतवासियों को राष्ट्र निर्माण और देश सेवा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। विशिष्ट अतिथि श्वेता शर्मा ने अपने विचार द्वारा कल के सुनहरे भविष्य के लिए विद्यार्थियो को प्रेरित किया वहीं जिला सलाहकार रेहाना तब्बसूम ने यूनिसेफ के कार्यों की विस्तृत जानकारी देते हुए उक्त कार्यक्रम के आयोजन हेतु संस्था का आभार प्रकट किया साथ ही उपस्थित लोगों से कोविड टीका करण के लिए लोगों से समाज मे जागरूकता का आग्रह किया गया।

उपप्राचार्य विजयन द्वारा कारगिल विजय दिवस पर उपस्थित समस्त अतिथियों का अभिवादन करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। इसी के साथ संस्था के संगीत विभाग के मार्गदर्शन में बालिकाओं की सुमधुर आवाज में स्वागत गीत प्रस्तुत करते हुए समस्त अतिथियों का अभिवादन किया गया। इसी कड़ी में संगीत विभाग द्वारा हम भारत के वासी थीम पर आधारित गीत की प्रस्तुति से पूरा महफिल संगीत के सातों स्वरों से गुंजित हो उठा, वहीं छात्र-छात्राओं द्वारा देश भक्ति पर आधारित आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति ने सबको थिरकने हेतु मजबूर कर दिया, जिससे पूरा महफिल भारत मां एवं वीर सपूतों के जयकारों से गूंज उठा। संस्था के छात्र धृत प्रकाश द्वारा कारगिल दिवस पर प्रकाश डालते हुए अपनी भाषण की प्रस्तुत किए।जिसमें सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल उदय कुमार के मुख्य आतिथ्य, एसपी त्रिपाठी पूर्व सैनिक एवं अधिकारी जिला सैनिक कल्याण बोर्ड कांकेर, प्राचार्य रितेश चौबे की अध्यक्षता और सूचना प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय अधिकारी श्वेता शर्मा, यूनीसेफ की जिला सलाहकार रेहाना तबस्सुम, शहीद गणेश राम की माता जागेश्वरी, शहीद सूबेदार मेजर हरिराम तारम की पत्नी कुंती तारम, उपप्राचार्य विजयन के विशेष आतिथ्य में हुआ। नगर के क्षेत्रीय वीर शहीदों की वीरांगनाओं को आमंत्रित कर शहीदों की कुर्बानी को याद करते हुए श्रीफल एवं साल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक उपस्थित रहे जिनका विजय तिलक कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अतिथियों का संस्था द्वारा स्मृति चिन्ह व साल भेंटकर सम्मानित किया गया।

## संपादकीय

# यूक्रेन युद्ध खाद्य संकट का कारण

**ओडेसा** बंदरगाह शहर पर रूसी सेना के हमलों ने संयुक्त राष्ट्रसंघ द्वारा कराया समझौता खटाई में फंस गया है जिसका उद्देश्य वैश्विक खाद्य संकट से निपटना था। यूक्रेन के राष्अ्रपति वोलोदिमिर जेलेन्स्की ने उचित ही शनिवार को ओडेसा बंदरगाह शहर पर हुए हमलों को बर्बरता की सीमा कहा है। मिसाइलों से किए गए हमले से संयुक्त राष्ट्र द्वारा कराया समझौता संकट में पड़ गया है जिसका उद्देश्य काला सागर क्षेत्र से खाद्यान्नों की आपूर्ति सुनिश्चित कर विश्व खाद्य संकट में राहत पहुंचाना था। क्रेमलिन ने हमेशा की तरह झूठ बोलते हुए दावा किया है कि उसका लक्ष्य सैनिक ढांचागत संरचना थी। संयुक्त राष्ट्र महासचिव जनरल एंटोनियो गुटेरेस इससे और हतोत्साहित हुए हैं क्योंकि विश्व संस्था का सम्मान मिट्टी में मिल गया है। जब रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन ने अकारण व अनावश्यक रूप से असहाय युक्रेनवासियों पर हमला बोला था तब गुटेरेस ने पुतिन से मंद स्वरों में भावुक अपील की थी। उन्होंने कहा था, 'राष्ट्रपति पुतिन, मानवता के नाम पर अपने सैनिकों को रूस में वापस बुला लें।' यह एक प्रकार से घेरे में फंसी किसी हिंदी फिल्म नायिका द्वारा प्रेम चोपड़ा या रनजीत जैसे खलनायकों से की जाने वाली प्रार्थना थी कि 'भगवान के लिए मुझे छोड़ दो'। अब रूस, यूक्रेन तथा मध्यस्थ तुर्की द्वारा हस्ताक्षरित समझौते के बाद संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने कहा है कि समझौता 'उम्मीद की किरण' था। लेकिन समझौते पर हस्ताक्षर होने के 24 घंटे के भीतर यह उम्मीद टूट गई है। सीएनएन की एक रिपोर्ट के अनुसार, 'गुटरेस तथा उन सभी लोगों के लिए दुःख की बात है कि समझौते ने आखिरकार रूस पर विश्वास करने की सीमा स्पष्ट कर दी है। महीनों तक चले राजनयिक गतिरोध के बाद आखिरकार मास्को और कीव इस समझौते पर सहमत हुए थे।' पुतिन का रूस लगातार एक दुष्ट देश की तरह व्यवहार कर रहा है, दोमुंही बाते कर रहा है तथा उन पर अमल करते हुए हमले कर पड़ोसियों को आतंकित कर रहा है।

हालांकि, कुछ नैतिक व तार्किक आधारों पर पुतिन की आक्रामकता को उचित ठहराया जा सकता है। उन्होंने यूक्रेन पर नरसंहार का आरोप लगाया, पर बड़ी संख्या में हत्याओं के कोई प्रमाण नहीं दिए। उन्होंने कहा कि वे यूक्रेन के 'वि-सैन्यीकरण व वि-नाजीकरण' के पक्ष में हैं। लेकिन जेलेन्स्की एक यहूदी है और उन्होंने पूछा 'मैं नाजी कैसे हो सकता हूं?' ऐसा भी नहीं है कि यूक्रेन में यहूदीवाद-विरोध का वर्चस्व हो या जेलेन्स्की केवल प्रतीकात्मक राष्ट्रपति हों, अतः आरोप से कुछ भी सिद्ध नहीं होता है। यूक्रेन द्वारा अपने एक राष्ट्रपति के रूप में यहूदी को चुनना ऐसा तथ्य है जिससे स्पष्ट होता है कि इस पूर्वी यूरोपीय देश में यहूदीवाद-विरोध का लगभग कोई स्थान नहीं है। इस्राइल के अलावा दुनिया में कोई ऐसा देश नहीं है जहां का राज्य प्रमुख यहूदी हो। वास्तव में ऐसा कोई देश तलाशना भी कठिन है जहां कभी कोई यहूदी राष्ट्र या सरकार का मुखिया रहा हो। लेकिन सत्ता और अहंकार के नशे में डूबे पुतिन ने युद्ध शुरू कर दिया और जिसे समाप्त करने का उनका कोई इरादा नहीं दिखता है। ओडेसा हमलों पर प्रतिक्रिया करते हुए यूक्रेनी संसद के सदस्य ओलेक्सी गोनचारेंको ने कहा था कि रूस 'दिखा रहा है कि वह विश्व की खाद्य सुरक्षा को लगातार खतरे में डालना चाहता है।' अमेरिकी विदेश सचिव एंटोनी ब्लिंकेन की प्रतिक्रिया भी निराशा व्यक्त करती है। उन्होंने कहा, 'इस हमले से रूस की प्रतिबद्धता की विश्वसनीयता पर गंभीर संदेह पैदा होता है।' ब्रिटेन में प्रधानमंत्री पद के दो सर्वोच्च दावेदारों में शामिल व विदेश मंत्री लिज ट्रस ने कहा, 'इसने दिखा दिया है कि पुतिन के कहे एक शब्द पर भी विश्वास नहीं किया जा सकता है।' लेकिन समस्या यह है कि व्लादीमिर पुतिन घातक नाभिकीय हथियारों के स्वामी हैं और इसी कारण यह दुनिया एक खतरनाक स्थान बन गई है।

# छत्तीसगढ़ी पर्व हरेली है जनहितैषी

**छत्तीसगढ़ की पहचान, यहॉ के धरोहर और लुप्त होती परंपरायें पत्थर की मूरत बनी अहिल्या की भांति किसी राम के आने और उसके स्पर्श से सजीव हो जाने की चाह में घुटती रही। दिसम्बर 2018 में माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में नई सरकार बनी तब इन्होंने छत्तीसगढ़ महतारी और उनके रहवासियों की पीड़ा को हरने का बीड़ा उठाया।**



**विजय मिश्रा 'अमित'**
पूर्व अति
महाप्रबंधक(जन)
छग पावर कंपनी





## हरेली पर्व 28 जूलाई विशेष आलेख

भारत ही नहीं अपितु विश्व के मानचित्र पर सभ्यता और संस्कृति की दृष्टि से जगमगाते हुये अंचल का नाम है, छत्तीसगढ़। नवम्बर 2000 में जब इसे स्वतंत्र राज्य का दर्जा मिला तो यहॉ के रहवासियों के मन में एक आश जगी कि सदियों से उपेक्षित इस पिछड़े अंचल की लुप्त होती लोककला-संस्कृति, पर्व-परंपराओं, खाई-खजाना,रीति-रिवाजों को पुनर्जीवित एवं प्रतिष्ठित होने का सुनहरा अवसर मिलेगा, किन्तु यह आश एक लम्बे अर्से तक मन में धरी की धरी रह गयी।

छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया का नारा तो खूब उछला, पर इसके साथ ही छत्तीसगढ़िया छला गया की आम चर्चा भी होती रही। खासकर इन अर्थों में कि यहॉ के तीज त्यौहार, वेशभूषा, व्यंजन, गहने, प्राचीन देवालय, स्मारक आज भी विशेष पहचान के लिये मोहताज हैं। छत्तीसगढ़ की पहचान, यहॉ के धरोहर और लुप्त होती परंपरायें पत्थर की मूरत बनी अहिल्या की भांति किसी राम के आने और उसके स्पर्श से सजीव हो जाने की चाह में घुटती रही। दिसम्बर 2018 में माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में नई सरकार बनी तब इन्होंने छत्तीसगढ़ महतारी और उनके रहवासियों की पीड़ा को हरने का बीड़ा उठाया। उन्होने इस बात को समझा कि- जिस गॉव में बारिश न हो वहॉ की फसलें खराब हो जाती है, जिस घर में धर्म-संस्कार न हो वहॉ की नस्लें खराब हो जाती है।इस सच्चाई को समझने जानने के लिए ही अनादि काल से पूरखों ने तिथि विशेष पर पर्वो को मनाने चिंतन कर चिन्हित किया।

छत्तीसगढ़ी पर्वों पर अवकाश सार्थक निर्णय नई सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ की परम्परागत धरोहर, काम-धन्धें, तीज त्यौहार को संजोने के लिये अनेक निर्णय लिये गये। जिनसे आमजनों के भीतर ''गढ़बो नवा छत्तीसगढ़'' की भावना विकसित हुई और प्रबल आत्मविश्वास की ज्योति सम्पूर्ण ऊर्जा के साथ जल उठी।छत्तीसगढ़ में पहली बार हरेली,तीजा, विश्वआदिवासी दिवस,भक्त माता कर्मा जयंती,छेरछेरा पर अवकाश रखने का निर्णय लिया गया। इन लोकपर्वों पर अवकाश रखने के फैसले का स्वागत समूचे छत्तीसगढ़ ने किया।

यह एक ऐसा ऐतिहासिक फैसला है,जो प्रदेश की नई पीढ़ी के लोगों को यह बताने में शतप्रतिशत कारगर हुआ कि जनमानस की जिंदगी पर लोक परंपराओं का कितना गहरा असर होता है। इन पर्वों पर अवकाश रखने की चर्चा के साथ ही साथ नरवा,गुरूवा, घुरूवा अउ बारी के संरक्षण और उन्नत बनाने की दिशा में छत्तीसगढ़ में हो रहे कार्यों की चर्चा भी राष्ट्रीय स्तर पर हो रही है।

**स्कूलों में पहली बार गेंड़ी दौड़ –** प्रति वर्ष श्रावण मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को मनाया जाने वाला पर्व 'हरेली' इस बार इतिहास रचने जा रहा है। प्रदेश भर में इसे धूमधाम से मनाने की सराहनीय पहल हुई है। अवकाश के बावजूद स्कूलों में राष्ट्रीय पर्वों की भांति हरेली को धूमधाम से मनाने की पहल हुई है। छात्रों को इससे न केवल अपने रीतिरिवाज़ों को जानने जूड़ने का अवसर मिलेगा अपितु उनके भीतर नव उत्साह का भी संचार होगा।

**नीम की पत्तियों का तोरन –** मूलतः हरेली किसानों का पर्व है। यह पर्व जहॉ छत्तीसगढ़ के कृषि जगत को उन्नत बनाने का संदेशा देता है वहीं पेड़ पौधे और पर्यावरण को संरक्षित करने की महत्ता को भी उजागर करता है। हरेली पर्व पर नीम पेड़ की पत्तियों को घर घर के द्वार पर लगाने का प्रचलन है। इसके पीछे यह राज है कि बारीश के दिनों में तरह-तरह के संक्रमण से बीमारियॉ जन्म लेती है। इन बीमारियों को फैलाने वाले रोगाणुओं-कीटाणुओं को मारने की शक्ती नीम के पत्तों में होती है।साथ ही मनुष्य के भीतर संक्रमण को रोकने की प्रतिरोध शक्ती भी नीम में निहित होती है।

**प्रकृति से जूड़ने का पर्व –** हरेली पर्व प्रकृति से जुड़ने की महत्ता के साथ ही पशुओं के प्रति दया भाव को बनाये रखने का संदेश देता है। इस पर्व पर किसान परिवार द्वारा हल, बैल और खेती के अन्य कामों में उपयोग आने वाले औजारों की साफ़सफ़ाई कर उनकी पूजा की जाती हैं। गाय-बैल-भैंसों को निरोगी रखने के लिए नमक के साथ औषधियुक्त पत्तियों का सेवन करवाया जाता हैं। इस तरह हरेली त्यौहार पशु धन की हिफ़ाजत का भी संदेश देता हैं, अतः इसमें कोई दो राय नहीं है कि इस लोकहितैषी पर्व पर घोषित अवकाश आमजनों को प्रकृति, संस्कृति से जुड़ने हेतु बेहतरीन माहौल बनाने में सार्थक सिद्ध होगा। हरेली पर्व छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा लोकहितैषी पर्व है,इसे राजकीय त्यौहार का दर्जा देने पर विचार किया जाना समय की मांग हैं।

'जीवन की किताबों पर बेशक नया कव्हर चढ़ाइये, पर बिखरे पन्नों को पहले प्यार से चिपकाइये' को अमल में लाते हुये हरेली पर्व पर अवकाश देकर नई सरकार की नई सोच ने नई पीढ़ी को गॉवों से जोड़ने,गेड़ी चढ़ने, बैल गाड़ी दौड़ को देखने, नारियल फेंक स्पर्धा में भागीदारी देने, बांटी-भौरा को जानने, ठेठरी-खुरमी का स्वाद चखने का उम्दा अवसर प्रदान किया है। जिसकी सराहना छत्तीसगढ़ का हर सियान कर रहा है।

# साम्प्रदायिक विद्वेष को लेकर भारत की चिंता



**जेएल कौल जलाली**
(लेखक स्वतंत्र वरिष्ठ पत्रकार हैं)

भारत ने फिर से दुनिया को धार्मिक भय में निहित खतरों के बारे में आगाह किया है। हिंदू फोबिया के साथ-साथ सिख विरोधी और बौद्ध विरोधी फोबिया के मुद्दे को उठाते हुए, इसने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र से दुनिया में प्रचलित ऐसे फोबिया पर विचार या चर्चा करते हुए तार्किक संतुलन सुनिश्चित करने के लिए उचित कदम उठाने का आह्वान किया। धार्मिक भय पर दोहरे मापदंड नहीं हो सकते हैं और इनका मुकाबला करना एक चयनात्मक अभ्यास नहीं होना चाहिए।

इस साल की शुरुआत में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इस्लामोफोबिया से निपटने के लिए 15 मार्च को अंतराष्ट्रीय दिवस के रूप में घोषित करने के लिए पाकिस्तान द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव को अपनाया। अठारह जून को अभद्र भाषा का मुकाबला करने पर अंतर्राष्ट्रीय दिवस की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एक उच्च स्तरीय कार्यक्रम में बोलते हुए, संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि टी.एस.तिरुमूर्ति ने कहा कि धार्मिक भय से निपटने के लिए चयनात्मक दृष्टिकोण अच्छी तरह से स्थापित हो सकता है एक मिसाल जो चुनिंदा धर्मों के आधार पर फोबिया पर कई प्रस्तावों को जन्म देगी जो विश्व निकाय को धर्म शिविरों में बदल सकती है। चयनात्मक दृष्टिकोण पूरी तरह से जमीन पर वास्तविकताओं से असंबंधित है, एकतरफा और अतार्किक है। इससे पहले मार्च 2020 में इस तरह की एक बड़ी घटना में काबुल के एक गुरुद्वारे पर कट्टरपंथियों द्वारा किए गए बम हमले में पच्चीस सिख उपासकों की मौत हो गई थी। पिछले कई दशकों के दौरान अफगानिस्तान में हिंदुओं और सिखों पर इस तरह के हमलों और अत्याचारों ने अफगानिस्तान में उनकी आबादी लगभग पूरी तरह से कम कर दी है, जो 1979 में तत्कालीन सोवियत सेना द्वारा देश पर कब्जे से पहले सात लाख से अधिक थी।

2001 में जब तालिबान अफगानिस्तान में अपनी शक्ति के चरम पर थे, बामियान में दो बुद्धों के आधार और कंधों पर विस्फोटक रखे गए थे, जिससे वे टुकड़े-टुकड़े हो गए। पूरी दुनिया आक्रोशित और




स्तब्ध थी। क्या आक्रोश इस्लामोफोबिया की प्रतिक्रिया थी या काफिरों के देवताओं को नीचे गिराने और अंततः दुनिया पर हावी होने के एक आदेश की पूर्ति थी? यह विश्व निकाय के ऐसे दोषपूर्ण दृष्टिकोण हैं जो वास्तविकता से असंबंधित हैं जो इसकी विशाल अपर्याप्तता को दर्शाता है और इसे पूरी तरह से प्रतिनिधि और बाद के सुधार के लिए तत्काल पुनर्गठन के लिए कॉल करने के लिए विश्वसनीयता जोड़ता है।

सबसे बुरी बात यह है कि पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के पवित्र स्थानों पर हमले भी आवर्ती घटनाओं में बदल गए हैं। 31 दिसंबर, 2020 को, कट्टरपंथी इस्लामी जमीयत-ए-इस्लाम के समर्थकों के नेतृत्व में पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के करक जिले में एक हिंदू धार्मिक नेता की समाधि सहित एक हिंदू मंदिर में कुछ मौलवियों और भीड़ ने आग लगा दी थी। पाकिस्तान में पार्टी फजलुर रहमान समूह। इस तरह के जघन्य अपराध पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के खिलाफ धार्मिक आधार पर लगभग दशकों पुराने भेदभाव और उत्पीड़न पर ध्यान केंद्रित करते हैं और भारत के तत्कालीन प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरू और पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधान मंत्री लियाकत अली के बीच हुए नेहरू-लियाकत समझौते की ओर ध्यान आकर्षित करते हैं। तथ्य यह है कि 1947 में भारत के विभाजन के बाद, पाकिस्तान में रहने वाले हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन और ईसाई अल्पसंख्यकों की आबादी में भारी कमी आई है, जबकि उन क्षेत्रों में रहने वाले मुसलमानों की आबादी जो बाद में भारतीय संघ बन गई, बहुत बढ़ गई है। . जबकि भारत में अल्पसंख्यकों के अधिकारों और सुरक्षा को लगातार और प्रभावी ढंग से सुरक्षित रखा गया है, पाकिस्तान ने लगातार अल्पसंख्यकों की उपेक्षा और उत्पीड़न के माध्यम से संधि के प्रावधानों का लगातार उल्लंघन किया है।

भारत ने विश्व निकाय से यह भी कहा है कि वह आतंकवादी समूहों के पीछे की प्रेरणा को चिह्नित करने के प्रयासों के बारे में समान रूप से चिंतित है, जो दुनिया को ग्यारहवें सितंबर 2001 से पहले के युग में वापस धकेल सकता है, जब राज्य की नीति की सहायता के लिए आतंकवादी समूहों का उपयोग करने में शायद ही कोई मज़बूरी थी। . आतंकवाद से लड़ने के लिए संयुक्त राष्ट्र की नवीनतम रणनीति का उल्लेख करते हुए, भारत ने सुरक्षा परिषद को नई शब्दावली और झूठी प्राथमिकताओं से सावधान रहने के लिए भी आगाह किया है जो आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को कमजोर कर सकती हैं। आतंकवाद का कोई भी कमजोर पड़ने से अवांछनीय अंत प्राप्त करने के लिए इसे एक मान्यता प्राप्त साधन में बदल सकता है।

भारत आतंकवाद विशेष रूप से सीमा पार आतंकवाद का सबसे खराब शिकार रहा है, हालांकि यह असहिष्णुता और नफरत के खिलाफ सबसे मजबूत सुरक्षा कवच रहा है। इसकी बहुसांस्कृतिक इमारत ने इसे हमेशा उन सभी लोगों के लिए एक आश्रय स्थल बना दिया है, जिन्होंने कभी न कभी भारत में शरण ली थी, भले ही वे यहूदी, पारसी, तिब्बती या भारत के पड़ोस के लोग हों। भारत अपनी आवश्यक जांच और संतुलन के साथ लोकतंत्र के सिद्धांतों का पालन करता रहा है और जब भी या जहां भी कोई विपथन होता है, उसे कानून के दायरे में संबोधित किया जाता है और देश को बाहरी लोगों से चुनिंदा आक्रोश की आवश्यकता नहीं होती है। इंडिस का दृढ़ विश्वास है कि बहुलवाद पर आधारित समाज जहां हर धर्म का सम्मान किया जाता है, सहिष्णुता और सद्भाव के लिए अनिवार्य है। आतंकवाद का राक्षस सदैव वैश्विक मानव सभ्यता और वैश्वीकृत व्यवस्था के विकास को बाधित करता है। भारत ने न केवल इब्राहीम धर्मों के खिलाफ, बल्कि अन्य सभी धर्मों के अनुयायियों के खिलाफ घृणा, हिंसा, कट्टरवाद, उग्रवाद और आतंक का मुकाबला करने के लिए अंतराष्ट्रीय समुदाय द्वारा ठोस प्रयासों के लिए संयुक्त राष्ट्र के मंचों सहित लगातार अनुरोध किया है।

## फरमाया



**शिव** स्वरूप बाबा अमरनाथ देश में हैं, पर शक्तिस्वरूपा शारदा देवी धाम अभी एलओसी पार है। पीओके पर पाकिस्तान का अवैध कब्जा है।

– **राजनाथ सिंह**
रक्षा मंत्री



**अखिलेश** ने हमें तलाक दिया है। तलाक कबूल है। हम अति पिछड़ों के लिए संघर्ष करते रहेंगे।

– **ओम प्रकाश राजभर**
सुभासपा नेता



**सपा** को किसी की सलाह की जरूरत नहीं है। कोई गुस्सा है तो मैं क्या करूं? इन दिनों राजनीति पीछे से हो रही है।

– **अखिलेश यादव**
समाजवादी पार्टी नेता

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार
या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे
ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## नकारात्मक राजनीति

**ईडी** द्वारा राहुल गांधी और सोनिया गांधी से पूछताछ का कांग्रेस जिस प्रकार संसद के भीतर और बाहर विरोध कर रही है यह इनकी सामंती मानसिकता का ही प्रतीक है। कांग्रेस के इस विरोध से यह लगता है कि गांधी परिवार अपने आप को कानून और संविधान से ऊपर समझता है। अशोक स्तंभ में बने शेरों की मुखमुद्रा पर हास्यास्पद आपत्ति उठाना , हर बार जारी होने वाली संसद में असंसदीय करार दिए जा सकने वाले शब्दों की सूची पर हंगामा करना , संसद परिसर में धरना प्रदर्शन पर रोक के निर्देश दशकों से जारी होने के बावजूद इन पर हंगामा करना। अग्निपथ योजना के तहत मिले साढ़े सात लाख आवेदनों ने कांग्रेस के विरोध की हवा निकाल दी है। महंगाई जैसे मुद्दों पर कांग्रेस का विरोध और विपक्ष को भड़काना उसके मुद्दाहीन होने को प्रकट करता है। सदन में तख्तियां लेकर प्रदर्शन करना और बार-बार अध्यक्ष के आसन के समीप आना यह कांग्रेस के अमर्यादित आचरण को प्रकट करता है इसी कारण कांग्रेस के चार सांसदों को शेष सत्र के लिए सदन से निलंबित किया गया है। राजस्व जुटाने के लिए सरकार जीएसटी की दरों में वृद्धि कर रही है। जबकि जीएसटी परिषद में सारे फैसले आम सहमति से लिए जा रहे हैं।

– **अतिवीर जैन**, मेरठ

## जनजातियों के लिए गर्व का विषय

**15** वें राष्ट्रपति के रूप में आदिवासी नेत्री द्रौपदी मुर्मू को भारत के उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने संसद के केंद्रीय कक्ष में राष्ट्रपति पद की शपथ दिलाई। उड़ीसा राज्य से संबंध रखने वाले द्रोपती मुर्मू ने एक शिक्षिका से अपने जीवन की शुरुआत की और आज देश के सर्वोच्च पद पर आसीन भारतीय संविधान एवम लोकतंत्र के प्रहरी बनी है। इस अवसर पर अपने प्रथम संबोधन में उन्होंने अपनी साहसिक यात्रा के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि बेहद कठिन परिस्थितियों में रहकर वे इस मुकाम तक पहुंची हैं। उन्होंने राष्ट्रपति पद तक पहुंचने के सफर को व्यक्तिगत उपलब्धि ना मानकर विनम्रता का परिचय दिया है। भारत के जनजाति समाज के लिए यह गौरव का विषय है कि उनकी एक बेटी भारत के सर्वोच्च पद पर हैं लेकिन इतने मात्र से ही आदिवासी जनजातियों का भला नहीं होने वाला है। आदिवासी समुदाय की अपनी संस्कृति है उनके लिए जल जंगल और जमीन जीवन मरण का प्रश्न है जिस पर केंद्र और राज्य सरकारों को काम करना होगा. कई राज्यों में नक्सलाइट समस्या है जिस पर सरकार को विशेष ध्यान देना होगा। सरकार को आदिवासी क्षेत्रों में औद्योगिक प्रगति की राह खोजनी होगी।

– **वींरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

## सत्ता के लिए राजनीति

**केंद्रीय** गृहमंत्री राजनाथ सिंह का बयान पंडित नेहरू की बहुत से लोग आलोचना करते हैं। लेकिन मैं नहीं कर सकता। किसी की नीतियां खराब हो सकती है, नीयत नहीं। वहीं दूसरी तरफ केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बहुत ही बेबाकी से कहा है कि महात्मा गांधी के समय से राजनीति देश, समाज के विकास के लिए होती थी, अब राजनीति सिर्फ सत्ता के लिए होती है। चाहे इन केंद्रीय नेताओं का आज के राजनीतिक हालातों को देखते हुए इनका दर्द कह सकते हैं या आत्मा की आवाज। महात्मा गांधी तो कहते थे कि देश के निर्माण, समाज व मानव के उत्थान के लिए राजनीति से अच्छा कोई सेवा का माध्यम दूसरा नहीं हो सकता है। लेकिन दुखद विडंबना है कि आज राजनीति केवल वोट हथियाने व सत्ता पाने का माध्यम भर रह गई है, अनैतिकता ही नैतिकता बन गई है। राजनीति, देश, समाज व मानवता से कोसों दूर हो गई हैं। आजकल राजनीति सेवा नहीं, इसके नाम पर मेवा खाने का काम हो रहा है। केंद्रीय मंत्रियों के बयान में यह गूंज साफ सुनी जा सकती है।

– **हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

# शहरवासियों के लिए अभिशाप बनी अमृत मिशन योजना बिना मानिटरिंग के ठेका कंपनी कर रही मनमानी काम

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



शहर के लिए अमृत मिशन योजना नासूर बन गई है। इसका मुख्य कारण नगर निगम प्रशासन की लापरवाही और अमृत मिशन ठेका कंपनी की मनमानी है। पाईप लाईन बिछाने के लिए जगह जगह गढ्ढे तो खोद दिये जा रहे हैं लेकिन निगम की ओर से सही मानिटरिंग नहीं होने से उन्हे वापस भरने के काम में ठेका कंपनी कोताही बरत रही है। भराव सही नहीं होने की वजह से बरसात में मिट्टी धसकने से वापस गढ्ढे हो जा रहे हैं जिसमें आवागन करने वाले वाहन फंस कर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं।आखिरकार नगर निगम प्रशासन ने ठेका केपनी को मनमानी करने की छुट क्यों दे रखी है यह यक्ष प्रश्न शहरवासियों के सामने है।

अमृत मिशन योजना के लागू होने से शहरवासियों को पेयजल की आपूर्ति सुचारू रूप से होने की आस जगी थी लेकिन अमृत मिशन योजना सफेद हाथी सिद्ध हो रही है। दुसरी ओर ठेका कंपनी द्वारा पाईप लाईन बिछाने के नाम पर रायगढ़ शहर को गढ्ढों का शहर बना कर छोड़ दिया है। दरअसल पाईप लाईन बिछाने के लिए गढ्ढे खोदे जाने पर पुरी गुणवत्ता के साथ वापस गढ्ढों को भरने की जिम्मेदारी भी ठेका कंपनी की है,लेकिन ठेका कंपनी गढ्ढों को भरने में कोताही बरत रही है जिसका खमियाजा शहरवासियों को भुगतना पड़ रहा है। शहर के गली मोहल्लों के अलावा मरिन ड्राईव की हालत किसी से छिपी नहीं है। नगर निगम के कोई भी अधिकारी अमृतमिशन के चल रहे कार्यों की मानिटरिंग नहीं करते हैं जिससे ठेका कंपनी मनमानी ढंग से काम कर रही है। गढ्ढों को सही रूप से नहीं भरने के कारण बरसात में मिट्टी के धसकने से सड़कें फिर से गढ्ढों में तब्दिल हो रही है और उसमें पानी जमा हाने से गहराई काअंदाज नहीं लग पाता है जिसके परिणाम स्वरूप दुपहिया वाही या फिर चार पहिया वाहन फंस रही है और दुर्घटना में लोग चोटिल हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि कई बार नगर निगम में इस बात की शिकायत की जा चुकी है लेकिन निगम के अधिकारियों की ठेका कंपनी के संचालक से पता नहीं क्या रिश्तेदारी है कि उसके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए निगम प्रशासन के अधिकारी कलम ही नहीं उठाते हैं। हाल ही में मरीन ड्राईव में ठेका कंपनी की इस तरह की लापरवाही के कारण चारपहिया वाहन फंस गई। वहीं ठेका कंपनी के अनुसार मरीन ड्राईव का कार्य पूर्ण कर दिया गया है लेकिन गढ्ढे व कीचड़ की वजह से इस रोड से चार पहिया तो क्या पैदल चलना भी मुश्किल है। कुल मिला कर यदि यह कहें कि शहर को ठेकेदारों के भरोसे छोड़ कर निगम के अधिकारी घर में बैठ कर लक्ष्मी पूजन में लगे हैं तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी।

## नहीं दिखता विपक्ष

शहर की इस तरह दुर्गति होने के पीछे एक मुख्य कारण विपक्ष का जनहित के मुद्दों पर मौन रहना भी है। सत्ता पक्ष के जनविरोधी कार्यों के प्रति विपक्ष कभी मुंह ही नहीं खोलता। बिना किसी योजना के जूटमिल क्षेत्र में जानकी की वानकी निर्माण, अमृत मिशन में अंधाधुंध नल कनेक्शन बांट कर किया गया भ्रष्टाचार, पाईप लाईन बिछाने में भ्रष्टाचार जैसे किसी भी मुद्दे पर विपक्षी पार्टी भाजपा आवाज बुलंद करने में या तो पुरी तरह फेल है या फिर भाई भाई मिल बांट के खाई की तर्ज पर बोलना ही नहीं चाहती है।

# पति को मौत के घाट उतारने वाली पत्नी को चांपा पुलिस ने पहुंचाया सलाखों के पीछे

पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



प्रार्थी छोटेलाल सूर्यवंशी द्वारा थाना चांपा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह आटो चलाने का काम करता है इन लोग 6 भाई एवं 3 बहन है। इनके पैतृक जमीन मकान का हिस्सा बंटवारा संबंधी मामला तहसीलदार चाम्पा के न्यायालय में चल रहा है । जिसकी पेशी में इनकी बहन लोग उपस्थित नहीं हो रहे थे। उक्त मामले की पेशी दिनांक 25.07.22 को था जिसमें इसका छोटा भाई विजय सूर्यवंशी पेशी पर तहसील न्यायालय चांपा गया था । दोपहर करीबन 02.30 बजे के आसपास प्रार्थी अपने घर में था उसी समय इसके भाई विजय सूर्यवंशी के घर झगडा होने की आवाज आने पर उसके घर गया तो इसका भाई नशे के हालत में अपने बेटे को गाली गलौच कर रहा था तब इसके द्वारा अपने भाई को समझाकर शांतकर वापस अपने घर आ गया और आटो चलाने चला गया था। शाम करीबन 06 बजे के आसपास आटो चलाकर अपने घर वापस आया तब देखा कि इसका भाई विजय सुर्यवंशी के घर के सामने भीड़ लगी थी जहॉ डायल 112 की गाडी खडी थी जिसमें मेरे भाई को बिठाकर रखे थे उसके सिर मे काफी गंभीर चोट लगी थी एवं खून बह रहा था जो बेहोश हो गया था। प्रार्थी द्वारा घटना के संबंध में अपने भाई बहू फोटोबाई एवं भतीजा से पूछने पर उनके द्वारा पर्ची गुमा दिये हो कहकर गाली गुप्तार करने एवं चाकू लेकर मारने दौड़ने से गुस्से में आकर लोहे की बेडी से मारपीट करना जिससे चोंट आना बताने पर इसके भाई विजय सुर्यवंशी एवं इसकी भाई बहू फोटोबाई तथा भतीजा को डायल 112 के वाहन में बीडीएम अस्पताल चाम्पा ले गये। जहॉ ईलाज के दौरान इसके छोटे भाई विजय सूर्यवंशी की मृत्यु हो गई। जिस पर थाना चांपा में आरोपियों के विरूद्ध धारा 302,34 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# प्लास्टिक कैरी बैग के खिलाफ चला अभियान, 10 दुकानों पर निगम की दबिश



पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

निगम की टीम द्वारा प्लास्टिक कैरीबैग के विरुद्ध मंगलवार की शाम कार्यवाही की गई। इस दौरान 10 किलो प्लास्टिक कैरीबैग और 10 बंडल थर्माकोल जब्त किया गया, वही दुकानदारों के विरुद्ध 8400 रुपए जुर्माना लगाया गया। निगम की टीम द्वारा प्लास्टिक कैरीबैग उपयोग नहीं करने के लिए शहरवासियों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी तरह बाजार में दुकान लगाने वालों एवं दुकान संचालकों को प्लास्टिक कैरीबैग नहीं रखने की समझाइश दी गई दी जा रही है। इसके लिए लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई भी की जा रही है। मंगलवार की शाम श्याम टॉकीज से लेकर एसपी कॉन्प्लेक्स व सुभाष चैक तक दुकानों की जांच की गई। इस दौरान करीब 10 दुकानों से 10 किलो प्लास्टिक कैरीबैग निगम की टीम द्वारा जब्त किया गया। इसी तरह 10 बंडल थर्माकोल भी जब्त किया गया। कार्यवाही के दौरान 10 दुकानदारों से 8400 रुपए जुर्माना वसूल किया गया और प्लास्टिक कैरीबैग नहीं रखने की समझाइश दी गई। इस दौरान संजय मार्केट के भी कुछ बड़े दुकानों की जांच की गई और किसी भी तरह के प्लास्टिक कैरीबैग प्रतिबंधित होने और उपयोग करते पाए जाने पर जुर्माना व जब्ती की कार्यवाही करने की समझाइश दी गई। कार्यवाही के दौरान प्रभारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी रमेश तांती, राजस्व निरीक्षक राजू पांडे, सफाई दरोगा अरविंद द्विवेदी, श्रीमती कविता बेहरा, राम रतन पटेल सहित निगम के कर्मचारी उपस्थित थे।

# न्यायालय ले जाते समय वाहन से कूदकर भागा आरोपी, आरक्षकों ने दौड़ाकर पकड़ा

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



गांजा रखने के आरोप में बंदी आरोपी को न्यायालय में पेश करने के लिये सारंगढ़ से रायगढ़ लाये जाने के दौरान चलते वाहन से कूदकर बंदी फरार हो गया। जिसे कुछ देर पश्चात ही ढूंढ रहे आरक्षकों ने कोड़ातराई चैराहे के पास धर दबोचा।

थाना सारंगढ़ के गांजा तस्करी संबंधी धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट प्रकरण के आरोपी अर्जुन भारद्वाज पिता ताराचंद भारद्वाज उम्र 21 साल साकिन बरेकेल खुर्द थाना हसौद जिला जाजंगीर-चांपा (छ.ग.) को 24 जुलाई को थाना सारंगढ़ के आरक्षक वीरेन्द्र महंत और महेन्द सिदार शासकीय सूमो वाहन में न्यायिक रिमाण्ड पर पेश करने जिला न्यायालय रायगढ़ लेकर आ रहे थे कि शाम करीब 04 बजे ग्राम कोडातराई के पास रोड़ में जाम होने पर वाहन की गति धीमे होने से आरोपी अर्जुन भारद्वाज अचानक टाटा सुमो वाहन के गेट को खोलकर दौड कर भागने लगा जिसे दोनों आरक्षक और वाहन का चालक आसपास ढुंढे और ग्राम केडातराई में पकड़े। घटना के संबंध में आरक्षक वीरेन्द्र महंत थाना कोतवाली में लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। आरोपी को एनडीपीएस एक्ट और धारा 224 के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर पेश किया गया है।

# पति की प्रताड़ना से तंग पत्नी ने फांसी लगाकर दी जान

**रायगढ़.** थाना लैलूंगा के मर्ग धारा 174 जा.फौ. की मृतिका श्रीमती कुमारी भुईहर पति राजकुमार भुईहर उम्र 32 साल साकिन लमडांड के मृत्यु की जांच पर उसके पति पर आत्महत्या के लिये उत्प्रेरित करने का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। मर्ग जांच दौरान मृतिका के मायके पक्ष के लोगों एवं उसके घर आसपास रहने वालों से पूछताछ कर बयान लिया। मृतिका का भाई बताया कि कुमारी भुईहर का शादी करीब 15 साल पहले ग्राम लमडांड के राजकुमार भुईहर के साथ सामाजिक रीति के साथ हुआ है जिसके 04 बच्चे हैं। कुमारी भुईहर का पति राजकुमार हमेशा लडाई झगडा करता था। इस कारण कई बार लमडांड में आकर मिटिंग भी किए थे। 10 जनवरी 2011 की रात बहन का लडका परखित फोन करके बताया कि मां (कुमारी भुईहर) घर के परछी के म्यार में प्लास्टिक रस्सी से फांसी लगाकर लटकी हुई है, मर गई है। तब अचंभित हो गये, दूसरे दिन सबेरे जाकर देखे। अन्य गवाह भी बताये कि राजकुमार भुईहर उसकी पत्नी कुमारी को झगड़ा मारपीट करता था जिससे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मर्ग जांच से आरोपी राजकुमार भुईहर पर धारा 306 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

# शराब मे कीटनाशक जहर मिलाकर हत्या करने वाले 01 आरोपी को गिरफ्तार करने में थाना बलौदा पुलिस को मिली सफलता



पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

ग्राम बुचीहरदी में राम कुमार कोल, सत्यम कोल एवं दीपक प्रजापति के द्वारा शराब सेवन के उपरांत सत्यम कोल की मृत्यू होने एवं राम कुमार कोल की हालत गंभीर होने से थाना बलौदा में मृतक सत्यम कोल के पिता संतोष कोल की रिपोर्ट पर मर्ग क्रमांक 37/22 धारा 174 जा.फौ. कायम कर मर्ग जांच कार्यवाही की गयी। मर्ग जाच के दौरान के दौरान मृतक सत्यम कोल उम्र 18 वर्ष निवासी बुचीहरदी के शव पंचनामा कार्यवाही उपरांत पीएम कराया गया। जांच के दौरान घटना स्थल से जप्त शराब की शीशी स्प्राइट की बोतल तथा आहत राम कुमार कोल की उल्टी एवं मृतक सत्यम के व्हीसरा का एफएसल से परीक्षण कराया गया। दिनांक 25 जुलाई को एफएसएल रिपोर्ट प्राप्त हुई रिपोर्ट में शराब की शीशी, आहत की उल्टी एवं मृतक के व्हीसरा में कीटनाशक होने की पुष्टि होने पर मृतक सत्यम कोल, आहत राम कुमार कोल एवं दीपक प्रजापति को कीटनाशक युक्त शराब देने वाले मिलन प्रजापति का कृत्य धारा सदर का पाये जाने से मर्ग जांच के आधार पर थाना बलौदा में धारा 302,307 भादवि दिनांक 26.07.22 को पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया।

# जिले को तिरंगामय बनाने कलेक्टर ने ली बैठक, स्वतंत्रता सप्ताह के रूप में होगा घर-घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com

जांजगीर-चांपा कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने 26 जुलाई को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक लेकर जिले के सभी नागरिकों से हर घर झंडा अभियान में शामिल होने के लिए आव्हान किया है,



उल्लेखित हो कि आजादी के अमृत महोत्सव का जश्न मनाने एवं राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए 11 से 17 अगस्त 2022 तक स्वतंत्रता सप्ताह में हर घर झंडा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, सिन्हा ने कहा कि हमारा राष्ट्र ध्वज राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है। आजादी की 75वीं वर्षगांठ पूर्ण होने पर मातृभूमि के प्रति कृतज्ञता एवं राष्ट्रीयता की भावना को संवर्धित करने के लिए हर घर झंडा अभियान में सहभागी बनें, कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि हर घर झंडा अभियान के अंतर्गत जिले भर में राष्ट्र गौरव को संवर्धित करने के लिए तिरंगा झंडा हर घर शासकीय-निजी कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, अर्धशासकीय कार्यालयों, व्यावसायिक, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, गैर सरकारी संगठनों के कार्यालयों में तिरंगा झंडा फहराया जाएगा। इस अभियान में स्वयं सेवी संस्थानों तथा व्यापारिक प्रतिष्ठानों को भी शामिल होंने की अपील की। उन्होंने कहा की अभियान से नई पीढ़ी को देश की आजादी का महत्व बताने का प्रयास है, देशभक्ति की भावनाओं को विकसित करने के साथ देश के प्रति समर्पित रहने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। महिला स्व सहायता समूहों के सदस्यों द्वारा झंडा निर्माण किया जाएगा।

# अड़भार में कृष्ण कुंज की स्थापना कर वृक्षारोपण कार्य को दिया जाएगा बढ़ावा : ज्योतिष गर्ग

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ सरकार की प्रत्येक नगरीय निकायों में कृष्ण कुंज की स्थापना के अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शक्ति आईएएस रैना जमील ने 26 जुलाई को नगर पंचायत अड़भार में स्थल निरीक्षण किया, इस दौरान एसडीएम रैना जमील के साथ नगर पंचायत के मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्रताप सिंह राजपूत, विधायक प्रतिनिधि ज्योतिष गर्ग, योगेंद्र कर्ष तथा छवि राठौर भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे,इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शक्ति रैना जमील ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कृष्ण कुंज की स्थापना की जानी है, जिसके लिए उपयुक्त स्थल का चयन कर शीघ्र ही इसके निर्माण कार्य को गति प्रदान की जाएगी, वहीं दूसरी ओर नगर पंचायत के विधायक प्रतिनिधि ज्योतिष गर्ग ने भी बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने कृष्ण कुंज की स्थापना के लिए उपयुक्त एवं पर्याप्त जगह है, जहां शासन की मंशानुरूप कृष्ण कुंज की स्थापना की जाएगी, जिसमें व्यवस्थित ढंग से तकनीकी प्राक्कलन के अनुसार सुंदर उद्यान एवं आवश्यकता अनुरूप स्थापना का कार्य किया जाएगा, तथा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रैना जमील ने भी नगर पंचायत अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के सुझाव के अनुरूप उपरोक्त स्थल का निरीक्षण किया तथा आगे की कार्रवाई करने की बात कही तथा एसडीएम रैना जमील ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अड़भार का निरीक्षण कर वहां स्वास्थ्य अधिकारी/ कर्मचारियों से भी व्यवस्था की जानकारी ली, साथ ही कहा कि छत्तीसगढ़ शासन स्वास्थ्य विभाग की मंशाअनुरूप यहां आने वाले प्रत्येक मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाई जाए तथा समय-समय पर स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं का भी शहरी एवं आसपास के क्षेत्रों में पर्याप्त प्रचार हो तथा लोग इसका समुचित लाभ ले सके इस दिशा में सभी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें,उल्लेखित हो कि छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विगत वर्ष श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन मौके पर प्रत्येक नगरीय निकायों में कृष्ण कुंज की स्थापना की घोषणा की थी, तथा मुख्यमंत्री ने कृष्ण कुंज की स्थापना के पीछे वृक्षारोपण के कार्य को बढ़ावा देना तथा कृष्ण कुंज में विभिन्न प्रकार के पौधारोपण कर लोगों को एक जन जागरूकता कार्य से जोड़ने की बात कही थी।

# शहरवासियों के स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेंगे : विकास केडिया

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

बीतें हफ्ते भर से रुक रुक कर हो रही बारिश की वजह से शहर के कई इलाकों में पानी का जमाव हो गया है जिसके कारण मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है साथ ही इन इलाकों सहित शहर में डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों के बढ़ने का खतरा भी बढ़ गया है लेकिन शहरी सफाई व्यवस्था के लिए जिम्मेदार निगम प्रशासन अब तक इसे लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहा है।



जिसे लेकर अब जिले के युवा भाजपा नेता व पूर्व भाजयुमो जिलाध्यक्ष विकास केडिया ने निगम प्रशासन को आड़े हाथों लेते हुए जमकर हमला बोल दिया है। शहर की बिगड़ती सफाई व्यवस्था को लेकर जारी अपनी प्रेस विज्ञप्ति में युवा भाजपा नेता विकास केडिया ने निगम प्रशासन को चेताते हुए दो टूक शब्दों में कहा कि शहरवासियों के स्वास्थ्य को लेकर अगर निगम प्रशासन की ओर से लापरवाही बरती गई तो वे इसे हरगिज़ बर्दाश्त नहीं करेंगे।

जारी विज्ञप्ति में युवा भाजपा नेता ने कहा कि बारिश के साथ ही शहर के मध्य शहरी क्षेत्रों जिसमें इंदिरा नगर, लालटंकी, दारोगापारा, गांधी गंज व कुछ अन्य इलाके जहां पिछली बार भी डेंगू का फैला था उन इलाकों सहित शहर के अन्य कई क्षेत्रों में बरसाती पानी का जमाव हो गया है जहां मच्छरों का प्रकोप भी काफी बढ़ गया है लेकिन निगम प्रशासन के सफाई अमले द्वारा न तो इन क्षेत्रों में फॉगिंग किया जा रहा है और न ही नालियों में आवश्यक दवाईयों का छिड़काव किया जा रहा है जिससे साफ पता चलता है कि निगम प्रशासन शहरवासियों के स्वास्थ्य को लेकर बिल्कुल भी फिक्रमंद नहीं है।

# पुसौर के गुरूकुल अंग्रेजी माध्यम स्कूल में किया गया पौधरोपण

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

रामदास द्रौपदी फाउंडेशन द्वारा पुसौर के गुरूकुल अंग्रेजी माध्यम स्कूल में पौधरोपण किया गया। साथ ही साथ विद्यालय के बच्चों में पौधे भी वितरित किए गये, जिससे कि बच्चे अपने-अपने घर के प्रांगण में या घर के आसपास उन पौधों का रोपण करके उनका संरक्षण करें। इससे उन बच्चों में पौधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा, क्योंकि उनकी अभिरूचि ही पर्यावरण संरक्षण के दृष्टि से महत्वपूर्ण है। जिसका कारण यह है कि यही बच्चे आनेवाले समय में, इस पृथ्वी के भविष्य निर्माता हैं और उनकी रूचि ही यह तय करेगी कि हमारा पर्यावरण के प्रति कैसा व्यवहार होना आवश्यक है। जिससे वे अपने पर्यावरण को संतुलित करने में अपनी अहम भूमिका का निर्वहन करेंगे। उक्त कार्यक्रम का संयोजन रामदास द्रौपदी फाउंडेशन की ओर से दयानंद अवस्थी ने की।




# अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन शाखा की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह

■ **अध्यक्ष वंदना रतेरिया के नेतृत्व में कार्यक्रम का हुआ आयोजन**

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com





अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन छत्तीसगढ़ प्रदेश के अंतर्गत नवगठित 2022- 2024 कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह 24 जुलाई को आयोजित किया गया, कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन छत्तीसगढ़ प्रदेश की अध्यक्ष सरोज सुनालिया कोरबा प्रमुख रूप से उपस्थित थी। कार्यक्रम के दौरान रायगढ़ की पूर्व अध्यक्ष रीना बापोड़िया ने नवनियुक्त अध्यक्ष वंदना रतेरिया को बैच पहनाकर अध्यक्ष पद का नए सत्र का कार्यभार सौंपा, इस दौरान आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में काफी संख्या में अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन रायगढ़ शाखा के पदाधिकारी/ सदस्य एवं मौजूद रहे साथ ही वंदना रतेरिया को पदाधिकारियों द्वारा नए सत्र के लिए उनकी ताजपोशी कर उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की गई। इस दौरान शपथ ग्रहण समारोह के विशिष्ट अतिथि के रूप में अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन छत्तीसगढ़ प्रदेश की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुधा अग्रवाल रायगढ़, ललिता सांवडिया, रेखा महमिया राष्ट्रीय पदाधिकारी भी प्रमुख रूप से उपस्थित थे तथा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश की अध्यक्ष सरोज सुनालिया कोरबा ने मुख्य अतिथि की आसंदी से कहा कि अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन ने राष्ट्रीय स्तर पर अपने कार्यों से अपनी एक अलग पहचान स्थापित की है, तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश में भी सभी बहनों ने अपनी शाखाओं के माध्यम से सम्मेलन के कार्यों को गति दी है, एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश इकाई द्वारा भी निरंतर सक्रियता के साथ कार्य किया जा रहा है,वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नए सत्र के लिए अध्यक्ष चुनी गई वंदना रतेरिया ने कहा कि हमारा यह सत्र राष्ट्रीयता एवं आध्यात्मिकता का सत्र है,तथा राष्ट्र द्वारा निर्धारित चार प्रकल्प एवं विशेष समिति के लिए सदस्यों को नियुक्त किया गया है, एवं रायगढ़ शाखा द्वारा निरंतर आप सभी के सहयोग से अपने सेवा, रचनात्मक एवं जनकल्याण के कार्यों को गति दी जाएगी तथा हमारी सभी बहने पूरी निष्ठा के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश का नाम पूर्व की तरह राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित हो सके, इस सोच के साथ हम सभी को काम करना है,कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन करते हुए रायगढ़ की पूर्व अध्यक्ष किरण अग्रवाल ने अपने विशिष्ट अंदाज में कार्यक्रम का संचालन किया साथ ही आगंतुक सभी अतिथि एवं सदस्यों का अभिवादन करते हुए उनकी गरिमामय उपस्थिति के लिए उनका आभार व्यक्त किया, शपथ ग्रहण समारोह के बाद रायगढ़ शाखा द्वारा तीज उत्सव का भी कार्यक्रम आयोजन किया गया, जिसमें मंच की सभी बहनों ने हौजी तथा अन्य गेम खेलें तथा नृत्य का भी आनंद उठाया एवं रायगढ़ शाखा द्वारा समस्त बहनों का सिंधारा भी किया गया। इस दौरान नए सत्र की अध्यक्ष वंदना रतेरिया ने अपनी नवीन कार्यकारिणी की भी घोषणा की।

# छुरिया जनपद के ग्राम मातेखेड़ा में सरपंच पति ने सैकड़ों ग्रामीणों के बीच उप सरपंच को पीटा

## मनरेगा कार्य में हुए फर्जी हाजिरी की बात से नाराज सरपंच पति का कारनामा

पायनियर संवाददाता ◄ छुरिया
www.dailypioneer.com




छुरिया जनपद के अंतर्गत आने वाले ग्राम मातेखेड़ा के सरपंच पति द्वारा वहीं के उपसरपंच को सरेआम पीट देने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में थाना गैंदाटोला में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए सरपंच पति के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत कार्यवाही की है। प्रार्थी उपसरपंच के बताये अनुसार दिनांक 05.06.2022 को गांव में चल रहे मनरेगा के तहत तालाब गहरी करण कार्य में बहुत सी अनियमितता देखने को मिली जिसमें सबसे बड़ी बात यह थी कि कुछ ग्रामीणों की फर्जी हाजरी भरी गई थी जिसकी जानकारी मनरेगा कार्य कराने वाले मेट योगेश कंवर से पूछा गया। उपसरपंच ने बताया की उसके द्वारा फर्जी हाजरी की बात की गई एवं मनरेगा के कार्य में ट्रैक्टर से कार्य नियम कानून को दरकिनार कर कैसे कराया जा रहा है साथ में कार्य में लगे ट्रेक्टर मालिक के घर से दो लोगों का हाजिरी भरा गया है यह कहा गया। उपसरपंच ने बताया की पिछ्ले सप्ताह भी इसी तरह की हाजिरी भरा गया। जबकि पंचायत में 14 वार्ड पंच तथा 5 से 6 मेंट रहते हुए 8 से 10 ग्रामीणों का फर्जी हाजिरी भरा गया इस संबंध में कार्य में लगे मेट योगेश कंवर से पुछने पर सरपंच, सचिव को बुलाने के लिए कहा तो इसी बीच सरपंच पति कोमल साहू पहुंच उप सरपंच मनोज कुमार यादव सैकड़ों ग्रामीणों के मौजूदगी में पीट दिया। इस बीच तालाब गहरी करण कार्य में लगे कोमल कंवर, फगन साहू, अकबर साहू, मोहन साहू, ने बीच बचाव किया।

### महिला मेट ने फर्जी हाजरी की बात स्वीकारी

मारपीट के बाद एक महिला मेट ने स्वीकार किया है कि सरपंच पति के कहने पर फर्जी हाजरी भरा गया जो एक तरह से नियम कानून को दरकिनार कर किया गया। मनरेगा कार्य में मशीन के उपयोग व फर्जी हाजरी के मामले में अब देखना यह है कि छुरिया जनपद पंचायत अधिकारी क्या संज्ञान लेते हैं चुंकि कुछ दिनों पुर्व ही जनपद पंचायत सीईओ द्वारा एक दल गठित कर ग्राम पंचायत मातेखेड़ा पहुंच जांच कर ग्रामीणों के बयान की जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा गया है। जिसमें जनपद पंचायत छुरिया जांच में क्या पाती है और क्या इस मामले में कार्यवाही की जाती है यह आने वाला समय ही बताएगा।

### ज्यादातर ग्राम पंचायतों में भ्रष्टाचार

छुरिया जनपद के अंतर्गत आने वाले 118 ग्राम पंचायतों में कुछ ऐसे ग्राम पंचायत हैं जहां स्थानीय अधिकारी कर्मचारियों के बगैर मिलीभगत से भ्रष्टाचार हो पाना मुश्किल है। इसका जीता जागता उदाहरण पूर्व में हुए कुछ ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों की शिकायत है जिसमें जांच दल द्वारा बनाए गए जांच प्रतिवेदन जनपद पंचायत में प्रस्तुत कर कुछ सरपंच व सचिवों पर किए अनियमितताओं की पोल खुलने पर भी कार्यवाही शून्य नजर आती है। जिससे साफ़ तौर पर समझा जा सकता है कि जनपद में बैठे कुछ कर्मचारी अनियमितता उजागर होने पर अधिकारियों से मिली भगत कर कार्यवाही ठंडे बस्ते में डाल देते हैं। सूत्रों से मिली जानकार के अनुसार कोई शिकायतकर्ता जिला पंचायत व जनपद पंचायत छुरिया में किसी ग्राम पंचायत में हुए अनियमितता की शिकायत किए जाने पर शुरू हो जाता है शिकायत हुए सरपंच व सचिव को बचाये जाने का खेल। जबकि कुछ पंचायतों में हुए अनियमितता की झुठी शिकायतें छुरिया जनपद पंचायत में हो तो समझ भी जा सकता है कि कार्यवाही न हो किन्तु शिकायत सही पाए जाने पर भी किसी प्रकार कि कठोर कार्यवाही न होना बहुत कुछ दशार्ता है।

## सांसद आदर्श ग्राम का हाल ऐसा




मातेखेड़ा ग्राम पंचायत सांसद आदर्श ग्राम कहा जाता है और इसके अलावा भी कुछ ऐसे ग्राम पंचायत है जिसमें पूर्व में हुए शिकायत पर जांच दल पर ही प्रश्न चिन्ह लगा दिया। जांच में अनियमितताएं कैसे पाई गई है। जहां जांच में अनियमितता पाये जाने पर सालों तक फाईल को यहां वहां कर मामले को दबाने की पुरी कोशिश कर जिनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही किया जाना चाहिए उन्हें कार्यवाही से बचाये जाने से कम नहीं किया जाता। ग्राम पंचायत मातेखेड़ा जो की जिले के सांसद संतोष पांडे का आदर्श ग्राम है। इस ग्राम में मनरेगा योजना अंतर्गत तालाब गहरीकरण का कार्य विगत दिनों कराया गया था। जिसमें उप सरपंच ने मनरेगा कार्य में फर्जी मस्टरोल व मशीन से कार्य कराए जाने की शिकायत जनपद पंचायत छुरिया में की है।

'ग्राम पंचायत मातेखेड़ा में मनरेगा के तहत तालाब गहरी करण में ट्रेक्टर का उपयोग व फर्जी हाजरी की शिकायत मिली है जिसके लिए हमारे व्दारा एक समिति गठित कर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा गया है। जांच में दोषी पाए जाने पर उचित कार्यवाही की जायेगी।'

**-शिल्पा देवांगन,**
सीईओ, जनपद पंचायत छुरिया

## भाजपा मण्डल छुरिया के कार्यकर्ता घर-घर लगायेंगे तिरंगा

पायनियर संवाददाता ◄ छुरिया
www.dailypioneer.com



प्रदेश भाजपा के आह्वान पर भाजपा अध्यक्ष मधुसूदन यादव के निदेर्शानुसार मण्डल भाजपा छुरिया द्वारा बैठक साहू धर्मशाला छुरिया में रखी गई। उक्त बैठक में मुख्य रूप से भाजपा मण्डल छुरिया के प्रभारी दिलीप वर्मा उपस्थित रहे। बैठक का स्वागत उद्बोधन करते हुए रविंद्र वैष्णव ने कहा की प्रदेश भाजपा द्वारा दिए गये दिशानिर्देश व दिये गये विभिन्न कार्यक्रमों की उल्लेख करते हुए कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओ को बूथ स्तर पर जाकर कार्य करने की आवश्यकता की बात कही। सम्बोधित करते हुए मुख्यवक्ता दिलीप वर्मा ने कहा कि हमें 25 जुलाई से 28 जुलाई तक नवनिर्वाचित महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का तैलचित्र सभी शासकीय कार्यालयों में लगाने कार्यकर्ताओ को दिशानिर्देश दिए साथ ही 13 अगस्त से 15 अगस्त तक आजादी के अमृत महोत्सव के रूप में घर घर में तिरंगा लगाने का आह्वान किया। घांसी साहू महामंत्री जिला किसान मोर्चा ने भी सम्बोधित किया इस अवसर पर श्रीमती किरण वैष्णव, श्रीमती ललिता चंद्रवंशी, चुरामन साहू, राधेश्याम शर्मा, मनभावन सिंह उइके, अशोक मालेकर, कामताप्रसाद साहू,सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## छुरिया में अधिकारी-कर्मचारियों की हड़ताल

पायनियर संवाददाता ◄ छुरिया
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन, छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ एवं नवीन शिक्षक संघ के प्रांतीय आव्हान पर अनिश्चित कालीन हड़ताल एवं छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन के आव्हान पर पांच दिवसीय हड़ताल का शुभारंभ 25 जुलाई से शुरू होकर निरंतर जारी है।

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ब्लाक इकाई छुरिया के ब्लाक अध्यक्ष दिनेश कुरेटी के नेतृत्व में संघ से जुड़े शिक्षकों ने संघ के प्रांतीय निदेर्शानुसार ब्लाक मुख्यालय छुरिया के नया बस स्टैंड पर स्थित शिवलिंग पर जल अभिषेक कर एवं विधिवत पूजा अर्चना कर अनिश्चित कालीन हड़ताल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सभा को विभिन्न कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों ने संबोधित कर सरकार से लंबित बारह प्रतिशत मंहगाई भत्ता एवं सातवें वेतनमान के आधार पर गृह भाड़ा भत्ता तत्काल देने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि जब मंत्रियों की वेतन एवं भत्ता बढ़ाने की बात होती है तो सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के सारे विधायक बिना बहस करे एकमत से प्रस्ताव पारित कर अपना वेतन बढ़ा लेते है लेकिन जब अधिकारी कर्मचारियों के वेतन एवं भत्ता बढ़ाने की बात होती है तो अनाकानी करते है। छत्तीसगढ़ में पहली बार मंहगाई भत्ता एवं गृहभाड़ा भत्ता के लिए सारे अधिकारी कर्मचारियों को आज सड़क पर आना पड़ा ये अच्छी बात नहीं है।

## ऑफिसर कालोनी में वृहद पौधारोपण



**डोंगरगांव नगर।** नगर पंचायत द्वारा नगर के सरकारी कार्यालय व ऑफिसर निवास क्षेत्र में पौधारोपण किया गया। इससे पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष हीरा भाई एवं सीएमओ भूपेश सिंह द्वारा सोमवार को नगर में राहगीरों को पौधा वितरण भी किया गया था। बुधवार को एसडीएम कार्यालय से एसडीएम निवास होते हुए सीएमओ निवास तक दोनों छोर में आम, कटहल जैसे अनेक फलदार व छायादार पौधे रोपे गए। सीएमओ भूपेश सिंह ने पायनियर को बताया कि मुख्यमंत्री के हरियर छत्तीसगढ़ अभियान के तहत नगर में सोमवार को अध्यक्ष हीरा भाई की मौजूदगी में पौधा वितरण किया गया था। बुधवार को अध्यक्ष हीरा भाई एवं उपाध्यक्ष ललित लोढ़ा की मौजूदगी में सरकारी आवास क्षेत्र में पौधारोपण किया गया। इस दौरान पौधों को ट्रीगार्ड से सुरक्षित भी किया गया है। सीएमओ के मुताबिक हरेली दिवस स्वच्छता दीदियों द्वारा प्रत्येक घर पौधा वितरण किया जावेगा।

## नगर निगम सीमा क्षेत्र की तस्वीर गड्ढों से अटी पड़ी है : किशुन

### नेता प्रतिपक्ष ने कहा-बगैर तकनीकी समझ करवाए गए मरम्मत कार्य

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



नगर निगम सीमा क्षेत्र की तस्वीर गड्ढों से अटी पड़ी है। सड़कों की बदहाली और बारिश में बढ़ी परेशानियों को लेकर नगर पालिक निगम पर उदासीनता बरतने के आरोप लगे हैं। नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने बयान जारी कर कहा कि, महापौर, आयुक्त जर्जर सड़कों का निरीक्षण की भी जहमत नहीं उठा रहे हैं। सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। आवाजाही में लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि, निगम की लापरवाही के चलते मरम्मत नहीं हो रही है और पार्षदों के पास शिकायतों का अंबार लग रहा है। पार्षदों की मांग पर भी निगम इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। यदु ने प्रश्न किया कि, क्या अब निगम के पास डस्ट और पैच वर्क के लिए भी बजट नहीं बचा है। इससे पहले भी गड्ढों को बराबर किए जाने का खोखला दावा निगम प्रशासन द्वारा किया गया। मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति की गई और हाल फिर जस के तस हैं। यदु ने कहा कि, निगम सीमा क्षेत्र में जहां-तहां यही स्थिति है। उन्होंने कहा कि, निगम आयुक्त और बाकी अमले को शायद यह भी जानकारी नहीं है कि डामर और कांक्रीट सड़क पर मरम्मत के लिए डस्ट का इस्तेमाल नहीं किया जाता। यहां पेच वर्क की जरुरत होती है। बावजूद इसके कुछ ही स्थानों पर की गई मरम्मत में भी यह लापरवाही की गई। नेता प्रतिपक्ष किशुन ने कहा कि, आने वाले दिनों में एक के बाद एक कई त्यौहार हैं। इस दौरान जर्जर और गड्ढों से अटी पड़ी सड़कें लोगों के लिए मुश्किल का सबब बनेंगी। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि, महापौर-आयुक्त इस समस्या पर तत्काल ध्यान दें। पार्षदों की शिकायतों पर संज्ञान लिया जाए और वार्डों में आवश्यक कार्य संपादित किए जाएं।

## अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक में सवार चाचा की मौत, भतीजा घायल

पायनियर संवाददाता ◄ गंडई
www.dailypioneer.com



पिछ्ले दिनों गंडई क्षेत्र में अज्ञात वाहन से चाचा एवं भतीजा को दुर्गटना ग्रस्त क्र दिया गया जिसमे चाचा की मौत हो गई एवं भतीजा घायल है। घायल भतीजा गुमान सिंह यादव (32 वर्ष) ने अपने बयान में बताया कि वह सोमवार रात करीब 8.30 बजे अपने चाचा जीवराखन यादव के साथ उनकी मोटर साइकिल से ग्राम बिरनपुरकला से अपने घर नरोधी जाने के लिए निकले थे।

मोटर साइकिल को जीवराखन चला रहा था और वह पीछे बैठा था। रात्रि करीब 8.45 बजे वह ग्राम कालेगोंदी पहुंचे थे, तभी गंडई की ओर से एक अज्ञात वाहन द्वारा तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाते सामने से ठोकर मार दी। इस घटना से दोनों गिर गए। जीवराखन को सिर एवं चेहरे में गंभीर चोंट आने की वजह से उसकी मौके पर ही मौत हो गई और मुझे सिर व दाहिने हाथ की हथेली एवं दाहिने पैर के पांव में चोंट पहुंची है। घटना की सूचना के बाद डायल-112 व 108 मौके पर पहुंची दोनों को अस्पताल ले जाया गया। उक्त मामले में गंडई पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## नांदगांव के नेताओं ने ईडी के दुरूपयोग को लेकर केंद्र पर साधा निशाना

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी को लगातार तीसरी बार ईडी द्वारा आर्थिक अनियमितता के मामले में पूछताछ के लिए तलब किए जाने के विरोध में बुधवार को राजनांदगांव के कांग्रेसियों ने धरना प्रदर्शन कर विरोध दर्ज किया। कांग्रेसी नेताओं ने ईडी के रवैये पर सख्त ऐतराज जताते हुए केंद्र सरकार के इशारे पर प्रताड़ना के उद्देश्य से विरोधी दलों के नेताओं पर निशाना साधने का आरोप लगाया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी देश की सर्वमान्य नेता हैं। उनके साथ ईडी द्वारा अपराधी व्यवहार जैसा किया जा रहा है। स्थानीय महावीर चौक स्थित चौराहे पर फ्लाई ओवर के नीचे कांग्रेसी नेताओं ने केंद्र सरकार के इशारे पर ईडी लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से परेशानी खड़ा करने का काम कर रही है। कांग्रेसी नेताओं ने एक स्वर में कहा कि सोनिया गांधी के साथ पूरा देश खड़ा है। नेशनल हेराल्ड के मामले में बेवजह ईडी पूछताछ कर रही है। जबकि पूर्व में ईडी ने ही इस प्रकरण को जांच के बाद खत्म कर दिया था। प्रमुख वक्ताओं में शहर अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य कांति बंजारे, श्रीकिशन खंडेलवाल, कुतबुद्दीन सोलंकी, सूर्यकांत जैन, शशिकांत अवस्थी, रमेश डाकलिया, रमेश राठौर, आसिफ अली, अब्बास खान , ऑफताब अलम, महेश साहू, मनीष गौतम, अमित सूर्यवंशी मदन साहू , विभा साहू समेत अन्य कांग्रेसी शामिल थे।

### हड़ताल के बाद जिले में होगा कोरोना का विस्फोट, सभी काम रुके , बच्चों के पढ़ाई भी प्रभावित

## हड़ताली प्रदर्शन स्थल पर ही मनाएंगे हरेली त्यौहार, नाट्य मंचन कर सरकार का किया विरोध

- कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन का तीसरे दिन भी आंदोलन जारी

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

डी.ए. और गहभाड़ा भत्ता की अपनी लंबित मांगों के समर्थन में शासकीय सेवकों का हड़ताल कल तीसरे दिन भी जारी रहा जहाँ प्रदर्शन स्थल पर ही हड़तालियों ने नाट्य मंचन कर सरकार का विरोध किया और आज प्रदर्शन स्थल पर ही हड़ताली हरेली त्यौहार मनाने वाले हैं। इधर हड़ताल से आम जनता अपने जरुरी कार्यों के लिए भटकती रही और सरकारी स्कूलों में बच्चों की पढ़ाई लगातार प्रभावित हो रही है। गौरतलब है कि डी.ए. और गृहभाड़ा भत्ते की लंबित मांगो के समर्थन में पांच दिवसीय प्रान्तव्यापी हड़ताल, एवं धरना प्रदर्शन के माध्यम से आंदोलनरत् हुए हैं। 'कलम बंद-काम बंद' के नारे के साथ अपनी मांगों को लेकर यह आंदोलन कल भी धरनास्थल कलेक्ट्रेट एटीएम के सामने फ्लाई ओव्हर के नीचे संपन्न हुआ जिसमें विभिन्न विभागों के शासकीय सेवकगण एकत्रित होकर अपनी लंबित मांगों के लिये एकजुट होकर नारेबाजी करते, एवं राज्य शासन के कर्मचारियों को केन्द्र शासन के समान देय तिथि अनुसार 34 प्रतिशत डी.ए. एवं बकाया एरियर्स राशि सहित सॉतवे वेतनमान के अनुरूप गृह भाड़ा भत्ता की मांग करते हुए दिखाई दिये।



हड़ताल के चलते ब्लाक, तहसील एवं जिला स्तर के शासकीय कार्यालयों एवं विभागों में दिनभर कामकाज ठप्प रहा है। जिले के कई अधिकारीगण भी कार्यालयो में अपनी सीट पर अनुपस्थित रहकर आज के इस आंदोलन को मौन समर्थन देते दिखे। शासकीय सेवकों की केन्द्र शासन के समान देय तिथि से डी.ए. एवं सॉतवे वेतनमान के अनुरूप गृहभाड़ा भत्ते की मांगों को पूरा करने के राजनांदगॉव जिला ईकाई के इस आंदोलन में मुख्य रूप से विभिन्न संगठनों एवं संघों के अध्यक्षगण पदाधिकारीगण सदस्यगण सैकड़ों की तादाद में उपस्थित रहे। आम जनता के सभी सरकारी काम पिछले तीन दिनों से ठप्प हैं।

### हड़ताल के बाद जिले में फूटेगा कोरोना बम

जिले में कोविड-19 कोरोना वायरस की रफ्तार इस कदर बढ़ गई है कि जिले में एक्टिव केस की संख्या देखते ही देखते 400 के पार हो गई है। ज्यादातर संक्रमित सामान्य सर्दी, खांसी और बुखार से पीड़ित पाए जा रहे हैं। सांस लेने या फिर फेफड़े में तकलीफ वाले केस नहीं आ रहे हैं। इसलिए लोग संक्रमण को पहले की तरह गंभीरता से नहीं ले रहे हैं पर वैक्सीनेशन के प्रति जागरूकता आई लेकिन अब फेडरेशन की हड़ताल से ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा पर असर पड़ने लगा है। वैक्सीनेशन अभियान ठप हो गया है तो वहीं कोरोना जांच नहीं हो पा रही है। स्वास्थ्य विभाग के ग्रामीण क्षेत्र के नियमिति कर्मचारी हड़ताल में चले गए हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से रोज जारी किए जाने वाले मेडिकल बुलेटिन की रिपोर्ट में नियमित रूप से सैंपलिंग की संख्या 700 से 800 तक पहुंच गई थी पर अब सैंपलिंग की संख्या कम हो गई है। रिपोर्ट 500 से 600 तक आ रही है। जबकि नियमित रूप से कोविड की टेस्टिंग 2 हजार के पार करनी है। हड़ताल के बाद अब जब टेस्ट ज्यादा शुरू होंगे तो निश्चित तौर पर जिले में कोरोना का विस्फोट होगा जिससे केवल आम जनता परेशान होगी।

### वैक्सीनेशन अभियान प्रभावित

ग्रामीण क्षेत्र में वैक्सीनेशन की संख्या भी कम हो गई है। जबकि ग्रामीण क्षेत्र में सेकंड डोज के लिए मुहिम चलाई जा रही है। हालांकि शहरी क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की ओर से संविदा कर्मचारियों के सहारे वैक्सीनेशन और कोरोना की जांच करा रहे हैं। बताया गया कि ब्लॉक स्तर पर पदस्थ नियमित अधिकारी और कर्मचारी हड़ताल का समर्थन कर रहे हैं। इनके ही कंधों में वैक्सीनेशन और टेस्टिंग की जिम्मेदारी है।

### शालेय खेलकूद प्रतियोगिता पर भी हड़ताल का साया

भत्ते को लेकर शुरू हुए हड़ताल की वजह से शालेय खेलकूद प्रतियोगिता भी स्थगित हो गई है। 25 से 30 जुलाई तक जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हो जाना था। इसके लिए राज्य स्तर से कैलेंडर भी जारी हो गया था, जिसे हड़ताल को देखते हुए स्थगित कर दिया गया है। प्रतियोगिता में 50 से अधिक खेलों को शामिल किया गया था, इसमें ब्लॉक स्तर के खिलाड़ी जिला मुख्यालय की प्रतियोगिता में शामिल होते। प्रतियोगिता स्थगित होने की सूचना नहीं मिलने की वजह से कई खिलाड़ी मुख्यालय पहुंच गए थे। जिन्हें बैरंग लौटना पड़ गया।

# बालको की परियोजना मोर जल मोर माटी से लगभग 2000 किसान लाभान्वित

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने साढ़े पांच दशकों में विश्वस्तरीय धातु उत्पादन, उत्पादकता, गुणवत्ता और उत्कृष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में मिसाल बनाई है। सामुदायिक विकास परियोजना के जरिए किसानों को आधुनिक खेती के अनेक आयामों से परिचित कराया है। बालको स्थानीय समुदाय के आर्थिक-सामाजिक विकास को सशक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी के सामुदायिक विकास परियोजना 'मोर जल मोर माटी' का प्रमुख उद्देश्य सिंचाई सुविधाओं को बढ़ाने, फसल उत्पादन में वृद्धि, किसानों को नवीनतम कृषि तकनीकों से अवगत कराने के साथ जल और मृदा प्रबंधन को उत्कृष्ट बनाना है। परियोजना का मुख्य घटक कृषि, जल प्रबंधन, पशुपालन, मत्स्य पालन, बाड़बंदी, वनोपज एवं वन संरक्षण और लाख की खेती शामिल है।

परियोजना 1200 एकड़ से अधिक भूमि के साथ 2000 किसानों तक अपनी पहुंच बना चुका है। 500 से अधिक किसानों ने आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाया है जिससे उनकी औसत वार्षिक आय के साथ-साथ उत्पादन में लगभग दो गुना वृद्धि हुई है। तकनीकी सहयोग से लागत में 35 प्रतिशत की कमी आई है। आसपास के लगभग 60 प्रतिशत किसान आधुनिक कृषि तकनीकों का उपयोग कर रहे हैं। इस परियोजना से युवा कृषि को मुख्य व्यवसाय के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित हुए हैं। 'मोर जल मोर माटी' पहल में लगभग 25 प्रतिशत लाभार्थी युवा किसान हैं।

बालको द्वारा कृषि उन्नयन को सदैव ही सर्वोपरि स्थान देने पर बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक अभिजीत पति ने कहा कि हमारे किसान देश के आर्थिक विकास के प्रमुख अंग हैं। कृषि और ग्रामीण विकास क्षेत्र में कंपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। बालको प्रशिक्षित किसानों ने जैविक खेती, कृषि नवाचार और नवीन तकनीकों की मदद से विभिन्न फसलों का उत्पादन बढ़ाने में सफलता पाई है। कृषि प्रोत्साहन परियोजना 'मोर जल मोर माटी' से किसानों को लाभ मिल रहा है। श्री पति कहा कि हम अपने सामुदायिक विकास कार्यक्रम के जरिए जरूरतमंदों किसानों की हरसंभव मदद करने के लिए कटिबद्ध है।

स्थानीय किसानों को आत्मनिर्भर बनाने एवं उनकी आय में बढ़ोत्तरी करने हेतु बालको ने कृषि के विभिन्न क्षेत्रों में संसाधन उपलब्ध कराए हैं। कृषि तकनीकों को बढ़ावा देने के लिए बालको की प्रतिबद्धता के अनुरूप बोरवेल (सौर संचालित), कुआं, तालाब, चेक डेम का निर्माण एवं नवीनीकरण के माध्यम से सुरक्षित सिंचाई को सुनिश्चित कर, बिजली और डीजल पंपों के माध्यम से सूक्ष्म सिंचाई तथा ड्रिप सिंचाई प्रणाली और सौर संचालित पंपों को बढ़ावा देकर किसानों को जल प्रबंधन पालन के प्रति जागरूक किया है। सिस्टमेटिक राइस इंटेंसीफिकेशन (एसआरआई) और डीएसआर तकनीक से धान की उत्पादकता में बढ़ोत्तरी, जैविक खेती तकनीक से रबी और साग-सब्जी के फसल तथा बाड़बंदी के माध्यम से फसल को जंगली जानवरों से बचाने में सहायक साबित हुआ है।

कृषि की अत्याधुनिक तकनीकों से ग्रामीणों को परिचित कराने के उद्देश्य से मॉडल एग्री-फर्म वेदांत एग्रीकल्चर रिसोर्स सेंटर (वीएआरसी) विकसित किया गया है। इसका संचालन कृषक उत्पादक संघ (एफपी.ओ.) द्वारा किया जाता है। इस केंद्र में कृषकों को मृदा परीक्षण, सिंचाई की अत्याधुनिक सुविधाएं, सब्जी की खेती, मल्टीलेयर फर्मिंग, एसआरआई, एसडब्ल्यूआई, ट्रेलिस फार्मिंग, हाइड्रोपोनिक्स और बायो फ्लोक के माध्यम से मत्स्य पालन तथा सब्जियों के संरक्षण विशेषज्ञों द्वारा कृषि की अत्याधुनिक तकनीकों और शासकीय योजनाओं की जानकारी दी जाती है। कृषि नवाचार को बढ़ावा देने की दृष्टि से कुछ विदेशी सब्जियों के उत्पादन की परियोजना भी शुरू हो चुकी है।

बेला गांव के किसान अनिल कुमार राठिया ने कहा कि हम जैविक खेती और चावल के नवीन विधि एसआरआई पद्धति की शुरूआत करने के लिए बालको के बहुत आभारी हैं। तकनीकों ने वास्तव में फसल लागत को कम करने और उपज की उत्पादकता बढ़ाने में हमारी मदद की है।

**बालको अपने सामुदायिक विकास संकल्प से स्थानीय किसानों को सशक्त बनाने का मजबूत स्तंभ साबित हुआ है।**

परिवर्तन की एक ऐसी कहानी बेलकछार गांव के स्वर्गीय मनीराम विश्वकर्मा की पत्नी मांगली बाई की है। पति की मृत्यु के बाद मांगली बाई अपनी आजीविका चलाने में मुश्किल का सामना कर रही थी। उनके पास केवल 0.4 एकड़ भूमि थी जिसका उपयोग आवासीय और खेती दोनों उद्देश्यों के लिए किया जाता था। 1.5 एकड़ भूमि पर मांगली बाई को बिना किसी किराए केवल उपज के एक हिस्से के साथ एक किसान ने भूमि पर खेती करने की अनुमति दी।

मोर जल मोर माटी परियोजना के तहत मांगली बाई ने रबी फसल के दौरान 0.3 एकड़ भूमि के लिए परियोजना के माध्यम से फूलगोभी, मूली, लाल सब्जी और पालक की खेती के लिए बीजों, जैव कीटनाशकों और उर्वरक के रूप में सहायता प्रदान की गई। शेष भूमि के लिए स्वयं मंगली बाई ने की व्यवस्था थी। परियोजना टीम ने विशेषज्ञता और सर्वोत्तम कृषि



पद्धतियों के साथ उनकी सहायता की। इस रबी फसल 2022 में पहले से ही 1 एकड़ भूमि पर लौकी, ककड़ी, भिंडी और हरी पत्तियों की खेती करने के लिए हैंडहोल्डिंग सपोर्ट और तकनीकी सहायता से खेती शुरू कर चुकी हैं।

मोर जल मोर माटी के प्रशिक्षण से पहले मंगली बाई बिना जानकारी पारंपरिक तरीके से जमीन के एक छोटे हिस्से में सब्जी की खेती करने के परिणामस्वरूप कम उत्पादन और लाभ हुआ। परियोजना टीम द्वारा नियमित प्रशिक्षण सत्रों से मंगली बाई भूमि की तैयारी, उर्वरता, मौसम के अनुसार अच्छे बीजों की पहचान और प्रत्यारोपण विधियों के साथ कीटनाशकों और पौधों के उपयोग में उन्नत प्रक्रियाओं को सीखने में सक्षम हो पाई। परियोजना और सभी के समर्थन से अब मांगली बाई सब्जियों को बाजार में बेचती हैं जिससे उनकी आय में वृद्धि हुई है।

बालको अपने सामुदायिक विकास परियोजना के माध्यम से सालाना लगभग 1.5 लाख लोगों के जीवन को छूती है। कंपनी के सामुदायिक विकास के बुनियादी ढांचे में शिक्षा, स्थायी आजीविका, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य संपदा, स्वच्छता, खेल और संस्कृति आदि शामिल है। सामुदायिक विकास प्रयास 123 से अधिक गांवों तक पहुंच चुका है। कंपनी की सीएसआर नीतियों और प्रणालियों का जमीन पर स्थायी प्रभाव स्थानीय समुदाय में दिखाई पड़ता है। जिससे ये समुदाय राष्ट्र की प्रगति में समान भागीदार का हिस्सा बनते हैं।

# फेडरेशन भी करे अनिश्चितकालीन हड़ताल सरकार ने 3 दिन में डीए के लिए सुध नहीं ली

पायनियर संवाददाता बिलासपुर
www.dailypioneer.com

डीए व एचआरए की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने बताया कि सरकार का रवैय्या कर्मचारियो के महंगाई भत्ता व गृह भाड़ा भत्ता को लेकर ठीक नही है, लगातार उपेक्षा की जा रही है, 2016 से 7 वां वेतनमान लागू किया गया है, कर्मचारियो को इस आधार पर गृह भाड़ा भत्ता नही दिया जा रहा है, 2006 में लागू 6 वां वेतनमान के अनुसार एच आर ए दिया जा रहा है, महंगाई से देश व प्रदेश में हाहाकार मचा है, कर्मचारी कराह रहा है, महंगाई के बोझ में है, परन्तु महंगाई भत्ता ढाई वर्षो से स्थिर है, अभी भी केंद्र व अन्य राज्य से 12 प्रतिशत कम महंगाई भत्ता मिल रहा है। संजय शर्मा ने आगे कहा है कि 4.50 लाख शिक्षक व कर्मचारी, अधिकारी अपने लंबित महंगाई भत्ता के लिए हड़ताल पर है परन्तु कर्मचारियो की सुध न लेकर सरकार विधायको के वेतन - भत्ते बढ़ा दी है, इससे कर्मचारियो में भारी आक्रोश है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदर्शन में संबोधित करते हुए संजय शर्मा ने कहा है कि प्रदेश में स्कूल व कार्यालय सभी बन्द है, कर्मचारियो का हड़ताल पूर्णतः सफल है, कामकाज ठप्प है परन्तु सरकार ने संवाद तक नही किया है, भविष्य में ऐसा आंदोलन डी ए व एच आर ए के लिए दुबारा खड़ा नही होगा, कर्मचारी अपनी मांग के लिए संघर्ष ही कर सकता है, जिसे कर्मचारी कर रहे है, कर्मचारियो ने अपनी पूरी ताकत झोंक दिया है, वे चाहते है उन्हें लंबित सम्पूर्ण महंगाई भत्ता मिले, अब कर्मचारियो को अपने आंदोलन को उग्र करने की आवश्यकता है, संजय शर्मा ने 25 से 29 जुलाई तक समयबद्ध हड़ताल कर रहे फेडरेशन से आज ही अनिश्चितकालीन हड़ताल घोषित कर कर्मचारी संघर्ष को और उग्र करने अपील किया है, प्रदेश के जिले में रैली निकालकर कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम मांगपत्र सौंपा गया, कई जिले में हॉस्पिटल में मरीजो को फल वितरण किया गया है।

# रेलवे में बिना एक्जाम के नौकरी दिलाने का झांसा देकर युवक से दो लाख की ठगी

पायनियर संवाददाता बिलासपुर
www.dailypioneer.com

रेलवे में नौकरी लगाने के नाम पर युवक से दो लाख रुपए की ठगी हो गई । युवक नियुक्ति आदेश लेकर जॉइन करने पहुंचा, तब पता चला कि लेटर फर्जी है। युवक की शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया है। दरअसल, युवक बिना ने एग्जाम दिए ही रेलवे में नौकरी पाने के लिए दो लाख रुपए दे दिए थे। मामला सिविल लाइन थाने का है। इस बारे में मिली जानकारी के अनुसार मुंगेली जिले के लोरमी क्षेत्र के ग्राम कुकुरहट्टा निवासी हिमांशु पांडेय (24) ने पुलिस को बताया कि दो साल पहले उनके जीजा प्रियांशु मिश्रा के माध्यम से उसकी पहचान शुभम विहार निवासी अभिषेक पांडेय से हुई थी। इस दौरान अभिषेक ने उसे रेलवे में ग्रुप डी की नौकरी लगाने का दावा किया। इसके लिए उससे दो लाख रुपए खर्च होने का झांसा दिया। साथ ही बताया कि बिना एग्जाम दिलाए उसे रेलवे में नौकरी मिल जाएगा।

**मार्कशीट के साथ दिया दो लाख रुपए-** हिमांशु ने बताया कि वह नौकरी की लालच में आकर अभिषेक को दो लाख रुपए देने के लिए तैयार हो गया। 3 अक्टूबर 2021 को वह शुभम विहार स्थित अभिषेक के घर पहुंचा। इस दौरान अपनी मार्कशीट के साथ उसने अभिषेक को दो लाख रुपए दिया।

**ऑफिस पहुंचा तब पता चला फर्जी है लेटर-** दो महीने बाद 21 जनवरी को अभिषेक ने हिमांशु को अपने घर बुलाया। इस दौरान उसने रेलवे का जॉइनिंग लेटर दिया और दो दिन बाद डी आर एम ऑफिस बुलाया। हिमांशु लेटर लेकर डी आर एम ऑफिस पहुंचा, लेकिन, वहां अभिषेक नहीं मिला। उसने तबीयत खराब होने का बहाना बनाकर बाद में आने को कहा। इसके बाद बार-बार हिमांशु को टालता रहा। तंग आकर हिमांशु लेटर लेकर अचानक डी आर एम ऑफिस पहुंच गया। पूछताछ करने पर लेटर के फर्जी होने का पता चला। हिमांशु ने अभिषेक को फोन कर अपने रुपए वापस करने कहा, तब वह टालमटोल करने लगा। इसके बाद परेशान होकर उसने पुलिस से शिकायत कर दी। पुलिस ने अभिषेक के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया है। करीब दो माह पहले ऐसे ही नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने और फर्जी नियुक्ति आदेश लेकर पहुंचे युवक पर पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज किया था।

# सात जोड़ी एक्सप्रेस ट्रेनों में अतिरिक्त कोच की सुविधा

पायनियर संवाददाता बिलासपुर
www.dailypioneer.com




रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली 07 जोड़ी एक्सप्रेस ट्रेनों में एक-एक अतिरिक्त कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। इस सुविधा की उपलब्धता से इस गाड़ी में यात्रा करने वाले अधिकाधिक यात्री लाभान्वित होंगे।

**जिन यात्री ट्रेनों में यह सुविधा मुहैया कराई जा रही है वे ट्रेनें निम्न है-** गाड़ी संख्या 18237/18238 कोरबा-अमृतसर-बिलासपुर एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा कोरबा से 01 अगस्त 2022 से 31 अगस्त 2022 तक तथा अमृतसर से 03 अगस्त 2022 से 02 सितम्बर 2022 तक उपलब्ध रहेगी। गाड़ी संख्या 20847/20848 दुर्ग-ऊधमपुर-दुर्ग एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा दुर्ग से 03 अगस्त 2022 से 31 अगस्त 2022 तक तथा ऊधमपुर से 04 अगस्त 2022 से 01 सितम्बर 2022 तक उपलब्ध रहेगी। गाड़ी संख्या 18213/18214 दुर्ग-अजमेर-दुर्ग एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा दुर्ग से 31 जुलाई 2022 से 28 अगस्त 2022 तक तथा अजमेर से 01 अगस्त 2022 से 29 अगस्त 2022 तक उपलब्ध रहेगी। गाड़ी संख्या 18201/18202 दुर्ग-नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा दुर्ग से 03 अगस्त 2022 से 31 अगस्त 2022 तक तथा नौतनवा से 05 अगस्त 2022 से 02 सितम्बर 2022 तक उपलब्ध रहेगी। गाड़ी संख्या 18203/18204 दुर्ग-कानपुर-दुर्ग एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा दुर्ग से 02 अगस्त 2022 से 30 अगस्त 2022 तक तथा कानपुर से 03 अगस्त 2022 से 31 अगस्त 2022 तक उपलब्ध रहेगी। गाड़ी संख्या 18205/18206 दुर्ग-नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा दुर्ग से 04 अगस्त 2022 से 25 अगस्त 2022 तक तथा नौतनवा से 06 अगस्त 2022 से 27 अगस्त 2022 तक उपलब्ध रहेगी। गाड़ी संख्या 18207/18208 दुर्ग-अजमेर-दुर्ग एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा दुर्ग से 01 अगस्त 2022 से 29 अगस्त 2022 तक तथा अजमेर से 02 अगस्त 2022 से 30 अगस्त 2022 तक उपलब्ध रहेगी।

# बिलासा कला मंच का आज मल्हार में होगा हरेली उत्सव

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ की संस्कृति, साहित्य, कला और पर्यावरण के संरक्षण, सवर्धन हेतु विगत 33 वर्ष से सतत क्रियाशील बिलासा कला मंच द्वारा 28 जुलाई को छत्तीसगढ़ का प्रथम पर्व हरेली तिहार को पारम्परिक रूप से आयोजित किया जायेगा। हरेली उत्सव ऐतिहासिक नगरी मल्हार में होगा, जिसमें गेड़ी दौड़, नारियल फेक,कुर्सी दौड़, नींबू चम्मच दौड़ स्पर्धा और रस्सा खींच,आदि प्रतियोगिता आयोजित होगी। मां डिडिनेश्वरी देवी की पूजा अर्चना के बाद पौधारोपण किया जाएगा। समारोह में विभिन्न क्षेत्रो में समाज उत्थान में सतत क्रियाशील प्रबुद्ध जनों का सम्मान तथा प्रसाद वितरण के साथ समारोह का समापन होगा। समारोह के मुख्य अतिथि बैजनाथ चंद्राकर अध्यक्ष,छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक होंगे। हरेली उत्सव में बिलासा कला मंच के सभी पदाधिकारी, सदस्यगण सपरिवार शामिल होंगे। हरेली उत्सव कार्यक्रम मल्हार के प्रबुद्धजनो के विशेष सहयोग से स्थानीय संयोजक संजीव पांडेय एवं मनोहर कुर्रे और मित्रमंडली द्वारा की गई है।

# स्वस्थ शरीर में ही निर्मल आत्मा निवास करती है : अमर अग्रवाल



**बिलासपुर।** कुदुदंड में आयुर्वेदिक शिविर का उद्घाटन पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह के अवसर पर अग्रवाल ने कहा कि निश्चित रूप से जंगलों से जड़ी बूटी इकट्ठा करके वैद्य हम सब को लाभ देने के लिए यहां आए हैं लोगों को ज्यादा ज्यादा लाभ मिल सके यही हम सबकी इच्छा है और लोगों को किसी भी प्रकार की बीमारी हो यहां एक बार आए और उसका लाभ लें।

यह शिविर 27/7/ 22 से 28/ 2/22 तक लगाया गया है कार्यक्रम में उपस्थित वैद्य रमाशंकर भरद्वाज ने भी लोगों को आयुर्वेद के विषय में जानकारी दी तथा लाभार्थी रही डॉक्टर संध्या गुप्ता ने भी अपना अनुभव साझा किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वार्ड पार्षद कमल जैन, भाजपा नेता रोहित मिश्रा, देवेंद्र गोस्वामी, प्रमोद शर्मा,शिव कोरी, राजेंद्र सिंह, बाबा पांडे, संदीप भोसले, बाबा हाटेकर, संजय साहू, शुभम मिश्रा, अमर सिंह, वैभव गुप्ता दीपक तिवारी सहित कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता रोहित मिश्रा ने किया।

# युवा सैनिकों की कुर्बानी को याद करने के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़े : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com



कारगिल विजय दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में जिला प्रशासन द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए शारीरिक दक्षता और बौद्धिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं द्वारा जिम्नास्टिक, पिटी, महिला वर्ग 800 मीटर दौड़, पुरुष वर्ग 1600 मीटर और मार्चपास्ट का प्रदर्शन किया गया। कलेक्टर ने कारगिल विजय दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हर साल 26 जुलाई को वीरगति को प्राप्त होने वाले वीर सपूतों को याद करते हुए कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है। उन्होंने युवाओं से कहा कि सैनिकों की कुर्बानी को याद करने के साथ अपने लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि कोई काम छोटा या बड़ा नहीं होता, दृढ़ निश्चय के साथ मेहनत करने से लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। कलेक्टर ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए बधाई दी और युवाओं द्वारा अपने प्रतिभाओं के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सराहना की। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल कुलदीप सहगल ने कहा कि देशभर में आज के दिन कारगिल विजय दिवस मनाया जा रहा है। आज से 23 साल पहले 26 जुलाई के दिन ही भारत के वीर सैनिकों ने देश के लिए अपनी जान की कुर्बानी दी थी और विजय हासिल की थी। कार्यक्रम के समापन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं और प्रशिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी की छायाप्रति के समक्ष दीप प्रज्जविल कर किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दशरथ सिंह राजपूत, एसडीएम मुंगेली अमित कुमार, संयुक्त कलेक्टर नवीन भगत सहित संबंधित अधिकारी, बड़ी संख्या में प्रशिक्षाणार्थी और प्रशिक्षकगण उपस्थित थे।

# कारगिल विजय दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय मुंगेली में भव्य एवं ऐतिहासिक कार्यक्रम आयोजित

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com



कारगिल विजय दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी इण्डोर स्टेडियम में भव्य एवं ऐतिहासिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल कुलदीप सहगल के मार्गदर्शन और जिला प्रशासन के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर कारगिल युद्ध के दौरान शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजली अर्पित की गई। तत्पश्चात राजकीय गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा देशभक्ति आकर्षक एवं मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। जिसका लोगों द्वारा मुक्त कंठ से सराहना की गई। इसी तरह बच्चों एवं युवाओं द्वारा कारगिल विजय जैसे अन्य विजय के लिए मलखम और सिलंबन का शानदार एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया, जिसे लोगों द्वारा सराहा गया। इस अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा सभी शहीद परिवारों एवं भूतपूर्व सैनिकों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लेखनी सोनू चंद्राकर ने संबोधित किया। उन्होंने वीर जवानों को नमन करते हुए कहा कि देशभर में आज के दिवस को कारगिल दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। आज ही के दिन भारत के वीर सैनिकों ने देश के लिए अपनी आहुति देकर कारगिल विजय हासिल की। नगर पालिका मुंगेली के अध्यक्ष हेमेन्द्र गोस्वामी ने कहा कि दिन वीर शहीदों को याद करने का दिन है। उन्होंने कारगिल विजय दिवस को उत्साह के रूप में मनाने के लिए जिला प्रशासन को अपनी बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने जिले के युवाओं के बेहतर भविष्य निर्माण के लिए सैन्य एवं अन्य बलों में भर्ती हेतु दिए जा रहे प्रशिक्षण की सराहना की और उन्होंने सैन्य एवं अन्य बलों में भर्ती हेतु प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों के लिए 51 हजार रूपए देने की घोषणा की। इस अवसर पर

# कलेक्टर ने किया एस. एन. जी. महाविद्यालय का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर जिला मुख्यालय स्थित शासकीय एस.एन.जी. महाविद्यालय का निरीक्षण कर जाएजा लिया। इस दौरान उन्होंने महाविद्यालय में बच्चों के लिए पेयजल सुविधा, शौचालय, ग्रन्थालय आदि का अवलोकन किया और विभिन्न संकायों में अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों की संख्या आदि की जानकारी ली। उन्होंने कामर्स के विद्यार्थियों की मांग पर शीघ्र ही विषय से संबंधित प्राध्यापक की व्यवस्था करने की बात कही। इस अवसर पर उन्होंने महाविद्यालय परिसर में तार फैंसिंग और सड़क से महाविद्यालय तक पेवर ब्लाक तथा महाविद्यालय का सौंदर्यीकरण हेतु संबांित अधिकारियों का आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान मुंगेली अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अमित कुमार भी उपस्थित थे।

# जिले में छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्व हरेली को उत्साह और धूमधाम से मनाया जाएगा

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिले में 28 जुलाई को कृषि-संस्कृति से जुड़े छत्तीसगढ़ के प्रमुख त्यौहार हरेली को उत्साह और धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विविधताओं और गौरवशाली लोक परम्पराओं को संरक्षित एवं संवर्धित करने के लिए पारंपरिक खेलकूद, गेड़ी दौड़, रस्साकस्सी, लोकनृत्य, नारियल फेंक आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसी तारतम्य में राज्य शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप जिला प्रशासन द्वारा विकासखण्ड मुंगेली के ग्राम खेढ़ा स्थित गौठान में प्रातः 09 बजे जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान पारंपरिक खेलकूद, गेड़ी दौड़ सहित अन्य प्रतियोगिता के अलावा गौठानों में फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण, गौठानों में पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण शिविर का आयोजन और गौठानों में पशुओं को नियमित रूप से भेजने, खुले में चराई पर रोक लगाने हेतु रोका-छेका अभियान में ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी के संबंध में चर्चा की जाएगी। इसी प्रकार हरेली त्यौहार से गोधन न्याय योजना का विस्तार करते हुए गोबर के साथ गौ-मूत्र की खरीदी की शुरूआत भी की जाएगी।

# 'हमर सरकार' ने छत्तीसगढ़िया संस्कृति को दिया मान, किसानों को दिया सम्मान









छत्तीसगढ़ सरकार राज्य की परंपरा तीज त्यौहार, छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान को जीवित रखने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। यही कारण है कि आपने भी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को गेड़ी चढ़ते, पशुओं को दुलार करते, यहां कि आमतौर पर कई कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भौंरा चलाते हुए भी देखा होगा। हरेली मध्य भारतीय राज्य छत्तीसगढ़ का क्षेत्रीय त्यौहार है। जैसा नाम से ही पता चलता है, इसका संबंध हरियाली से है। यह प्रकृति के प्रति प्रेम और समर्पण का त्यौहार है, जिसे छत्तीसगढ़ में वर्ष के प्रथम त्यौहार के रूप में सामूहिक ढंग से मनाया जाता है।

## हरेली त्यौहार की परम्पराएं

हरेली त्यौहार एक कृषि त्यौहार है को छत्तीसगढ़ राज्य में ग्रामीण किसानों द्वारा बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस लोकप्रिय त्यौहार का नाम हरेली, हिंदी के शब्द 'हरियाली' से आया है। श्रावण माह में भारत में मॉनसून आया रहता है जिसके कारण बारिश होने से चारों तरफ हरियाली होती है। इस समय किसान लोग अपनी अच्छी फसल की कामना करते हुए कुल देवता एवं ग्राम देवता की पूजा करते हैं।

इस दौरान छत्तीसगढ़ राज्य के किसान अपने उपकरणों की पूजा करते हैं। हरियाली और प्रकृति से जुड़े इस हरेली त्यौहार के दिन किसान अच्छी और भरपूर फसल की कामना करते हैं। हरेली त्यौहार के दौरान लोग अपने-अपने खेतों में भेलवा के पेड़ की डाली लगाते हैं। इसी के साथ घरों के प्रवेश द्वार पर नीम के पेड़ की शाखाएं भी लगाई जाती हैं। नीम में औषधीय गुण होते हैं जो बीमारियों के साथ-साथ कीड़ों से भी बचाते हैं।

हरेली के दिन बच्चे सुबह से ही गेड़ी की तैयारी में जुट जाते हैं। यह गेड़ी बांस से बनी होती है जिसमें पैर रखने के खांचे होते हैं। इसमें चढ़कर बच्चे खेत के चक्कर लगाते हैं।

## हरेली तिहार में विभिन्न रस्में

- इस दिन दइहान में पशुधन को चावल आटे की लोंदी खिलाने की परंपरा है।
- घर में अंगाकर रोटी, बरा-सोहारी एवं गुड़ का चीला बनाने की भी रस्म है।
- इस दिन प्रकृति के प्रति आभार प्रकट करते हुए और वर्ष में अच्छी फसल की कामना करते हुए किसान अपने कुल देवता एवं ग्राम देवता की पूजा करते हैं।
- हरेली त्यौहार के दिन कृषि उपकरण एवं औजारों की पूजा की जाती है।
- बच्चे इस दिन गेड़ी चढ़कर खेतों के चक्कर लगाते हैं। इसी के साथ खो-खो और नारियल फेंक प्रतियोगिता का आयोजन भी इस दिन किया जाता है।
- लोहार जाति के लोग इस दिन अपने घर को अनिष्ट शक्तियों से बचाने के लिए घर के हर दरवाजे पर पाती ठोंकते हैं। पाती लोहार द्वारा बनाया एक लोहे का नोकीला कील होता है।
- कई लोगों में यह अंधविश्वास है कि श्रावण अमावस्या की रात को घर से नहीं निकलना चाहिए। माना जाता है कि इस दिन अनिष्ट शक्तियां तंत्र-साधना और जादू-टोना सिद्ध करती हैं इसलिए इनसे रक्षा हेतु घर के बाहरी दीवारों पर गोबर से प्रेत बनाया जाता है और घर के दरवाजे पर पाती ठोका जाता है, ताकि यह शक्तियां इसे भेद न सकें।

## छग देश का पहला राज्य जहां गोबर खरीद रही सरकार प्रदेश में पहले दिन 2 हजार क्विंटल गोबर की खरीदी




**छत्तीसगढ़** देश का पहला राज्य बन गया है, जहां गोधन न्याय योजना से सरकार 2 रुपए किलो में गोबर खरीद रही है। पिछले दो वर्ष पूर्व सीएम हाउस में सीएम भूपेश ने अभनपुर ब्लॉक के नवागांव के चार किसानों से 48 किलो गोबर की खरीदी कर दो रुपए प्रति किलो के हिसाब से 96 रुपए का भुगतान किया। गोबर खरीदी रजिस्टर में एंट्री करने के साथ ही किसानों को गोबर विक्रेता कार्ड भी दिए। इसमें रोज बेचे जाने वाले गोबर की मात्रा दर्ज की जाती है। सीएम बघेल ने पत्नी मुक्तेश्वरी बघेल व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ कृषि यंत्रों की पूजा कर पारंपरिक तरीके से हरेली त्योहार मनाकर छत्तीसढ़िया स्वाभिमान का मान बढ़ाया। सीएम ने रहचुल व गेड़ी का आनंद लिया। वहीं पहले दिन पूरे प्रदेश में 11 हजार पशुपालकों को से 2 हजार क्विंटल गोबर खरीदा गया। सरकार लगातार प्रदेश के विभिन्न इलाकों में गोबर खरीदी कर रही है। राज्य की महिलाएं अब गोबर बेचकर आत्मनिर्भर बन रही हैं।

## छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य बना, जहां गौमूत्र खरीदेगी सरकार

**छत्तीसगढ़** देश का पहला राज्य बनने जा रहा है, जहां राज्य सरकार गोमूत्र खरीदने जा रही है। भूपेश सरकार ने गौमूत्र खरीदने की तैयारी कर ली है। योजना को भूपेश कैबिनेट से मंजूरी भी मिल चुकी है। छत्तीसगढ़ के सबसे लोकप्रिय दिन 28 जुलाई को हरेली त्योहार से गौमूत्र खरीदी का योजना शुरु होगी। विभागीय योजना के अनुसार सरकार 4 रुपये लीटर की दर से गौमूत्र खरीदेगी।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा गौधन न्याय योजना के बाद सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी योजना होगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का कहना है कि छत्तीसगढ़ देश का पहला ऐसा राज्य है, जिसने गोबर की खरीदी की है और अब गोमूत्र की भी खरीदी करने जा रहे हैं। इससे बड़ा फायदा किसानों और पशु पालकों की आय मे वृद्धि से मिलेगा। साथ ही इससे सड़क में घूमने वाले मवेशियों पर भी कमी आई। जिसके बाद लोग पशुओं को अपने घरों या गौठानों में बांध कर रखने लगे हैं। गौमूत्र की खरीदी से जो गौवंश खुले रहते हैं, उन्हें भी बांध कर रखेंगे जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार होगा। गौरतलब है कि फरवरी माह में सरकार ने गोमूत्र खरीददारी के तरीके और इस पूरी योजना पर रिसर्च की थी। कमेटी ने एक प्रपोजल तैयार कर सरकार को सौंपी है। छत्तीसगढ़ सरकार की मंशा है कि किसानों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिले इसलिए 25 जून 2020 को गौधन न्याय योजना की शुरुआत की गई थी।

## गोमूत्र और गोबर से बनाए जा रहे 12 प्रकार के उत्पाद

प्रदेश में एक तरफ जहां धमधा राजपुर के शगुन गौशाला इन दिनों गायों की बदहाल स्थिति को लेकर चर्चा में है। वहीं महासमुंद के भलेसर स्थित श्रीवेदमाता गायत्री गौशाला यहां किए जा रहे अभिनव प्रयोगों के लिए जनमानस का ध्यान बटोरने में लगा है।

यह गौशाला केवल गायों का संरक्षण, देखभाल, चारा खिलाने, दूध निकालने, दूध बेचने और कंडे बनाकर बेचने तक सीमित नहीं है, बल्कि गौशाला में लोगों की विभिन्न शारीरिक व्याधियों को दूर करने के लिए गौमूत्र व गोबर से 12 प्रकार के उत्पाद बनाए जा रहे हैं। यह उत्पाद लोगों की व्याधियों को हरने के लिए दवा के तौर पर उपयोग किए जा रहे हैं।

गौशाला अध्यक्ष तिलकचंद साव की मानें तो यहां बनाए जा रहे उत्पादों को वैज्ञानिक जांच के लिए नमूना ओडिशा और दिल्ली भेजा गया है।



### मोबाइल रेडिएशन दूर करने के लिए गोबर से बना स्टीकर

गौशाला में गोबर से स्वास्तिक, ओइम, भगवान शिव, गणेश, गौमाता के आकृति के मोबाइल स्टीकर बनाए गए हैं। यह स्टीकर मोबाइल के पीछे लगाए जाते हैं। समिति के अध्यक्ष और योगाचार्य तिलकचंद साव का कहना है कि गोबर के स्टीकर मोबाइल से निकलने वाले हानिकारण विकिरणों से मोबाइल धारक की रक्षा करने में मददगार है। उन्होंने मोबाइल पकड़ाकर व मोबाइल के बिना तथा स्टीकर लगे मोबाइल पकड़ा कुछ प्रयोग बताए, जिससे शरीर पर मानव बल पर मोबाइल रेडिएशन का प्रभाव देखा गया। साव ने गौशाला में बनाए गए गोबर की माला दिखाई। इसका प्रभाव बताया गया है कि गले में लगाए रहने से स्नानु संबंधी रोगों में आराम मिलता है। वहीं गोबर से बनाई गई आकर्षण चूड़ियां भी दिखाई गई। इन चूड़ियों का भी रोगोपचार में महत्व बताया गया।

गौशाला में अन्य उत्पाद भी बनाए जाते हैं जैसे पूजन के लिए गौरी-गणेश, कंडे आदि। इसके अलावा पायरिया व मुख रोगों से उपचार के लिए गोबर आदि से बनाए गए दंत मंजन, गोअर्क, गो मूत्र भी विक्रय के लिए रखे गए हैं। साव ने बताया कि गोमूत्र व गोबर से बना कीटनाशक भी बनाया गया है, जिसके छिड़काव से फफूंद और कीट नियंत्रण संभव बताया गया है। गौशाला में गोबर गैस का प्लांट लगाया गया है, जिससे बने गैस से स्टाफके लिए भोजन तैयार होता है। यहीं नहीं चर्म रोगों के उपचार के लिए गौशाला परिसर में गौमूत्र से वाष्प स्नान की व्यवस्था बनाई गई है। गोमूत्र से स्टीम बाथ लेने से लोगों के चर्म रोग दूर होना बताया गया है।

### गौशाला के 3 कर्मचारी हैं प्रशिक्षित

संचालन समिति अध्यक्ष साव ने बताया कि नागपुर के पास डेवलापाल से गौशाला के तीन कर्मचारियों ने 7 दिन का प्रशिक्षण लिया है। यहीं कर्मचारी यहां गौमूत्र व गोबर से उत्पाद बनाते हैं।

## कभी गोबर से घर को पोतकर दीवारों को मजबूत बनाते थे, आज गोबर बेचकर मजबूत घर बना रहे हैं



बैकुण्ठपुर के भर्रा की रहने वाली मीनल का एक सपना था कि उनका खुद का एक घर हो, लेकिन ये सपना लंबे समय से सपना ही बना हुआ था। मीनल के पास पैसे नहीं थे कि वो अपने लिए घर बनाए। मीनल ने गांव में दूसरे की घरों की दीवारों को मजबूत करने के लिए अक्सर उनपर गोबर की पुताई करती थी, लेकिन आज इसी गोबर को बेचकर मीनल ने अपने लिए मजबूत घर बना लिया है। गोधन न्याय योजना की मदद से मीनल ने 140 क्विंटल गोबर बेचकर 28 हजार रूपए कमाए और गोबर से 500 क्विंटल वर्मी कंपोस्ट खाद बनाकर बेचने से 5 लाख रूपए की आय अर्जित की। मीनल का ये कारवां अभी थमा नहीं है और वो इस योजना का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाना चाहती है।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा शुरू की गयी गोधन न्याय योजना की ये कहानी सिर्फ मीनल की ही नही है, छत्तीसगढ़ में गोधन न्याय योजना के शुरू होने के बाद से ऐसे कई जीवंत उदाहरण सामने आए हैं जिसमें गोबर बेचकर लोगों ने अपने सपनों को साकार किया है। किसी ने गोबर बेचकर मोबाइल खरीदा, किसी ने मोटरसायकिल, किसी ने गहने तो किसी ने अपने बेटी की शादी की है।

मुख्यमंत्री के द्वारा इस योजना के शुरू करने के पीछे का उद्देश्य पशुपालकों की आय में वृद्धि, पशुधन की खुली चराई में रोक लगाकर फसलों की सुरक्षा, द्विफसली क्षेत्र का विस्तार करना, जैविक खाद के उपयोग को बढ़ावा देना, स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान करना, भूमि की उर्वरता में सुधार करना और सुपोषण को बढ़ावा देना है। छत्तीसगढ़ सरकार की गोधन न्याय योजना पूरे देश में लोकप्रिय योजना का रूप ले चुकी है जिसकी प्रशंसा भारत सरकार ने भी की है। इस योजना से ग्रामीण और शहरी इलाकों में गौ पालकों को आमदनी का अतिरिक्त जरिया मिला है।

गोधन न्याय योजना देश दुनिया की इकलौती ऐसी योजना है जिसके तहत छत्तीसगढ़ राज्य के गौठानों में 2 रूपए किलो की दर से गोबर की खरीदी की जा रही है। गौठानों में 15 जून तक खरीदे गए गोबर के एवज में गोबर बेचने वाले ग्रामीणों को 147.06 करोड़ रूपए का भुगतान भी किया जा चुका है।

## मेहनत का फल

## वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन में कांकेर प्रदेश में रहा प्रथम

**गोठान** में वर्मी कम्पोस्ट बनाने को लेकर कांकेर जिला ने पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वर्मी कम्पोस्ट खाद बनाने को लेकर महिलाओं को प्रशिक्षण भी कृषि विभाग से दिया गया है। वर्मी कम्पोस्ट खाद बनाने से महिलाओं को इससे अच्छी आमदानी हो रही है। जितने गोठान में वर्मी कम्पोस्ट खाद का उत्पादन किया गया था। सभी में विक्रय किया गया है। गोठान में वर्मी कम्पोस्ट खाद बनाए जाने को लेकर पूरे प्रदेश में कांकेर जिला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

हर गोठान में प्रत्येक समूह में 10-10 महिलाएं काम कर रही है। कांकेर जिला में 203 गोठान हैं, जिसमें जिले के ग्रामीण क्षेत्र में 197 गोठान हैं। इसमें से 188 गोठान में वर्मी कम्पोस्ट खाद बनाया जा रहा है।

**सबसे अधिक उत्पादन कांकेर विकासखंड में :** सबसे अधिक उत्पादन वर्मी कम्पोस्ट खाद का कांकेर ब्लॉक में हुआ है। कांकेर ब्लॉक में 30 गोठान है। इसमें 1, 73, 854 किलोग्राम का वर्मी कम्पोस्ट बनाकर बेचा गया है। इससे 17 लाख 38 हजार 54 रुपए वर्मी कम्पोस्ट का विक्रय किया गया है।

### 300 रुपए में होता है विक्रय

एक बैग वर्मी कम्पोस्ट का 30 किलोग्राम का रहता है। इसकी कीमत 300 रुपए होता है। इसे किसानों ने अपने खेतों में डालने लिया। विशेषज्ञों के अनुसार यह पूरी तरह से जैविक है और यह कीट प्रकोप को भी समाप्त करने वाला है और जमीन की गुणवत्ता के लिए काफी अच्छा है।

**सबसे ज्यादा कम्पोस्ट खाद हरनगढ़ डोंडे में :** सबसे ज्यादा खाद का उत्पादन और विक्रय कोयलीबेड़ा विकासखंड के हरनगढ़ में 66 हजार 342 किलोग्राम हैं। इसमें 6 लाख 63 हजार 420 रूपया का खाद का विक्रय हुआ है। कांकेर ब्लॉक में ग्राम बारदेवरी गोठान में 18 हजार किलो का खाद का विक्रय हुआ है। इसमें 1 लाख 80 हजार रूपया का वर्मी खाद का विक्रय हुआ है। ग्राम मांदरी के गोठान में 14 हजार 220 किलो का गोठान का विक्रय हुआ है।



सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403